वर्ष : 17 अंक : 242 लखनऊ गुरुवार, 11 सितंबर, 2025    पृष्ठ : 12, मूल्य: ₹4/-

# विश्ववार्ता

www.vishwavarta.com

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

मौसम
सूर्योदय : 5:46
सूर्यास्त : 6:25
अधिकतम : 31:00°
न्यूनतम : 26:00°

ई-पेपर पढ़ने के लिए स्कैन करें हमारा क्यू आर कोड

मूल्य ₹4

नगर संस्करण **





ऐश्वर्या के बाद अब अभिषेक बच्चन पहुंचे ...ली हाईकोर्ट 10

जनता दर्शन में सीएम योगी ने सुनीं 200 लोगों.... 2 | भारतीय संस्कृति के ध्वजवाहक स्वामी... 6 | नेपाल में फंसे दिल्ली और हरियाणा के लोग 12


# नेपाल में सेना ने संभाला मोर्चा, 30 की मौत

## 1000 घायल, 13,500 कैदी फरार, पुलिस से झड़प में पांच नाबालिग कैदी मारे गये

### सुशीला कार्की बन सकती हैं अंतरिम पीएम, भारतीयों की वापसी को स्पेशल फ्लाइट शुरू



एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल में सेना के मोर्चा संभालने के बाद हालात काबू में आते नजर आ रहे है। विद्रोही जेन जेड अब सड़कों की सफाई आदि में जुट गये हैं। सोशल मीडिया बैन और भ्रष्टाचार के खिलाफ तीन दिन से जारी हिंसक प्रदर्शन में 30 लोग मारे गए, जबकि 1000 घायल हुए। सेना ने कल रात 10 बजे देश का कंट्रोल अपने हाथ में ले लिया था, जिसके बाद हिंसक घटनाओं में कमी आई है। नेपाली सेना ने कर्फ्यू को गुरुवार सुबह तक बढ़ा दिया है। इन हिंसक प्रदर्शनों का फायदा उठाकर नेपाल की अलग-अलग जलों से 3 दिन में 13,500 से ज्यादा कैदी भाग निकले। प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद केपी शर्मा ओली ने भी बयान जारी कर हिंसक घटनाओं पर दुख जाहिर किया और इसके पीछे किसी बड़ी साजिश की आशंका जताई। नेपाल में कल नए अंतरिम पीएम के नाम का ऐलान हो सकता है। लोकल मीडिया के मुताबिक, देश की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की का नाम इस रेस में सबसे आगे हैं। उन्हें जेन-जेड का समर्थन हासिल है। सेना मुख्यालय के बाहर अंतरिम नेतृत्व को लेकर जेन-जी युवाओं के बीच बहस और टकराव भी हुआ। 58 प्रतिशत जेन जेड सुशीला कार्की के समर्थन में नजर आये। नेपाली सेना ने कर्फ्यू को गुरुवार सुबह तक बढ़ा दिया है। सुप्रीम कोर्ट भवन में आग लगने के बाद सभी सुनवाई अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई है। त्रिभुवन इंटरनेशनल एयरपोर्ट को अनिश्चितकालीन समय के लिए बंद कर दिया गया। विदेशी यात्री फंसे हुए हैं। धाडिंग जेल तोड़ने की कोशिश के दौरान सेना की गोलीबारी में एक कैदी की मौत हुई और सात घायल हुए। नेपाल में फंसे भारतीयों के लिए एयर इंडिया ने स्पेशल फ्लाइट शुरू की।

नेपाल सेना ने हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बीच संभावित अशांति को रोकने के लिए बुधवार को देशव्यापी प्रतिबंधात्मक आदेश लागू किए और कर्फ्यू घोषित किया। यह कदम तब उठाया गया, जब एक दिन पहले ही सरकार विरोधी हिंसक प्रदर्शनों के कारण प्रधानमंत्री के पी ओली को अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा। प्रदर्शनों के दौरान देश की प्रमुख इमारतों में आगजनी की गई, जिससे पूरे देश में तनाव फैल गया। सेना ने एक बयान में बताया कि प्रतिबंधात्मक आदेश सुबह से शाम पांच बजे तक प्रभावी रहेंगे, और इसके बाद गुरुवार सुबह छह बजे तक कर्फ्यू लागू रहेगा। सेना ने कहा कि प्रदर्शनों की आड़ में लूटपाट, आगजनी और अन्य विनाशकारी गतिविधियों को रोकने के लिए ये कदम आवश्यक हैं।

मंगलवार रात 10 बजे से देशभर में सुरक्षा अभियान की कमान संभालने वाली सेना ने चेतावनी दी कि प्रतिबंधात्मक अवधि के दौरान किसी भी तरह के प्रदर्शन, तोड़फोड़, आगजनी या व्यक्तियों व संपत्ति पर हमले को आपराधिक कृत्य माना जाएगा और उसका उचित तरीके से सामना किया जाएगा। बयान में कहा गया है कि बलात्कार और हिंसक हमलों का खतरा भी बना हुआ है। देश की सुरक्षा स्थिति को देखते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश और कर्फ्यू लागू किया गया है। यह स्पष्ट किया गया कि एम्बुलेंस, दमकल, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और सुरक्षा बलों सहित आवश्यक सेवाओं में लगे वाहनों और कर्मियों को प्रतिबंध और कर्फ्यू के दौरान कार्य करने की छूट होगी।

सेना ने अपने बयान में कुछ समूहों की गतिविधियों पर चिंता जताई है जो कठिन परिस्थितियों का अनुचित लाभ उठा रहे हैं और नागरिकों व सार्वजनिक संपत्ति को गंभीर नुकसान पहुंचा रहे हैं। नेपाल सेना मुख्यालय के एक अधिकारी ने बचाया कि हमने लूटपाट और तोड़फोड़ जैसी किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए अपने सैनिकों को तैनात किया है। उन्होंने बताया कि प्राधिकारियों ने निवासियों को आदेश दिया है कि वे 'अति आवश्यक' होने पर ही घर से बाहर निकलें, ताकि आगे की अशांति को रोका जा सके। इस बीच जेन-जेड के युवा बुधवार को एक बार फिर सड़कों पर उतरे हैं, लेकिन इस बार वजह कुछ और है। बुधवार को ये युवा प्रदर्शन करने नहीं, बल्कि सफाई करने के लिए सड़कों पर उतरे हैं। तमाम अनिश्चितताओं के बीच काठमांडू से कुछ तस्वीरें सामने आई हैं जो उम्मीद की किरण जगा रहे हैं कि नेपाल में एक बार फिर शांति की स्थापना की जा सकती है।

# राहुल गांधी बोले- चुनाव आयोग बन गया तानाशाह

## भाजपा-आरएसएस वाले ओबीसी को बढ़ने नहीं दे रहे



विश्ववार्ता संवाददाता

**रायबरेली।** रायबरेली में राहुल गांधी ने प्रजापति समाज के सम्मेलन में भाजपा और आरएसएस को निशाने पर लिया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा- देश में 90 फीसदी आबादी ओबीसी, दलित और आदिवासियों की है, लेकिन ये भाजपा-आरएसएस के लोग नहीं चाहते कि ये कभी आगे बढ़ें। ये चाहते हैं कि दलित वहीं पर रहे, अंबानी जहां हैं वहीं पर रहें। प्रधानमंत्री मोदी खुद ओबीसी हैं, लेकिन जाति जनगणना पर कुछ नहीं बोलते। मैंने संसद में इस पर सवाल किया तो वे डेढ़ घंटे तक भाषण देते रहे, लेकिन जाति जनगणना पर एक भी शब्द नहीं बोले।

बुधवार सुबह साढ़े 8 बजे राहुल गांधी दिल्ली स्थित अपने आवास से रायबरेली के लिए रवाना हुए। दिल्ली एयरपोर्ट से फ्लाइट लेकर लखनऊ पहुंचे और वहां से सड़क मार्ग से रायबरेली पहुंचे। रास्ते में राहुल गांधी के काफिले को विरोध का सामना करना पड़ा। पीएम को गाली देने के मामले को लेकर योगी सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह अपने समर्थकों के साथ राहुल के रास्ते में धरने पर बैठ गए। राहुल वापस जाओ के नारे लगाए। विरोध प्रदर्शन के चलते राहुल का काफिला करीब 1 किलोमीटर पहले ही रोक दिया गया। राहुल, बटोही रिसॉर्ट में अपने पहले कार्यक्रम में पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा- पहले लोग कहते थे कि दाल में जरूर कुछ काला है, लेकिन किसी के पास कोई सबूत नहीं थे। अब सबूत हैं। वोट चोरी हो रही है। इसे रोकना होगा। विरोध के बाद भी चुनाव आयोग तानाशाही कर रहा है।

राहुल आज और कल यानी 10 और 11 सितंबर को रायबरेली में रहेंगे।

### बच्ची को दी टाफी

राहुल गांधी अपने पैतृक आवास भुएमऊ गेस्ट हाउस से चिल्हिया गांव में पौधरोपण करने जा रहे थे। रास्ते में अचानक उन्होंने गाड़ी रोकी और सड़क किनारे उनके काफिले को देख रही बच्ची को बुलाया और टॉफी दी। राहुल ने बच्ची से बात भी की। बच्ची का नाम लक्ष्मी है, वो 8 साल की है। इससे पहले भी रायबरेली में राहुल गांधी ने प्रोटोकॉल तोड़कर लालगंज में बारबर मिथुन के यहां पहुंचकर बाल कटवाए थे।

### सपा नेता ने राहुल को बताया ब्रह्मा

इधर रायबरेली में राहुल गांधी के दौरे को लेकर सपा लोहिया वाहिनी प्रदेश सचिव राहुल निर्मल बागी का एक पोस्टर चर्चा में हैं। इसमें राहुल-अखिलेश और तेजस्वी को ब्रह्मा, विष्णु, महेश के रूप में दर्शाया गया है। पोस्टर को लेकर राहुल निर्मल बागी ने कहा- जिस तरह राहुल, अखिलेश और तेजस्वी दबे-कुचले लोगों की आवाज बनकर उभरे हैं। निश्चित रूप से वे कलयुग के ब्रह्मा, विष्णु और महेश का अवतार हैं। पोस्टर को लेकर भाजपा प्रवक्ता आनंद दुबे ने कहा- राहुल गांधी, तेजस्वी यादव और अखिलेश यादव राजनीति के इच्छाधारी हिंदू हैं, जो चुनाव आते ही अपना रूप और रंग बदल लेते हैं।

# पीएम मोदी से हूं प्रभावित याद है गंगा : सुशीला कार्की

विश्ववार्ता ब्यूरो

**काठमांडू।** नेपाल में राजनीतिक उथल-पुथल और विरोध प्रदर्शनों के बीच पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की अंतरिम प्रमुख बन सकती हैं। कार्की नेपाल की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश रह चुकी हैं और संभव है कि उन्हें संक्रमणकाल में देश का नेतृत्व करना पड़े। उनके अनुसार, जेन जेड समूह ने जिस तरह आंदोलन किया और उन्हें विश्वास के साथ चुना, यह एक बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सबसे पहले उन परिवारों को सम्मान और सहायता दी जाएगी, जिनके बच्चे इन प्रदर्शनों में शहीद हुए।

पूर्व न्यायाधीश सुशीला कार्की (73) ने भारत के प्रति गर्मजोशी दिखाई और अच्छे संबंधों की उम्मीद जताई। पीएम नरेंद्र मोदी से अपेक्षाओं के सवाल पर उन्होंने कहा कि मैं मोदी जी को नमस्कार करती हूं। कार्की ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम लेकर कहा कि वह उनकी कार्यशैली से प्रभावित हैं। मेरे मन में उनके लिए अच्छा प्रभाव है, मैं उनसे प्रभावित हूं। इस दौरान कार्की ने भारत के अन्य नेताओं की भी तारीफ की, हालांकि किसी का नाम नहीं लिया।



» नेपाल की पूर्व सीजेआई सुशीला कार्की के मन में भारत के प्रति सद्भाव

# नेपाल के बाद फ्रांस में भी हिंसक प्रदर्शन

## बजट कटौती के विरोध में एक लाख लोग सड़क पर उतरे



एजेंसी

**पेरिस।** नेपाल के बाद अब फ्रांस में भी सरकार के विरोध में प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। बजट में कटौती के खिलाफ और राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के इस्तीफे की मांग को लेकर एक लाख से ज्यादा लोग बुधवार को सड़क पर आ गए।

गृह मंत्री ब्रूनो रेतेयो ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने रेन शहर में एक बस को आग लगा दी। दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में एक बिजली लाइन को नुकसान पहुंचने के बाद ट्रेन सेवाएं रोक दी गईं।

गृह मंत्री ने प्रदर्शनकारियों पर विद्रोह का माहौल बनाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। फ्रांस बंद का आह्वान लेफ्ट पार्टियों ने किया है। इस प्रदर्शन को 'ब्लॉक एवरीथिंग' नाम दिया गया। सरकार ने 80 हजार पुलिसकर्मियों को तैनात कर दिया है। अब तक 300 से ज्यादा उपद्रवी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। फ्रांस में बुधवार को हुए प्रदर्शनों में स्थानीय समयानुसार दोपहर 1 बजे तक कुल 300 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें से 171 पेरिस में हुए। करीब 29 हजार लोग इसमें जुटे हैं। सुबह से 106 जगहों पर सड़कें खाली कराई गईं और 105 आगजनी की घटनाएं दर्ज हुईं। चार सुरक्षाकर्मी हल्के रूप से घायल हुए।

प्रदर्शन की मुख्य वजहें हैं राष्ट्रपति मैक्रों की नीतियां। जनता के एक बड़े वर्ग को लगता है कि मैक्रों की नीतियां आम लोगों के हितों के खिलाफ हैं और अमीर वर्ग को फायदा पहुंचाती हैं। सरकार ने खर्चों में कटौती और कल्याणकारी योजनाओं में कमी कर आर्थिक सुधार लागू किए हैं। इससे आम जनता खासकर मध्यमवर्ग और श्रमिक वर्ग पर दबाव बढ़ा है। हाल ही में सेबास्टियन लेकोर्नू को प्रधानमंत्री बनाया गया है। यह दो साल से भी कम समय में पांचवें प्रधानमंत्री हैं। इससे लोगों में अस्थिरता और असंतोष बढ़ गया है। प्रदर्शनकारी चाहते हैं कि उनकी नियुक्ति की शुरुआत से ही सरकार पर दबाव बनाया जाए।

वामपंथी गठबंधन और जमीनी संगठनों ने इस नारे के साथ आंदोलन शुरू किया है ताकि देश में सबकुछ ठप करके सरकार को झुकने पर मजबूर किया जा सके। ये प्रदर्शन ऐसे समय हो रहे हैं, जब फ्रांस के नए प्रधानमंत्री, सेबास्टियन लेकोर्नू अपना कार्यभार संभालने जा रहे हैं।

# हमें अपने संविधान पर गर्व : सुप्रीम कोर्ट

## सीजेआई गवई ने कहा-पड़ोस में नेपाल और बांग्लादेश के हालात देखिये

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक केस की सुनवाई के दौरान नेपाल और बांग्लादेश में हुए तख्तापलट और हिंसक आंदोलन का जिक्र किया है। अदालत ने कहा कि हमें अपने संविधान पर गर्व है। आप देखिए कि पड़ोसी देशों नेपाल और बांग्लादेश में कैसे हालात बने हैं। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बीआर गवई ने यह टिप्पणी राज्यपालों और राष्ट्रपति के लिए बिल पास करने पर टाइमलाइन तय किए जाने को लेकर की। इस मामले में राष्ट्रपति की ओर से रेफरेंस दाखिल किया गया है, जिस पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है और कई दिनों से लंबी बहस जारी है।

आज एक बार फिर से इस मामले में दिलचस्प बहस देखने को मिली। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने राज्यपालों की ओर से विधेयक रोके जाने की जानकारी दी तो वहीं कपिल सिब्बल ने कहा कि 2014 के बाद ऐसे मामले बढ़ गए हैं और उससे पहले ऐसा होता ही नहीं था। इस पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि मैं तो आपकी सरकार की भी तारीफ कर रहा हूं। 1970 के बाद से अब तक डेटा मैंने पेश किया है। इस पर कपिल सिब्बल ने कहा कि आपको तारीफ करनी ही चाहिए क्योंकि 2014 से पहले ऐसा हुआ भी नहीं था। इस पर मेहता ने कहा कि मैंने तो सटीक डेटा दिया है कि कैसे संविधान काम करता है।



इस दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने यह भी कहा कि हम पहले ही कह चुके हैं कि राज्यपाल केंद्र सरकार का एजेंट नहीं होता है। वह एक न्यूट्रल संवैधानिक पदाधिकारी होता है, जो निष्पक्ष होकर ही काम करता है। वह संविधान के अनुसार ही काम करता है और उसके अनुसार फैसले लेने में राज्य सरकार को मदद करता है। वह राज्य सरकार और केंद्र के बीच किसी भी तरह के मतभेद में अहम भूमिका अदा करता है। उन्होंने कहा कि इस बात का तो कोई सवाल ही नहीं है कि गवर्नर केंद्र सरकार के डाकिया के तौर पर काम कर करता है। राज्यपालों से यह अपेक्षा नहीं की जाती है कि वे राज्य सरकार की नीतियों को लागू करें या फिर पॉपुलर मैंडेट के अनुसार काम करें।

### डूंगरपुर कांड में आजम हाई कोर्ट से बेल

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिल गई। डूंगरपुर कांड में हाईकोर्ट ने आजम खान को जमानत दे दी है। इस मामले में आजम खान को दस साल की सजा मिली थी। यह आदेश न्यायमूर्ति समीर जैन ने इस मामले में रामपुर के विशेष न्यायालय एमपी/एमएलए से मिली सजा के खिलाफ दायर अपील के साथ दाखिल जमानत अर्जी पर बुधवार को दिया। कोर्ट ने आजम खाने के साथ ही ठेकेदार बरकत अली की अर्जियों पर एक साथ सुनवाई के बाद पिछले महीने नौ अगस्त को आदेश सुरक्षित कर लिया था। हालांकि जमानत के बाद भी आजम खान के जेल बाहर आने पर अभी संशय बरकरार है।



# अक्टूबर से पूरे देश में शुरू हो सकता है एसआईआर

## चुनाव आयोग ने तेज की तैयारियां, सीईओ से कहा-30 सितम्बर तक तैयार रहें

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग पूरे देश में वोटर लिस्ट को अपडेट करने जा रहा है। ऐसे में वह अक्टूबर से पूरे देश में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान शुरू कर सकता है। सूत्रों के अनुसार, चुनाव आयोग ने सभी राज्यों के सीईओ से कहा है कि वे 30 सितंबर तक जरूरी तैयारी पूरी कर लें। ज्यादातर राज्यों ने कहा है कि वे सितंबर के अंत तक तैयार हो जाएंगे। जल्द ही इसकी औपचारिक घोषणा हो सकती है।

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले ही देशव्यापी एसआईआर की घोषणा हो सकती है। हालांकि, तारीखें तभी तय होंगी जब सभी राज्यों के सीईओ अपनी रिपोर्ट आयोग को सौंप देंगे। चुनाव आयोग का मानना है कि एसआईआर से वोटर लिस्ट अपडेट होगी। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और चुनावी प्रक्रिया पर लोगों का भरोसा भी मजबूत होगा। दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार सहित इलेक्शन कमीशन के सीनियर अधिकारियों की बुधवार को राज्य चुनाव अधिकारियों के साथ मीटिंग हुई।



मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस साल के अंत में असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले एसआईआर शुरू हो सकती है। इसका मुख्य मकसद जन्म स्थान की जांच करके अवैध प्रवासियों को बाहर निकालना है। फरवरी में मुख्य चुनाव आयुक्त का पदभार संभालने के बाद ज्ञानेश कुमार की यह तीसरी बैठक है। इसमें सीनियर अधिकारी जहां आयोग की एसआईआर पॉलिसी पर प्रजेंटेशन देंगे, वहीं बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एसआईआर के क्रियान्वयन में राज्य का एक्सपीरियंस शेयर करेंगे। इससे पहले, चुनाव आयोग ने मंगलवार को बिहार चुनाव आयोग को लेटर भेजकर मतदाताओं की पहचान के लिए आधार कार्ड को 12वें दस्तावेज के रूप में स्वीकार करने का निर्देश दिया। चुनाव आयोग का यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के 8 सितंबर के आदेश के बाद आया है।

सुप्रीम कोर्ट में 8 सितंबर को बिहार में SIR (वोटर वेरिफिकेशन) के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई हुई थी। कोर्ट ने कहा- आधार पहचान का प्रमाण पत्र है, नागरिकता का नहीं। कोर्ट ने चुनाव आयोग को वोटर की पहचान के लिए आधार को 12वें दस्तावेज के तौर पर मानने का भी आदेश दिया।

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि आधार को लेकर अगर किसी तरह की शंका हो तो इसकी जांच कराएं। कोई भी नहीं चाहता कि अवैध प्रवासियों को मतदाता सूची में शामिल किया जाए।

### सोनिया की वोटर आईडी को लेकर फैसला सुरक्षित

**नयी दिल्ली।** भारत की नागरिक बनने से पहले वोटर बनने के आरोपों को लेकर सोनिया गांधी के खिलाफ कार्रवाई की मांग वाली याचिका पर दिल्ली की एक अदालत ने अपना आदेश सुरक्षित रख लिया है। आरोप है कि कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी का नाम भारत की नागरिक बनने से तीन साल पहले ही मतदाता सूची में दर्ज हो चुका था। चुनाव आयोग और बीजेपी के खिलाफ 'वोट चोरी'का आरोप लगा रही कांग्रेस पर इसको लेकर सत्तापक्ष हमलावर रहा है।

दिल्ली की एक अदालत में एडिश्नल चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट ने सोनिया गांधी के खिलाफ कार्रवाई की मांग वाली याचिका पर कहा, 'मैं आदेश सुरक्षित रख रहा हूं।' इस मामले में शिकायतकर्ता विकास त्रिपाठी की ओर से अदालत में पेश होने वाले वरिष्ठ वकील पवन नारंग ने कहा, एक मतदाता के रूप में जोड़ा गया, जब वह भारत की नागरिक नहीं थीं।'

# यूपी से लेकर बिहार तक नेपाल सीमा सील, बॉर्डर पर हाई अलर्ट

## भारतीयों का रेस्क्यू कर रहे, 500 ट्रक फंसे, कई कैदियों को एसएसबी ने पकड़ा

विश्ववार्ता ब्यूरो

लखनऊ। नेपाल में हिंसा और उपद्रव का असर यूपी और बिहार से लगे नेपाली जिलों को चपेट में ले लिया है। महराजगंज से लगे नेपाल वाले हिस्से में बुधवार को फिर से हिंसा भड़क गई। सरकारी दफ्तर को उपद्रवियों ने आग के हवाले कर दिया। कुछ जगह पर तोड़फोड़ भी की गई है।

नेपाल से लगी यूपी की 600 किमी सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई है। नेपाल की जेल से भागे 9 कैदियों को एसएसबी ने हिरासत में लिया है। महराजगंज के सोनौली बॉर्डर से 4 और सिद्धार्थनगर के खुनवा बॉर्डर से 5 कैदियों को पकड़ा है। भारतीय सुरक्षा एजेंसियां कैदियों से पूछताछ कर रही हैं। सिद्धार्थनगर के अलीगढ़वा बॉर्डर पर शाम 5 बजे से सुबह 7 बजे तक कर्फ्यू रहेगा। लखीमपुर, महराजगंज और बहराइच में बॉर्डर सील होने की वजह से भारत के 500 से ज्यादा ट्रक ड्राइवर नेपाल के हिस्से में फंस गए हैं। उन्हें डर सता रहा कि हिंसा में उनके ट्रक न फूंक दिए जाएं।




बुधवार दोपहर महराजगंज के सोनौली बॉर्डर पर भारत की तरफ ट्रकों की 8 किलोमीटर लंबी लाइन लग गई। मंगलवार की बात करें तो सबसे ज्यादा हिंसा लखीमपुर खीरी से लगे धनगढ़ी शहर में हुई। यहां सीमा से महज एक किमी दूर कैलाली जिले के धनगढ़ी शहर में भी हिंसा हुई। यहां भीड़ ने छह बार के पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा के घर को आग के हवाले कर दिया।

वहीं, बहराइच-नेपाल बॉर्डर पर बांके जिले के नेपालगंज शहर में टायर जलाकर प्रदर्शन हुआ था। जमुनहा चौकी पर तोड़फोड़ की। प्रदर्शनकारी भारतीय सीमा में घुसने लगे तो एसएसबी और पुलिस ने उन्हें वापस भेज दिया था।

गोरखपुर में रोडवेज डिपो से नेपाल के सोनौली बॉर्डर जाने वाली बसों की संख्या में अचानक 50 फीसदी तक गिरावट आई है। नेपाल जाने वाली 4 फ्लाइट्स की लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट पर लैंडिंग हुई है। फ्लाइट्स दिल्ली, दुबई और बैंकॉक से काठमांडू जा रही थीं। बहराइच में रुपईडीहा बॉर्डर पर भारतीयों को नेपाल जाने से मना किया जा रहा है। एसएसबी चेक पोस्ट पर सघन चेकिंग कर रही है। बहराइच में रुपईडीहा-नेपाल बॉर्डर पर करीब 150 ट्रक खड़े हैं। कई ट्रक 3 दिन से यहां खड़े हैं। नेपाल में हिंसा के बाद हालात सामान्य हो रहे हैं। बांके जिले की लक्ष्मी चाहती हैं की उनके देश में शांति हो। बांके जिला, यूपी के बहराइच से सटा हुआ है। बिहार के 7 जिलों पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज की इंटरनेशनल बॉर्डर को सील कर दिया गया है।



> नेपाल में पिछले तीन दिनों से जो स्थिति बनी हुई है ,ताज़ा रिपोर्ट के अनुसार अभी मामला वहां खराब है ,परसों से ही हमारे उत्तर प्रदेश के जिलों में एलर्ट जारी है,एसएसबी चौकी थाना सभी एलर्ट है ,चौकी थानों पर संख्या बढ़ाई गई है ,सभी गतिविधियों पर नजर बनाया गया है,जो यात्री नेपाल में है वह इंडिया आना चाहते ,उनका मेसेज मिल रहा है उनको वापस लाने के लिए हम काम कर रहे हैं ,मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर हमारी जो भी व्यवस्थाएं हैं हम वह कर रहे हैं,हमने प्रत्येक जिलों में पुलिस बड़ा दी गई है ,बोर्डर वाले इलाकों पर हमने पुलिस चौकियों पर पुलिस बल और बढ़ाया गया है,नेपाल आवागमन बंद है ,आगे जैसे भी स्थितियां रहेगी वैसे कार्यवाही की जाएगी।
>
> राजीव कृष्ण, डीजीपी

### लैरी एलिसन बने दुनिया के सबसे रईस अरबपति

**नयी दिल्ली।** दुनिया के सबसे रईस अरबपति अब टेस्ला के एलन मस्क नहीं बल्कि ओरेकल के को-फाउंडर लैरी एलिसन हैं। दरअसल, एलिसन की संपत्ति में भारी उछाल आया और उनकी कुल संपत्ति 395.7 अरब डॉलर हो गई है। इसी के साथ एलिसन दुनिया के अरबपतियों की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए। वहीं, टेस्ला के मालिक एलन मस्क दूसरे स्थान पर खिसक गए। बता दें कि एलन मस्क साल 2021 में पहली बार दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने थे। वह लंबे समय तक शीर्ष पर रहे लेकिन बाद में अलग-अलग मौकों पर अमेजन के जेफ बेजोस और एलवीएमएच के बर्नार्ड अरनॉल्ट ने उन्हें पछाड़ दिया। कई बार के उतार-चढ़ाव के बाद एक बार फिर एलन मस्क टॉप पर पहुंचे और करीब एक साल से इस पर बने हुए थे।

## एक नजर

### 310 टैक्सी चालकों को दिया गया प्रशिक्षण, 19 महिला ड्राइवर भी शामिल रहीं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा पर्यटन उद्योग से जुड़े लोगों को प्रशिक्षित करने की निर्णय लिया है। इसी क्रम में वाराणसी में चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ऑटो, टैक्सी और बस चालकों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण मान्यवर कांशीराम इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म मैनेजमेंट (एमकेआईटीएम) के विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में लगभग 310 चालकों ने हिस्सा लिया, जिनमें 19 महिला ड्राइवर भी शामिल रहीं। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से पर्यटन सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार और यात्रियों के अनुभव को और बेहतर बनाया जा सकेगा। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में चालकों को पर्यटकों के प्रति व्यवहार, स्वच्छता, सुरक्षा और शहर की सांस्कृतिक व धार्मिक धरोहर से संबंधित जानकारी दी गई। यह पहल वाराणसी आने वाले पर्यटकों को सकारात्मक अनुभव दिलाने में मददगार सिद्ध होगी। ऑटो, टैक्सी और बस चालकों को स्टोरीटेलिंग (कहानी कहने की कला) के बारे में बताया गया। यात्रा के दौरान चालक कहानियों के माध्यम से पर्यटकों के अनुभव को अविस्मरणीय बनाने में मदद करेंगे। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम ने बताया कि वाराणसी और उसके आसपास के जिलों में पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। घरेलू श्रद्धालुओं से लेकर अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों तक, सभी की अपेक्षाएं बढ़ी हैं। विभाग द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि पर्यटकों की यात्राएं सुरक्षित और यादगार हों। पर्यटक अपने साथ विशेष अनुभव लेकर जाएं।

### बच्चों के आधार में अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट के लिए राज्यव्यापी अभियान

**लखनऊ।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश और उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद् के सहयोग से बच्चों के आधार में अनिवार्य बायोमैट्रिक अपडेट हेतु राज्यव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में विभाग द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को पत्र भेजा गया है। अभियान के अंतर्गत उन बच्चों के लिए अनिवार्य बायोमैट्रिक अपडेट (एमबीयू) पूरा करने पर बल दिया जा रहा है जो 07 वर्ष और 17 वर्ष के हो चुके हैं लेकिन अभी तक अपने आधार में अनिवार्य बायोमैट्रिक अपडेट नहीं कराया है। यह अपडेट आधार के अंतर्गत आवश्यक है। बच्चे अपडेट स्कूल में प्रवेश, प्रवेश परीक्षाओं के लिए पंजीकरण, छात्रवृत्ति का लाभ उठाने, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) योजनाओं और सेवाओं का लाभ उठाने में आधार के निर्बाध उपयोग को सुनिश्चित करता है। माता-पिता/अभिभावकों को सलाह दी जाती है कि वे अपने बच्चों/आश्रितों के बायोमेट्रिक्स को आधार में प्राथमिकता के आधार पर अपडेट कराएं। नजदीकी आधार केंद्र का पता लगाने के लिए : https://bhuvan-app3.nrsc.gov.in/aadhaar/ पर लॉग इन करें।

### संयोजक मनोज कुमार सिंह चौहान ने गांधी आदर्श विद्यालय में भरवाएं फॉर्म

**लखनऊ।** विधान परिषद उप्र में होने वाले स्नातक क्षेत्र से एमएलसी बनने के लिए चुनावी आहट मिलते ही पार्टी के कार्यकर्ताओं ने वोटर लिस्ट में नाम दर्ज कराये जाने हेतु स्नातक उपाधि प्राप्त छात्रों का फार्म भरवाने का कार्य युद्धस्तर पर सभी राजनीतिक दलों के नेताओं ने कैम्प लगाकर फार्म वितरित करके जमा करने की शुरुआत कर दी गयी है। बुधवार को शिक्षक एमएलसी संयोजक व भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनोज कुमार सिंह चौहान ने बंथरा क्षेत्र स्थित अमावां के गांधी आदर्श विद्यालय पहुंचकर शिक्षक एमएलसी चुनाव के लिए फॉर्म भरवाए। इस दौरान विद्यालय संरक्षक व पूर्व जिला महामंत्री कुंवर राजेंद्र सिंह राजू से मुलाकात की गई। फॉर्म भरने की प्रक्रिया में विद्यालय के अध्यापक राधेश्याम सिंह, आरपी सिंह, संजीव गौतम, संतराम, अवधेश पाण्डेय, निमेष पाण्डेय, मयंक श्रीवास्तव, रीता देवी, देश दीपक वर्मा, नरेंद्र कुमार यादव, शिवराति वर्मा, और काजिम सुलेमान शामिल रहे। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के खुशहाल गंज मंडल अध्यक्ष शिव बक्स सिंह चौहान, नवीन मंडल महामंत्री योगेश तिवारी, और बूथ अध्यक्ष बृज मोहन भी उपस्थित रहे। यह आयोजन शिक्षक एमएलसी चुनाव की तैयारियों को गति देने और स्थानीय स्तर पर समर्थन जुटाने के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### सपा लोहिया वाहिनी की सम्पन्न बैठक में स्नातक एमएलसी चुनाव पर विचार विमर्श

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष शशिलेन्द्र यादव की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन कैसरबाग कार्यालय में किया गया। उक्त बैठक का संचालन लोहिया वाहिनी के मीडिया प्रभारी शिवम 'गोलू' ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त', जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान उपास्थित की महत्वपूर्ण उपस्थित बनी रही। बैठक को सम्बोधित करते हुए लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष शशिलेन्द्र यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मा0 अखिलेश यादव के निर्देशानुसार 27 फरवरी से निरन्तर चल रहे विधान सभावार पी0डी0ए0 की चौपालों का आयोजन बूथस्तर पर निरन्तर 2027 तक किया जाता रहेगा। जिसमें पीडीए के सभी मतदाताओं से सम्पर्क स्थापित करके उनके घर व आसपास के उन वोटरों के नाम वोटर लिस्ट में दर्ज कराये जाने पर विशेष जोर दिया जाएगा जिन्होंने अपनी 18 वर्ष की आयु को पूर्ण कर लिया है,वह वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग कर समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सके। शब्बीर खाँन जिला महासचिव सपा ने अपने उद्बोधन में कहा कि आगामी स्नातक एम0एल0सी0 के चुनाव में पार्टी प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाये जाने हेतु लोहिया वाहिनी के प्रत्येक पदाधिकारी को अधिक से अधिक स्नातक मतदाताओं के फार्म भराये जाने के भी निर्देश दिये एवं आगामी विधानसभा चुनाव के लिए 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवा मतदाताओं के ज्यादा से ज्यादा नामों को मतदाता सूची में सम्मिलित कराने के लिये कहा। इस अवसर पर मुख्य रूप से लोहिया वाहिनी के सरोज रावत, पारस यादव, नारेन्द्र पासी के साथ अन्य लोहिया वाहिनी पदाधिकारी मौजूद रहे।

### चौकी इंचार्ज ने युवक को डंडों से पीटा

**लखनऊ।** हुसैनगंज इलाके में दवा लेने निकले एक दलित युवक को पुलिसकर्मियों ने बीच सड़क पर डंडों से बेरहमी से पीटा। बाद में उसे चौकी ले जाकर लात-घूंसे बरसाए और जातिसूचक गालियां भी दीं। घटना का CCTV फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हुसैनगंज निवासी आदर्श मंगलवार देर रात दवा लेने निकले थे। चौराहे पर स्थानीय चौकी इंचार्ज एक सिपाही के साथ पहुंचे। अचानक डंडा निकाल लिया। आदर्श ने बताया कि डंडा देखते ही वह डरकर पीछे हट गया, लेकिन चौकी इंचार्ज ने उसे दौड़ा लिया। सड़क पर ही पीटना शुरू कर दिया। बार-बार दवा लेने की बात कहने के बावजूद पुलिसकर्मी नहीं माने और जमकर पिटाई की। पीड़ित आदर्श ने बताया कि सड़क पर पिटाई करने के बाद भी पुलिसकर्मी उन्हें चौकी ले गए। चौकी ले जाकर डंडों और लात-घूसों से मारा। इस दौरान जातिसूचक गालियां भी दीं। वह लगातार माफी मांगते रहे। पिटाई की वजह पूछते रहे, लेकिन पुलिसकर्मी कुछ भी बताए बिना मारते रहे। वहीं, इंस्पेक्टर हुसैनगंज का कहना है वीडियो कई दिन पुराना है। यह सभी लड़के चौराहे पर बैठकर नशेबाजी करते थे।

# केवल लेसा में लगभग 8000 पद समाप्त करने के निर्णय से बिजली कर्मियों में भारी गुस्सा

## निजीकरण के पहले वर्टिकल सिस्टम के नाम पर हजारों पदों को समाप्त कर बिजली व्यवस्था पटरी से उतारने की साजिश

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने कहा है कि पावर कारपोरेशन का शीर्ष प्रबंधन निजीकरण के नाम पर वर्टिकल सिस्टम लागू कर रहा है और इसके बहाने बिजली कर्मियों के हजारों पद समाप्त किया जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अकेले लेसा में ही 8000 से अधिक पद समाप्त करने का निर्णय लिया गया है।

संघर्ष समिति ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से अपील की है कि वह मनमाने ढंग से हजारों पदों को समाप्त करने के मामले में तत्काल प्रभावी हस्तक्षेप करें अन्यथा पावर कार्पोरेशन प्रबंधन उत्तर प्रदेश की बिजली व्यवस्था ध्वस्त कर देने पर आमादा है। संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों ने बताया कि लेसा में 2055 नियमित पद और लगभग 6000 संविदा कर्मियों के पद मनमाने ढंग से समाप्त कर पॉवर कॉरपोरेशन प्रबन्धन प्रदेश की राजधानी की बिजली व्यवस्था पटरी से उतारने का काम कर रहा है जिसका उपभोक्ता सेवा पर बहुत प्रतिकूल प्रभाव पड़ने जा रहा है। संघर्ष समिति ने बताया की वर्तमान में लेसा में अधीक्षण अभियंता स्तर के 12 पद स्वीकृत है उन्हें घटाकर आठ किया जा रहा है, अधिशासी अभियंता स्तर के 50 पद स्वीकृत है उन्हें घटाकर 35 किया जा रहा है, सहायक अभियंता स्तर के 109 पद स्वीकृत उन्हें घटाकर 86 किया जा रहा है, अवर



अभियंता स्तर के 287 पर स्वीकृत है उन्हें घटाकर 142 किया जा रहा है और टीजी 2 के 1852 पर स्वीकृति उन्हें घटाकर 503 किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त लेखा संवर्ग में अकाउंटेंट के 104 पद हैं उन्हें घटाकर 53 किया जा रहा है, एग्जीक्यूटिव अस्सिटेंट के 686 पद हैं उन्हें घटाकर 280 किया जा रहा है और कैंप असिस्टेंट के 74 पद हैं उन्हें लगभग समाप्त कर 12 किया जा रहा है। संघर्ष समिति ने बताया कि पद समाप्त करने और छटनी के मामले में सबसे बड़ी मार संविदा कर्मियों पर पड़ रही है। संविदा कर्मियों के छह हजार से अधिक पद समाप्त किए जा रहे हैं। संघर्ष समिति ने कहा कि जिस प्रकार मध्यांचल में,लेसा और केस्को में और पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम में हजारों मत समाप्त किये जा रहे हैं उससे बिजली कर्मियों की यह आशंका और बलवती हो गई है की संपूर्ण ऊर्जा क्षेत्र का निजीकरण किया जा जाने वाला है। पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम तो शुरुआत मात्र है। इससे बिजली कर्मियों का गुस्सा और बढ़ गया है। निजीकरण हेतु किये जा रहे उत्पीड़न और पदों को समाप्त करने की कार्यवाही के विरोध में आज प्रदेश के समस्त जनपदों पर बिजली कर्मचारियों ने जोरदार प्रदर्शन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया।

### किसान हित योगी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : कृषि मंत्री

**लखनऊ।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा बुधवार को विधानभवन स्थित सभाकक्ष संख्या-8 में विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, बैंकों तथा कृषि बीमा कम्पनियों के प्रतिनिधियों के साथ किसान क्रेडिट कार्ड एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की प्रगति की समीक्षा की गयी। इसके उपरांत उनके द्वारा राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान में खाद निर्माता कम्पनियों, उर्वरक प्रदायकर्ता कम्पनियों के प्रतिनिधियों तथा होलसेल एवं रिटेलर के साथ भी उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण के संबंध में समीक्षा बैठक की गयी।केसीसी तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने बीमा कम्पनियों तथा बैंकों के प्रतिनिधियों द्वारा केसीसी ऋण और बीमा के कार्य में बरती जा रही लापरवाही पर सख्त नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने 14 सितम्बर, 2025 तक इस संबंध में समस्त आंकड़ों की अद्यतन स्थिति पोर्टल पर अपडेट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केसीसी ऋण तथा बीमा के लंबित प्रकरणों का त्वरित गति से समाधान कर लिया जाए।

# जनता दर्शन में सीएम योगी ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं

## पैसे की कमी से नहीं रुकेगा किसी का भी इलाज : सीएम योगी

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है कि गरीबों की जमीन पर यदि किसी ने कब्जा किया है तो तत्काल जमीन को कब्जामुक्त कराने के साथ दबंगों को कानूनी सबक सिखाया जाए। किसी जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ विधि सम्मत कड़ा एक्शन लिया जाए। सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है।



सीएम योगी बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ सीएम ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ति की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। जनता दर्शन में एक महिला ने दबंगों द्वारा जमीन कब्जा किए जाने की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद प्रशासन व पुलिस के अफसरों को निर्देशित किया कि जमीन कब्जा की शिकायत पर त्वरित एक्शन लिया जाए। जमीन कब्जामुक्त होनी चाहिए यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी दबंग किसी की जमीन पर कब्जा न करने पाए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता वह निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए। बच्ची का एडमिशन कराओ, स्कूल में सबकुछ फ्री है। जनता दर्शन में कुछ लोगों के साथ उनके बच्चे भी आए थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें दुलारकर आशीर्वाद दिया। उनका नाम और स्कूल जाने के बारे में पूछा और अपने हाथों से चॉकलेट देते हुए खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया। जनता दर्शन में अपनी बच्ची के साथ आई एक महिला को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समझाया कि बच्ची का स्कूल में एडमिशन कराओ। स्कूल में सबकुछ फ्री है।

### पारदर्शिता और ई-गवर्नेंस के नाम पर बीजेपी सरकार जुमले देती रही है, लेकिन हकीकत यह है कि भ्रष्टाचार उसी रफ्तार से फल-फूल रहा है : लोकदल

**लखनऊ।** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह जी ने भर्ती पारदर्शिता पर सवाल खड़ा करते हुए कहा है कि भ्रष्टाचार पर नकेल कसने के लिए करोड़ों रुपये खर्च करके बनाया गया मानव संपदा पोर्टल भी भ्रष्टाचार रोकने में पूरी तरह नाकाम साबित हुई। एक्स-रे टेक्नीशियन भर्ती में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा सामने आया, लेकिन हैरानी की बात यह है कि यह पोर्टल, जिसके माध्यम से अधिकारियों का वेतन तक स्वीकृत होता है, गड़बड़ी पकड़ ही नहीं पाया।

लोकदल अध्यक्ष ने आरोप लगाया है कि जब वेतन भुगतान तक पोर्टल से होता है, तो भर्ती में हुए फर्जीवाड़े की जानकारी क्यों नहीं मिली? आखिर पोर्टल बनाने पर जनता के करोड़ों रुपये क्यों बर्बाद किए गए? भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने का दावा करने वाली सरकार की मंशा पर अब जनता क्यों भरोसा करे? भर्ती घोटाले में शामिल अधिकारियों पर तुरंत कड़ी कार्रवाई कब होगी? पोर्टल की उपयोगिता और इसकी निगरानी प्रणाली की उच्चस्तरीय जांच क्यों नहीं? जनता के पैसे का हिसाब सरकार दे कि आखिर यह पोर्टल भ्रष्टाचारियों का सहायक क्यों है?

# सेना ने हमेशा देश का मान सम्मान बढ़ाया है



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को खाद्य प्रसंस्करण, निदेशालय के अधीन कार्यरत संस्था- रीजनल फूड रिसर्च एण्ड एनॉलिसिस सेण्टर (आर-फ्रैक) लखनऊ द्वारा डायरेक्टर जनरल री-सेटेलमेन्ट (रक्षा मन्त्रालय)ट्रेनिंग के तहत स्व-रोजगार हेतु 26 आर्मी, 5 नेवी तथा 1 एयरफोर्स के अधिकारियों/कर्मचारियों को सर्टिफिकेट इन बेकरी एण्ड कन्फेक्शनरी में 16 सप्ताह का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, को अपने कैम्प कार्यालय 7- कालिदास मार्ग पर प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होने खाद्य प्रसंस्करण मे उद्यम स्थापित करने वाले चार उद्यमियो को रू 9 करोड़ से अधिक की धनराशि अनुदान के रूप मे प्रदान किया, जिसका डेमो चेक उप मुख्यमंत्री द्वारा प्रदान किया गया। उन्होंने कुछ उद्यमी मित्रो को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया। उप मुख्यमंत्री ने सेना के अधिकारियो, कर्मचारियों की सराहना की। कहा कि सेना ने हमेशा देश का मान-सम्मान बढ़ाया है उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त किये सभी जवानों को हार्दिक बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी और कहा सेवानिवृत के बाद यह जवान अपना उद्यम लगा सकते है और अपने गांव/क्षेत्र के लोगो के लिये प्रेरणास्रोत बनेगे तथा सेनानिवृत्ति के पश्चात भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत-2047' के संकल्प को साकार करने हेतु उद्योग व स्वावलंबन के माध्यम से राष्ट्र सेवा में अपना प्रेरणादायी योगदान देते रहेंगे। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सबसे पहले सेना, नौसेना एवं वायुसेना के सभी अधिकारियों एवं जवानों का स्वागत और अभिनन्दन किया। कहा कि देश की रक्षा करने वाले वीर सपूतों को नागरिक जीवन में स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षण देना गर्व का विषय है 16 सप्ताह का यह प्रशिक्षण हमारे सैनिक भाइयों के लिए नई रोजगार एवं उद्यमिता की संभावनाओं के द्वार खोलेगा। मा0प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा से उत्तर प्रदेश सरकार खाद्य प्रसंस्करण एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चला रही है।

### कल्याण सिंह अतिविशिष्ट कैंसर संस्थान को प्रदेश सरकार से बहुत सहयोग मिल रहा है : मदन लाल

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** कल्याण सिंह अतिविशिष्ट कैंसर संस्थान अपने विश्वस्तरीय मशीनों, योग्य चिकित्सकों व उच्च स्तरीय सुविधाओं के साथ कैंसर रोगियों के उपचार में उच्च मानक स्थापित कर रहा है। संस्थान की लोकप्रियता बढ़ने से यहां सूदूर स्थानों से आने वाले मरीजों की संख्या बढ़ रही है। यह जानकारी कल्याण सिंह अतिविशिष्ट कैंसर संस्थान के निदेशक प्रो0 मदन लाल ब्रह्म भट्ट ने आज संस्थान में आयोजित एक प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि कैंसर संस्थान में सप्ताह में छः दिन ओपीडी सेवा संचालित है, लगभग 400 मरीज ओपीडी से लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा हमारे सभी संकाय विभाग सक्रिय रूप से संचालित हो रहे हैं। संस्थान में 280 इन्डोर वेड संचालित है, जिसे शीघ्र ही 500 कर लिया जायेगा, इसके साथ ही कैंसर संस्थान में आठ आपरेशन थियेटर के माध्यम से प्रति सप्ताह औसत 12 से 15 सर्जरी की जा रही है। श्री मदन लाल भट्ट ने कहा कि संस्थान के कार्यक्षमता में वृद्धि हेतु लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में वृहत स्तर पर विशेषज्ञ चिकित्सकों व कार्मिकों की नियुक्ति की गयी है तथा उच्च वैश्विक तकनीक पर आधारित अत्याधुनिक मशीनों की खरीद की गयी है। जिन प्रमुख मशीनों की खरीद की गयी है उनमें साइबर नाइफ, पेट सीटी, उच्चस्तरीय ब्रेकीथेरेपी डिजिटल रेडियोग्राफी, युएसजी मशीन के साथ लगभग 5.5 करोड़ की लागत से डीजीटल मेमोग्राफी युनिट का संचालन प्रमुख है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही टेमोथेरेपी, डिजिटल पैथालॉजी, न्यूरोसर्जिकल माइक्रोस्कोप की खरीद की जायेगी। संस्थान में विश्वस्तरीय बल्ड बैंक भी स्थापित किया गया है। श्री भट्ट ने कहा कि संस्थान में चिकित्सा शिक्षा हेतु चार नये विभागों के संचालन के लिए मान्यता ली गयी है तथा शोध व नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आईआईटी जैसे संसथानों से 11 एमओयू हस्ताक्षरित किये गये हैं। उन्होंने मीडिया बन्धू से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि जानकारी के अभाव में जो लोग इधर उधर भटक रहे हैं, उन्हें यहां की सुविधाओं के बारे में अवगत कराकर सुलभ एवं सस्ते उपचार हेतु प्रोत्साहित करें। निदेशक ने बताया कि संस्थान में प्रधानमंत्री राहत कोष, मुख्यमंत्री राहत कोष, आयुष्मान भारत योजना, आसाध्य रोग योजना तथा पं0 दीनदयाल कैशलेस योजना से हजारों की संख्या में रोगी लाभान्वित हो रहे हैं। इन योजनाओं के संचालन में सरकार का अभूतपूर्व सहयोग मिल रहा है। संस्थान इन्फ्रास्टक्चर, मानव संसाधन पर्यावरण व रोगी कल्याण की दिशा में दिन प्रतिदिन प्रगति कर रहा है।

# 60 हजार आरक्षियों का प्रशिक्षण बना प्रदेश का इतिहास

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री उप्र के दृष्टिकोण के तहत पुलिस बल के प्रशिक्षण में अत्याधुनिक तकनीकी ज्ञान से युक्त उच्चतम प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित कराया जाये के क्रम में आज को पुलिस प्रशिक्षण, एक नवीन परिदृश्य कार्यक्रम के तहत पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय, उप्र, लखनऊ द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उप्र पुलिस का ऑनलाइन प्रशिक्षण मैनेजमेंट सिस्टम,कर्मयोगी आईगॉट पोर्टल पर 4 विषयों- साइबर अपराध, विधि विज्ञान, प्राथमिक उपचार, सद्व्यवहार पर पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय द्वारा कर्मयोगी टीम के सहयोग से विकसित प्रशिक्षण कार्यक्रम'' एवं फिजिकल ट्रेनिंग हेतु ''स्मार्ट पीटी टेबल-2025'' का विमोचन मुख्य अतिथि, पुलिस महानिदेशक, उप्र राजीव कृष्णा द्वारा किया गया। इस अवसर पर लखनऊ में नियुक्त समस्त डीजी,एडीजी,आईजी एवं डीआईजी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय, उत्तर प्रदेश की महानिदेशक तिलोत्तमा वर्मा द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रत्येक बिन्दु पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया। उनके द्वारा बताया गया कि ऑन लाइन प्रशिक्षण पोर्टल एक ऐसा प्लेटफार्म है, जहाँ अब प्रत्येक प्रशिक्षु के लिए इनडोर एवं आउटडोर विषयों की समस्त सामग्री पीपीटी, वीडियो, पीडीएफ आदि के माध्यम से हर समय



उपलब्ध होगी। स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा अनुमोदित फिजिकल ट्रेनिंग मैनुअल के रूप में स्मार्ट पीटी टेबल-2025 के माध्यम से प्रशिक्षुओं को वाह्य कक्षीय प्रशिक्षण के तहत शारीरिक दक्षता हेतु अब परम्परागत तरीके के स्थान पर नवीनतम आधुनिक वैज्ञानिक प्रणाली के तहत फिजिकल ट्रेनिंग दी जाएगी। पुलिस बल को आधुनिक तकनीक से युक्त प्रशिक्षण प्रदान करने, तीन नये कानूनों के संबंध में पुलिस बल के प्रत्येक कार्यकारी सदस्य को प्रशिक्षित करने, उत्तर प्रदेश ही नहीं पूरे विश्व के इतिहास में प्रथम बार लगभग 60 हजार की संख्या में आरक्षियों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए यथा समय आवश्यक संसाधन जुटाये तथा उनके गुणवत्तापरक प्रशिक्षण के 2लिए अध्यापक प्रशिक्षक, आईटीआई, पीटीआई प्रशिक्षकों को पर्याप्त संख्या में तैयार किया। प्रदेश में पहली बार पुलिस के चुने हुए कार्मिकों को न्यूट्रीशन एवं शरीर विज्ञान की सम्पूर्ण जानकारी प्रदान करने के साथ फिजिकल ट्रेनर के रूप में उन्हें दक्ष करते हुए हेल्थ कोच बनाया गया एवं बदलते परिदृश्य में पहली बार चुने हुए आईटीआई, पीटीआई प्रशिक्षकों को प्रदेश के बाहर सीआरपीएफ के उत्कृष्ट प्रशिक्षण केन्द्रों में मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया गया साथ ही प्रदेश पुलिस बल के लगभग समस्त पदों से सम्बन्धित प्रशिक्षण हेतु पाठ्यक्रम को संशोधित एवं अपग्रेड किया गया है। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक उप्र ने अपने उद्बोधन में प्रशिक्षण एवं प्रशिक्षण निदेशालय के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज हम इतिहास को बनते हुए देख रहे है, चार लाख के फोर्स में जब इतना क्वांटम एडिशन एक बार में होता है, उस क्वाटंम एडिशन को लाने के बाद उनको हम किस तरीके से इस फोर्स में समायोजित करने के लिए कार्य करते है, वह उस भर्ती से भी ज्यादा महत्वपूर्ण है, जिसके माध्यम से वह यहाँ पर आये है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व, मार्गदर्शन और उनकी दूरदृष्टि से उन्होने ऐसे निर्णय लिए है, जिसके आधार पर प्रशिक्षण निदेशालय ने डीजी प्रशिक्षण के अभूतपूर्व नेतृत्व में ऐसा इन्फ्रास्टेक्चर तैयार किया है, जो अपने आप में ऐतिहासिक है, जो न केवल पूरे प्रदेश की दशा बदलने वाला है, बल्कि पूरे भारत में सर्वश्रेष्ठ है। पुलिस महानिदेशक महोदय ने कहा कि उनकी 10 प्राथमिक्ताओं में प्रशिक्षण का भी विशेष स्थान है। अत्याधुनिक तकनीक होने के बाद भी यदि आपका प्रशिक्षण उच्चकोटि का नही है, तो उसका कोई महत्व नही है। पुलिस कर्मियों के लिए केवल शारीरिक दक्षता ही नहीं, बल्कि तकनीकी ज्ञान, कानूनी समझ और संवेदनशीलता भी उतनी ही आवश्यक है। नियमित और आधुनिक प्रशिक्षण प्रत्येक स्तर के पुलिस अधिकारी को अद्यतन, अनुशासित और जनता की आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशील बनाता है। वर्तमान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 60 हजार आरक्षियों को केवल प्रशिक्षण ही नही कराना है बल्कि प्रशिक्षण को इस स्तर पर ले जाना है कि हमारे पुलिस कर्मी अगले 35, 40 वर्षो तक इस महान पुलिस बल का अभिन्न अंग बनकर नागरिको की सेवा तत्परता और लगन के साथ कर सकें। प्रशिक्षण के दौरान हमे अनुशासन और ईमानदारी दोनो का ख्याल रखना है। पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं पुस्तक का विमोचन करते हुए हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल केवल एक तकनीकी बदलाव नही है यह हमारी सोच हमारी कार्यशैली और हमारे प्रशिक्षण प्रणाली को नई दिशा देने वाली क्रान्ति है, इन नयी व्यवस्थाओं से उप्र पुलिस और अधिक सक्षम, कुशल और प्रभावशाली बनेगा।

**स्वाद उत्तर प्रदेश थीम** योगी सरकार की पहल पर क्राफ्ट और कल्चर के साथ ही कुजीन का भी संगम बनेगा यूपीआईटीएस-2025

# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 : आगंतुक चखेंगे यूपी का स्वाद

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** योगी सरकार की पहल पर आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 इस बार आगंतुकों को केवल प्रदेश के शिल्प और संस्कृति से ही नहीं, बल्कि खानपान की विविधता से भी रूबरू कराएगा।

स्वाद उत्तर प्रदेश थीम के तहत आगंतुक गेट नंबर 3 से लेकर हॉल नंबर 7 तक प्रदेश के हर कोने के व्यंजनों का स्वाद ले सकेंगे। यहां 25 आकर्षक फूड स्टॉल्स लगाए जाएंगे, जहां देसी और विदेशी खरीदारों को यूपी के खानपान की समृद्ध परंपरा का अनुभव मिलेगा। उल्लेखनीय है कि 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे संस्करण का आयोजन होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 को आयोजन का शुभारंभ करेंगे। इस महाआयोजन में आने वाले बायर्स यूपी के स्वाद को भी चख सकेंगे। इसकी वृहद तैयारियां की जा रही हैं। फूड एंड बेवरेज सेक्शन के लिए खास तौर पर 3x3 मीटर आकार के 25 ऑक्टोनॉम स्टॉल्स बनाए जा रहे हैं। इन्हें 75 मीटर x 6 मीटर के विशाल हैंगर के भीतर प्लेटफॉर्म पर सजाया जाएगा। स्टॉल्स को बिजली की पर्याप्त आपूर्ति (100 किलोवॉट लोड) सुनिश्चित की जाएगी ताकि प्रस्तुति और सेवा में किसी तरह की कमी न रहे। ट्रेड शो का यह सेक्शन केवल खानपान तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि यह यूपी के फूड ब्रांड्स और एमएसएमई उद्यमियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने का माध्यम भी बनेगा। "स्वाद यूपी का" सेक्शन में पेश किए जा रहे व्यंजन यूपी के हर जिले की पहचान को वैश्विक मंच पर स्थापित करेंगे। यूपीआईटीएस-2025 में आने वाले विदेशी खरीदारों के लिए यह सेक्शन किसी फूड फेस्टिवल से कम नहीं होगा। यहां वे एक ही जगह पर पूरे प्रदेश के व्यंजनों का स्वाद ले सकेंगे। योगी सरकार का यह प्रयास न केवल गैस्ट्रोनॉमी टूरिज्म को बढ़ावा देगा बल्कि राज्य के छोटे कारोबारियों को भी बड़ा बाजार उपलब्ध कराएगा।

**प्रदेश की रसोई का रंग**

यूपी के हर क्षेत्र का स्वाद इस शो में खास आकर्षण रहेगा। मुरादाबाद का स्वाद : यहां आने वाले लोग मशहूर मुरादाबादी दाल और बिस्कुट रोटी का जायका लेंगे। इसके साथ मुरादाबादी चिकन कॉर्नर भी अलग पहचान बनाएगा।बनारस का स्वाद : बनारसी पान (वर्क वाला, मीठा, चॉकलेट, सादाबाद का और फायर पान) खास आकर्षण होगा। साथ ही दही-जलेबी, दही-इमरती और बनारसी लस्सी आगंतुकों को लुभाएगी।मोदीनगर का स्वाद : मशहूर जैन शिकंजी यहां विशेष पेशकश होगी।आगरा का स्वाद : दुनिया भर में चर्चित पंछी पेठा (अंगूरी, केसर और ड्राई फ्रूट) तो मिलेगा ही, साथ में छोले-भटूरे और मटर कुल्चा भी परोसे जाएंगे।अवध का स्वाद : लखनऊ की मटन-चिकन जुगलबंदी के साथ-साथ अवध के उड़द के फर्रे, निमोना भात, बाजरे की रबड़ी और गुलाब खीर खास पकवान होंगे।मथुरा का स्वाद : यहां मालपुआ और मथुरा का पेठा आगंतुकों को आकर्षित करेंगे।जौनपुर का स्वाद : यहां की देसी रसोई का जायका मिलेगा।अलीगढ़ का स्वाद : पराठों की विभिन्न श्रेणियां लोगों को खूब पसंद आएंगी।खुर्जा का स्वाद : खुरचन और आलू टिक्की लोगों का मन मोह लेंगी।नोएडा का स्वाद : यहां स्पेशल गोजरी थाली परोसी जाएगी।


**कार्यालय ग्राम पंचायत मैरी संग्राम विकास खण्ड मोतिगरपुर, सुलतानपुर**

पत्रांक: मेमो/आपूर्ति /निविदा /2025-26 दिनांक 10/09/2025

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मैरी संग्राम विकास खण्ड मोतिगरपुर, सुल्तानपुर में वर्ष 2025-26 में केंद्रीय वित्त/राज्य वित्त योजना अंतर्गत ईंट (प्रथम श्रेणी), गिट्टी, ईंट गिट्टी, इंटर लॉकिंग ईंट, मोरंग, बालू,सीमेंट,सरिया आदि निविदा आमंत्रित किया जाता है। [illegible]

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1 | राम अवध मौर्य के घर से जगन्नाथ मौर्य के घर तक इंटर लॉकिंग निर्माण कार्य | 460700.00 |

उपरोक्त कार्य हेतु इच्छुक आपूर्ति कर्ता विज्ञापन तिथि से दिनांक 18/09/2025 तक कार्यालय पंचायत भवन [illegible]

**नियम व शर्तें :**
1. आवश्यक नियमानुसार जमा करना होगा।
2. भुगतान चेक/नेफ्ट के माध्यम से खाते में भेजा जाएगा।

**सचिव /प्रधान**
ग्राम पंचायत - मैरी संग्राम
विकास खण्ड - मोतिगरपुर
जनपद - सुल्तानपुर

एकेटीयू का दीक्षांत समारोह

# टॉप 10 सूची में आरआरजीआई के 7 छात्रों ने बनाया स्थान

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** आर.आर. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के छात्रों ने डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय (ए.के.टी.यू.) में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। ए.के.टी.यू. के सत्र 2024-25 के अंतिम वर्ष के बी.टेक पाठ्यक्रम में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले टॉप 10 छात्रों में आर.आर. ग्रुप के 7 छात्रों ने अपनी जगह बनाई है। टॉप रैंकर्स:- श्री स्वर्ण नयनः सिविल इंजीनियरिंग में प्रथम स्थान (रैंक 1) - स्वर्ण पदक- मिस्टर अमन राज मौर्याः बी.आर्च में प्रथम स्थान (रैंक 1) - स्वर्ण पदक- कुमारी अक्षरा श्रीवास्तवः इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में तृतीय स्थान (रैंक 3) - कास्य पदक- कुमारी हंसिका गुप्ताः इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में पंचम स्थान (रैंक 5)- मिस अवंतिका बरानवालः बी-आर्च में छठा स्थान (रैंक 6)- श्री अंकित कुमार गुप्ताः मैकेनिकल इंजीनियरिंग में सप्तम स्थान (रैंक 7)- कुमारी एकता मिश्राः बायोटेक्नोलॉजी में नवम स्थान (रैंक 9)इन छात्रों की इस उपलब्धि पर आर.आर. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन, सचिव और निदेशक ने बधाई दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह उपलब्धि संस्थान की गुणवत्ता और उत्कृष्टता को दर्शाती है, जो छात्रों की मेहनत और समर्पण का परिणाम है।



# कमिश्नर ने जताई नाराज़गी, अधिकारियों के कसे पेंच

## नो-वेंडिंग जोन, अवैध अतिक्रमण हटाने और बसों की पार्किंग व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** लखनऊ मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने बुधवार को कैसरबाग चौराहे और बस अड्डे का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ट्रैफिक, पार्किंग, जलभराव और अतिक्रमण की समस्याओं पर नाराजगी जताई और अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त के साथ लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार, नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। अमीरूदौला लाइब्रेरी के सामने का अवैध अतिक्रमण हटाकर वहां दोपहिया वाहनों की पार्किंग बनाई जाएगी। जलकल विभाग को निर्देशित किया गया कि कैसरबाग चौराहे के आसपास ड्रेनेज और सीवर लाइन की मरम्मत तत्काल शुरू की जाए। चौराहे और बस स्टैंड पर बने पुलिस बूथ को हटाकर दूसरी जगह शिफ्ट किया जाएगा। कैसरबाग से निकलने वाले हर मार्ग पर 50 मीटर तक नो-वेंडिंग जोन और नो-पार्किंग लागू होगा। बार-बार नियम तोड़ने वाले चालकों के लाइसेंस निरस्तीकरण तक की कार्रवाई होगी। वन-वे नियम का सख्ती से पालन कराया जाएगा। आरएम रोडवेज को आदेश दिया गया कि बाराबंकी डिपो की बसें अब कैसरबाग न आएं, उन्हें कमता डिपो पर ही पार्क किया जाए। कैसरबाग अड्डा सिर्फ वन-वे रूट पर संचालित होगा। नगर निगम की ओर से चकबस्त क्षेत्र में बन रही नई मल्टीलेवल पार्किंग का निरीक्षण करते हुए मंडलायुक्त ने तय समय सीमा में कार्य पूरा कर अक्टूबर तक संचालन शुरू करने के निर्देश दिए।



लखनऊ विश्वविद्यालय का 68वां दीक्षांत समारोह

# मेहनत के बल पर ग्रामीण बच्चों ने बनाया मुकाम



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में आज बुधवार को 68वें दीक्षांत समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में यूपी की राज्यपाल और कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने 201 छात्र-छात्रों को मेडल दिए। इनमें 80% मेडल्स छात्राओं को मिले। साथ ही 126254 छात्र-छात्राओं को विभिन्न विषयों की डिग्री दी गई। कन्वोकेशन के दौरान लखनऊ विश्वविद्यालय पूर्व डीजीपी प्रशांत कुमार को मानद उपाधि दी गई। वहीं, समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर वैज्ञानिक सीएसआईआर के पूर्व डीजी शेखर सी। मांडे शामिल हुए। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी समारोह में उपस्थित रहें। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों की 11 पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। समारोह में 139 छात्रा को गोल्ड मेडल, 2 छात्रा को सिल्वर मेडल, 5 छात्रा को ब्रोंज मेडल दिया गया। वहीं, 37 छात्र को गोल्ड, 5 छात्र को ब्रोंज मेडल दिया गया। लखनऊ विश्वविद्यालय की स्थापना के 104 वर्ष में पहली बार तीन विदेशी छात्रों को विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मेडल दिया गया। श्रीलंका, साउथ कोरिया और यमन के छात्रों को मेडल दिए गए हैं। समारोह में साउथ कोरिया की छात्रा की-जू जंग को एमए भाषा में स्वर्ण पदक दिया गया। श्रीलंका के हवा कालू डिसेल्वा को फाइंड आर्ट और यमन के अब्दुल काफी को तीन मेडल दिए गए, उन्हें यह मेडल एमए अरबी भाषा में टॉप करने पर दिया गया। मेडल पाने वाले छात्र-छात्राओं की सूची श्रद्धा यादव, लखनऊ विश्वविद्यालय- 9 मेडल चित्रा साहू, कमला नेहरू कॉलेज, रायबरेली- 8 मेडल रवि चंद, सिटी कॉलेज, लखनऊ- 7 मेडल प्रियांशी यादव, दिव्य कृपाल कॉलेज, हरदोई - 6 मेडल दृष्टि जैन, लखनऊ विश्वविद्यालय- 5 मेडल आस्था श्रीवास्तव, पं। जगन्ननाथ कॉलेज, रायबरेली- 5 मेडल प्रगति मिश्रा, लखनऊ विश्वविद्यालय-5 मेडल आस्था पांडेय, संतोष महाविद्यालय, हरदोई- 4 मेडल नेहा यादव, रघुनंदन सिंह महाविद्यालय, हरदोई- 4 मेडल वीरना तिवारी, लखनऊ विश्वविद्यालय- 4 मेडल सुनैना पाठक, डॉ। आरएमएल कॉलेज, हरदोई - 4 मेडल मनीषा कुमारी, जेएनडीसी कॉलेज, हरदोई - 4 मेडल स्वाती पटेल, फिरोज गांधी कॉलेज, रायबरेली- 4 मेडल रंजना देवी, दिव्य कृपाल कॉलेज, हरदोई- 4 मेडल अभय वर्मा, लखनऊ विश्वविद्यालय- 3 मेडल अर्शमा मिनाई, लखनऊ विश्वविद्यालय- 3 मेडल मानवी चौधरी, लखनऊ विश्वविद्यालय- 3 मेडल सुभूति पांडेय, लखनऊ विश्वविद्यालय- 3 मेडल श्रुति त्रिपाठी, ग्रीन फील्ड कॉलेज, सीतापुर - 3 मेडल दिव्यांशु तिवारी, दिव्य कृपाल कॉलेज, हरदोई- 3 मेडल रश्मि श्रीवास्तव, लखनऊ विश्वविद्यालय- 3 मेडल अनुराधा सिंह, लखनऊ विश्वविद्यालय- 3 मेडल प्रतिभा खत्री, लखनऊ विश्वविद्यालय- 3 मेडल शिखर भारती, शिया डिग्री कॉलेज, लखनऊ- 3 मेडल वैशाली जोशी, लखनऊ विश्वविद्यालय- 2 मेडल साउथ कोरिया की जू जंग, एक मेडल विदेशी छात्र- अब्दुल कफी अबुल्लाह घलेब अहमद अल रफेई, लखनऊ विश्वविद्यालय- 3 मेडल।

## बॉयोकैमिस्ट्री की मेधावी छात्रा अंशिका त्रिवेदी को एलयू में मिले दो गोल्ड मेडल



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में बॉयोकैमिस्ट्री विभाग में एम.एससी में वर्ष 2025 की परीक्षा में सर्वाधिक अंक पाने वाली मेधावी छात्रा अंशिका त्रिवेदी को दो गोल्ड मेडल मिले हैं। बुधवार को संपन्न हुए लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने ये पदक अंशिका त्रिवेदी को प्रदान किए। अंशिका को अपने विभाग सहित पूरे विज्ञान संकाय में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए दो गोल्ट मेडल मिले हैं। उन्हें राज्यपाल ने प्रोफेसर एसके अग्रवाल स्वर्ण पदक और प्रोफेसर एसके कृष्णन स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया है। आईटी कालेज से स्नातक करने के बाद अंशिका ने लखनऊ विश्वविद्यालय के बॉयोकैमिस्ट्री विभाग में परास्नातक में में शैक्षिक सत्र 2023-24 में दाखिला लिया था। लखनऊ विश्वविद्यालय से एम.एससी में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने के बाद अब अंशिका त्रिवेदी का चयन आईआईटी धारवाड़ में शोध के लिए हुआ है। अंशिका के पिता आचार्य अजय त्रिवेदी वरिष्ठ पत्रकार जबकि माता श्रीमती संध्या त्रिवेदी गृहणी हैं।

## एम्स बीबीनगर की कार्यकारी निदेशक बनीं प्रोफेसर अमिता अग्रवाल



**लखनऊ।** तेलंगाना के यादाद्रि-भुवनगिरी ज़िले में स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एआईआईएमएस, बीबीनगर) के कार्यकारी निदेशक पद पर संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआईएमएस) के क्लिनिकल इम्यूनोलॉजी विभाग की प्रमुख प्रोफेसर अमिता अग्रवाल को नियुक्त किया गया है। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने देर शाम यह आदेश जारी किया है। प्रो. अग्रवाल ने वर्ष 1996 में एसजीपीजीआई से अपने करियर की शुरुआत की थी और लगभग 29 वर्षों तक संस्थान में सेवाएं दीं। उन्होंने एमबीबीएस और एमडी (इंटरनल मेडिसिन) एम्स, नई दिल्ली से किया, इसके बाद एसजीपीजीआई, लखनऊ से क्लिनिकल इम्यूनोलॉजी में डीएम की पढ़ाई की। शोध और योगदान प्रो. अग्रवाल का शोध मुख्य रूप से ऑटोइम्यून बीमारियों—जैसे रूमेटॉइड आर्थराइटिस, जुवेनाइल इडियोपैथिक आर्थराइटिस (जे.आई.ए.), ल्यूपस (एस.एल.ई.) और वेस्कुलाइटिस—पर केंद्रित रहा है। उन्होंने भारतीय मरीजों में जे.आई.ए. के अलग स्वरूप की पहचान की और यह स्थापित किया कि देश में एंथेसाइटिस रिलेटेड आर्थराइटिस (ई.आर.ए.) सबसे आम श्रेणी है। उन्होंने ई.आर.ए. के रोगजनन, साइटोकाइन प्रोफाइल और गट माइक्रोबायोम पर गहन शोध किया है। इसके अलावा, ल्यूपस नेफ्राइटिस की रोग-प्रक्रिया को समझने में भी उनके योगदान को वैश्विक स्तर पर सराहा गया है।

# एलडीए ने ई-ऑक्शन में बेची 300 करोड़ रूपये से अधिक की सम्पत्ति

## सीबीडी में 50 करोड़ रूपये का व्यावसायिक भूखण्ड 76 करोड़ रूपये में बिका

● बसंतकुंज योजना में स्कूल भू-उपयोग के 02 भूखण्ड 14-14 करोड़ रूपये में बिके



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण की बसंतकुंज योजना में 02 नये निजी स्कूल बनेंगे। इससे प्रधानमंत्री आवास योजना समेत आसपास के क्षेत्र में रहने वाले हजारों परिवारों के बच्चों को घर के पास ही बेहतर शैक्षणिक सुविधा मिल सकेगी।

एलडीए ने इस बार के ई-ऑक्शन में 300 करोड़ रूपये से अधिक कीमत की व्यावसायिक व आवासीय सम्पत्ति बेची है। इसमें बसंतकुंज योजना के सेक्टर-एन में स्थित 3,500 वर्गमीटर क्षेत्रफल के 02 स्कूल भूखण्ड भी शामिल हैं, जोकि 14-14 करोड़ रूपये में बिके हैं। पारदर्शी प्रक्रिया के तहत कराये गये इस ई-ऑक्शन में निवेशकों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। नतीजा यह रहा कि ई-नीलामी में आरक्षित दर से लगभग तीन गुना अधिक कीमत तक बोली लगी और आवासीय/व्यावसायिक भूखण्डों के अलावा फ्लैट भी बिके। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि ई-ऑक्शन में लगायी गयी आवासीय व व्यावसायिक सम्पत्तियों का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कराया गया, जिससे अधिक संख्या में लोगों को सम्पत्तियों के बारे में जानकारी प्राप्त हो सकी। इसके अलावा सम्पत्ति खरीदने के इच्छुक लोगों को अभियंताओं व कर्मचारियों द्वारा साइट विजिट भी करवायी गयी, जिसके बेहतर परिणाम देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि ई-ऑक्शन में बोली लगाने वाले सभी सफल आवंटियों को जल्द से जल्द आवंटन पत्र निर्गत कर दिये जाएंगे। आवंटियों द्वारा इन सम्पत्तियों पर जो भी प्रोजेक्ट लाये जाएंगे, उसके लिए मानचित्र आदि स्वीकृत करने की समस्त कार्यवाही को सिंगल विन्डो सिस्टम के अंतर्गत निष्पादित कराया जाएगा। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि ई-नीलामी में कुल 50 सम्पत्तियों की बिक्री हुयी है। इसमें गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-4 के आवासीय भूखण्डों पर जमकर बोली लगी और 95 लाख रूपये कीमत का 288 वर्गमीटर का भूखण्ड 2 करोड़ 76 लाख रूपये में बिका। इसके अलावा सी0बी0डी0 में 51 करोड़ रूपये का 5,500 वर्गमीटर व्यावसायिक भूखण्ड 76 करोड़ रूपये में बिका। व्यावसायिक सेल के प्रभारी अधिशासी अभियंता मनोज सागर ने बताया कि गोमती नगर विस्तार स्थित सरयू अपार्टमेंट के 4 बीएचके फ्लैट को भी ई-ऑक्शन में लगाया गया था। इसमें 1 करोड़ 17 लाख रूपये का फ्लैट 1 करोड़ 73 लाख रूपये में बिका है। इसके अलावा पहली बार ई-ऑक्टशन में लगाये गये ट्रांसपोर्ट नगर योजना के 06 भूखण्ड 25 से 30 प्रतिशत की बढ़त पर बिके हैं। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि मोहान रोड पर 785 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित की जा रही अनंत नगर योजना में लगभग डेढ़ लाख लोगों के आशियाने का सपना साकार होगा।

**एलडीएः काकोरी में 03 अवैध प्लाटिंग ध्वस्त :** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर शहर में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ लगातार चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को प्रवर्तन जोन-3 की टीम ने काकोरी क्षेत्र में कार्रवाई। इस दौरान लगभग 15 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही 03 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया।

## एक नजर

### रिकॉवरी एजेंट हत्याकांड का खुलासा, दो गिरफ्तार

**लखनऊ।** थाना बंथरा इलाके के दादूपुर गाँव मे रिकॉवरी एजेंट की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया।पुलिस उपायुक्त दक्षिणी की देखरेख मे थाना पुलिस और सर्विलांस सेल कक संयुक्त टीम ने घटना मे शामिल दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम विवेक सिंह उम्र करीब 34 वर्ष पुत्र स्वर्गीय शिव नरेश सिंह निवासी दादूपुर बंथरा, लखनऊ एवं वासिम अली खान उम्र करीब 35 वर्ष पुत्र एजाज निवासी महेंन, थाना करिमुद्दीन पुर, जिला गाजीपुर, हाल पता गौरी बाजार, सरोजनी नगर, लखनऊ है। बताते है की बीती नौ सितम्बर 25 को दादूपुर मे स्वस्तिक असोसिएटस के रिकॉवरी एजेंट कुणाल शुक्ला उम्र करीब 26 वर्ष का शव बरामद हुआ था। मृतक के भाई की तहरीर पर थाना बंथरा मे मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीमों का गठन किया गया। सर्विलांस व तकनिकी साक्ष्यो के आधार पर विवेक सिंह व वासिम अली खान की संलिप्ता सामने आई। पुलिस पूँछ ताछ मे सामने आया की मृतक कुणाल शुक्ला को विवेक सिंह की पत्नी से प्रेम सम्बन्ध था। इसके अलावा दोनों के बीच पैसो को लेकर विवाद भी चल रहा था। बदनामी और विवाद से परेशान होकर विवेक सिंह ने अपने कर्मचारी वासिम अली खान के साथ मिल कर हत्या की योजना बनाई।आठ सितम्बर की रात विवेक सिंह ने कुणाल को शराबपिलाई और नशे मे सुला दिया।रात करीब साढ़े नौ बजे विवेक ने वासिम को फोन करके बुलाया। वासिम ने ऑफिस मे सो रहे कुणाल पर लोहे के सबबल से कई बार वार कर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद सबबल को बगल के प्लाट मे फेंक दिया। जबकि मृतक का मोबाइल फोन पास के नाले मे फेंक दिया। हत्या में प्रयुक्त लोहे का सबवल वासिम की निशान देहि में बरामद किया गया। साथ ही पुलिस ने खून से सने कपडे भी झंडियो से बरामद किये। पूँछताछ में दोनों आरोपियों ने जुर्म स्वीकार किया।विवेक सिंह ने बताया की मृतक के उसकी पत्नी से सम्बन्ध और पैसो के विवाद के चलते उसने हत्या की योजना बनाई। वासिम ने खुलासा किया की उसे हत्या करने के बदले मकान बनवाने का लालच दिया।मामले मे शुरू मे धारा 103/1 बी एन एस के साथ धारा 238 क /61/2 क़ की बढ़ोत्तरी की गई। पुलिस की इस कार्य वाई से लखनऊ पुलिस ने एक बड़ी हत्या की गुथ्ठी सिलझा कर दो शातिर अपराधियों को जेल भेजनें मे सफलता गसिल की है।

### उन्नाव सांसद साक्षी महाराज पहुंचे लोधी संस्थान

**दुबग्गा।** पारा में मोहान रोड स्थित रानी अवंती बाई लोधी संस्थान में विकास व सामाजिक कार्यों का जायजा लेने बुधवार को उन्नाव सांसद साक्षी महाराज पहुंचे। कार्यक्रम का नेतृत्व वरिष्ठ समाजसेवी हरि सिंह लोधी ने किया। दोपहर में संस्थान में पहुंचे सासंद साक्षी महाराज का कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे हरि सिंह लोधी ने बताया कि सांसद साक्षी महाराज ने संस्थान पर चल रहे सामाजिक कार्यों व विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने लोधी समाज के विकास के लिए चल रहे कार्यों को गति प्रदान करने का आह्वान किया। सांसद ने समाज के साथ खड़े रहने का अपना संकल्प दोहराते हुए एकता की बात की। इस दौरान पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण लोधी ,सत्येन्द्र राजपूत, सुभाष लोधी ,राकेश लोधी समेत तमाम लोधी समाज के लोग मौजूद रहे।

### लखनऊ जिला संगठन का हुआ विस्तार

**लखनऊ।** राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद (रजि.) के जिला कार्यालय, वृंदावन योजना सेक्टर-6 सी, पीजीआई क्षेत्र में बुधवार को लखनऊ जिला संगठन की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्रा ने की। बैठक में प्रदेश संगठन मंत्री दिलीप श्रीवास्तव, प्रदेश सचिव दिलीप शुक्ला और श्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपु विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में लखनऊ जिला संगठन का विस्तार करते हुए नए पदाधिकारियों की घोषणा की गई। इस अवसर पर मुकेश द्विवेदी को जिला संरक्षक, दिलीप कुमार मिश्र को जिलाध्यक्ष, आशीष कुमार तिवारी, हिमांशु रावत और अमन द्विवेदी को जिला महासचिव, रघुनाथ सिंह को जिला प्रभारी, जय शरण शुक्ला को जिला प्रवक्ता और विमल नारायण सिंह को जिला संगठन महामंत्री नियुक्त किया गया। जिला संगठन मंत्री के रूप में दिव्यांशु त्रिपाठी और नासिर बेग, जिला उपाध्यक्ष पद पर पार्थ कुमार, हरिओम दीक्षित, शैलेंद्र शुक्ला शीलू, सुमित पांडे सनी, जिला सचिव पद पर अरुण सिंह, आदित्य दीक्षित,अवनीश पांडे, चाँद मोहम्मद, अशोक मिश्रा, नीरज मिश्रा, सुशलेंद्र यादव, युवराज गौतम और शमशेर सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अतिरिक्त रोहित दीक्षित को जिला मीडिया प्रभारी,गौरव शुक्ला को आईटी सेल प्रभारी, एडवोकेट मुकेश सिंह को विधिक सलाहकार, रिंकू शर्मा को कोषाध्यक्ष,विनीत मिश्रा को सह-कोषाध्यक्ष बनाया गया। कई अन्य पदाधिकारियों को जिला कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शामिल किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिवा मिश्रा ने किया। नए पदाधिकारियों का पुष्पगुच्छ व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि पत्रकारों की सुरक्षा और सम्मान परिषद की सर्वोच्च प्राथमिकता है। संगठन जिले से लेकर गांव स्तर तक पत्रकारों की समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करेगा। जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार मिश्र ने कहा कि लखनऊ जिला संगठन पूरी मजबूती के साथ कार्य करेगा। पत्रकारों की आवाज को दबने नहीं दिया जाएगा।

### छात्रा का बैग और 44,000 रुपये बरामद कर ईमानदारी की पेश की मिशाल

**लखनऊ।** सरोजनीनगर क्षेत्र में ट्रैफिक पुलिस ने बुधवार को त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र आधे घंटे में छात्रा का बैग और 44,000 रुपये बरामद कर ईमानदारी की मिसाल पेश की। बताते हैं कि रायबरेली निवासी ममता द्विवेदी अपनी बेटी प्रिंसी को डिफेंस अकादमी में एडमिशन दिलाने मंगलवार सुबह कानपुर रोड स्थित ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो स्टेशन के पास पहुंचीं। इसी दौरान उनका काले रंग का बैग ई-रिक्शा में छूट गया, जिसमें नगद रकम और एडमिशन संबंधी महत्वपूर्ण दस्तावेज थे। बैग खोने से मां-बेटी निराश होकर पास की ट्रैफिक पुलिस चौकी पहुँचीं।

# मंत्री ने बच्चों के बीच गुजारे डेढ़ घंटे, कहा - खूब पढ़ो

**राम दशरथ यादव**

**लखनऊ।** बाल विकास पुष्टाहार एवं महिला कल्याण विभाग की राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला बुधवार को गोसाईगंज इलाके में डेढ़ घंटे तक बच्चों के बीच मौजूद रही। इस समय में वह दो आंगनवाड़ी केंद्र और एक स्कूल के बच्चों से मिली और उनसे बातचीत कर सवाल पूछे, कविता सुनी। उन्होंने बच्चों से कहा खूब पढ़ो तरक्की करो।



बाल विकास पुष्टाहार एवं महिला कल्याण राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला दिन में करीब साढ़े ग्यारह बजे गोसाईगंज के कासिमपुर गांव के आंगनवाड़ी केंद्र पहुंची। आंगनवाड़ी केंद्र इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में विभागीय भवन में संचालित होता है। आंगनवाड़ी केंद्र पहुंची मंत्री का जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रेयश मौर्य, गोसाईगंज के बाल विकास परियोजना अधिकारी राकेश कुमार, मुख्य सेविका अर्चना पांडेय और प्रधान शिमला देवी ने स्वागत किया। फीता काटने के बाद मंत्री बच्चों से मिली और उनसे पशुओं और फलों की पहचान करवाई। इसके बाद बच्चों के बीच खड़ी होकर ‘पानी आओ पानी आओ, साबुन आओ साबुन आओ’ गतिविधि में शामिल हुई और आंगनवाड़ी कार्यकत्री शांति देवी से पूछा कि यह सब रोज कराती हो न, आंगनवाड़ी ने कहा एस मैम। मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने पूछा वर्कर और बच्चों के लिए कुर्सी मेज है तो बताया गया कि धीरे धीरे सभी केंद्रों पर पहुंच रही हैं। मंत्री की नजर टीवी पर गई तो पूछा टेलीविजन चलता है, कार्यकत्री ने कहा थोड़ी देर चला था। मंत्री द्वारा शिल्पी के पुत्र वैभव को अन्नप्राशन कराया गया और खुशी की गोद भराई हुई। उन्होंने कहा गोद भराई का मतलब है कि ऐसा ही पौष्टिक भोजन लेना है। बच्चों को केला बाटने के बाद मंत्री परिषदीय विद्यालय की कक्षा चार में पहुंची और दिव्या, ज्योति तथा जाह्नवी से कविता सुनी। छात्राओं ने मंत्री को चमक रहा है तेज तुम्हारा बनकर लाल सूर्य मंडल कविता सुनाया और किताब पढ़ी। इसके बाद वह कक्षा चार में पहुंची और छात्र से सात का पहाड़ा सुना। मंत्री ने बच्चों से कहा ठीक से पढ़ाई करो तरक्की करो। उन्होंने प्रधानाध्यापिका आरती राय से कहा बच्चों को ठीक से पढ़ाएं यह घबरा जाते हैं। कासिमपुर में रजनीश त्रिवेदी ने भी मंत्री का स्वागत किया। कार्यकत्री रेखा सिंह भी मौजूद रही। कासिमपुर के बाद मंत्री बाल वाटिका देखने के लिए चार गांव होती हुई मिर्दहाखेड़ा पहुंची। मिर्दाहखेड़ा में बच्चे खिलौनों से खेलते मिले। उन्होंने घोड़े पर बैठे बच्चे को केला दिया और सीडीपीओ राकेश कुमार से कहा सभी को केले बटवा दो। बाल वाटिका में क्षेत्रीय मुख्य सेविका तथा गांव की महिलाएं भी मौजूद मिली। मंत्री प्रतिभा शुक्ला को बताया गया कि स्कूल पेयरिंग के बाद रिक्त स्कूल में बाल वाटिका स्थापित की गई है। मंत्री सभी अधिकारियों कर्मचारियों और शिक्षिकाओं को शुभकामनाएं देती हुई लखनऊ रवाना हो गई।

# डान बोस्को असायलम के बच्चों ने बाल उत्पीड़न पर पेश की नृत्यनाटिका

## ब्रजेश पाठक ने किया कुम्भ डायरीज का विमोचन, एक सांस सबके हिस्से से पर हुई चर्चा

● 22वां राष्ट्रीय पुस्तक मेला : सातवां दिन




**विश्ववार्ता संवाददाता**

लखनऊ। 22वां राष्ट्रीय पुस्तक मेला आधे सफर से आगे निकल चुका है। बलरामपुर गार्डन अशोक मार्ग पर चल रहे किताबों के इस मेले पाठकों का पुस्तक प्रेम उफान पर है। अध्यात्म दर्शन धर्म से जुड़े साहित्य की मांग यहां बुजुर्गों ही नौजवानों में भी दिख रही है।

'यज्ञों से जप करना 10 गुना अच्छा है और बिना शब्द निकाले धीरे-धीरे जप करना सौ गुना और मन में जप करना हजार गुना अच्छा है'- उक्त वाक्यांश पुस्तक मेले में वैदिक साहित्य के स्टाल पर मिल रही आनंद स्वामी की किताब महामंत्र से है। यहां वेद ऋचाओं के साथ ही आर्य समाज का प्रचुर साहित्य है। ओशो मित्र मंडल के स्टाल पर ओशो साहित्य में संभोग से समाधि, नारी और क्रान्ति, अंतर्यात्रा मैं से मुक्ति जैसी पुस्तकों की मांग है। रामकृष्ण परमहंस और विवेकानंद का साहित्य लेकर आए रामकृष्ण मठ के राहुल बताते हैं कि आज के युवा तनाव में रहते हैं। उन्हें विवेकानन्द की ध्यान और उसकी पद्धतियां, पावर्स आफ माइंड जैसी 35 और 12 रुपये की किताबें भा रही हैं। गीता प्रेस के स्टाल पर कई आकार और भाष्यों में गीता और कल्याण पत्रिका के पुराने अंक विशेष हैं। बौद्ध साहित्य और दर्शन से जुड़ी किताबें सम्यक, गौतम जैसे स्टालों पर हैं तो धर्म अध्यात्म की किताबें प्रभात, राजपाल, राजकमल, वाणी, सेतु, सामयिक, सस्ता साहित्य, अनबाउंड स्क्रिप्ट जैसे लगभग हर स्टाल पर हैं।

14 सितंबर को विराम लेने वाले मेले के सातवें रोज बच्चों युवाओं के कार्यक्रम के साथ धीर गंभीर चर्चाएं भी चलीं। दिव्यांश पब्लिकेशंस द्वारा प्रकाशित अमिताभ कुमार की कुम्भ डायरीज एक शोध ग्रन्थ के हिंदी अंग्रेजी संस्करणों का विमोचन एक अन्य किताब के पोस्टर के साथ उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया। लेखक अमिताभ कुमार को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि यह पुस्तक साहित्यिक वैज्ञानिक और ज्योतिष तीनों का संगम है। एक ऐसा शोधग्रंथ जो पाठकों और कुंभ ना नहाने वालों को कुंभ स्नान का सुख देगी। पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक एके सत्पथी की अध्यक्षता में चले समारोह में व्यापार मंडल अध्यक्ष संदीप बंसल, वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष शुक्ल, रेलवे अधिकारी संघ के जितेंद्र सिंह, सूचना आयुक्त मो.नदीम, सर्वेश अस्थाना व नीरज अरोड़ा उपस्थित थे। आज सुबह विजय तन्हा की पुस्तक हिन्द की हिन्दी के विमोचन के बाद ज्वाइन हैंड्स फाउण्डेशन और होली ट्रिनिटी पब्लिकेशन की ओर से मोहनलालगंज डान बोस्को असायलम के बच्चों ने घरेलू और कार्य स्थल पर बच्चों के उत्पीड़न पर हमारी सुनो नृत्यनाटिका प्रस्तुत की। नाटिका में सत्येन्द्र, विवेक, जुमान, विकास, रमेश, दीपक, अली, दीपू, विशाल और अमन रावत ने अभिनय किया। अखिल भारतीय साहित्य परिषद महानगर के तत्वावधान में पायल लक्ष्मी सोनी के काव्य संग्रह एक सांस सबके हिस्से से पर निर्भय नारायण गुप्त की अध्यक्षता व ममता पंकज के संचालन में चली चर्चा में मुख्य वक्ता के साथ विश्वास लखनवी, नरेंद्र भूषण, कमलेश मृदुल, राजीव वर्मा वत्सल व ज्योति किरण ने विचार रखते हुए संग्रह को समकालीन साहित्य की मूल्यवान धरोहर बताया। कार्यक्रम में गिरिराज किशोर, अलका अस्थाना, मनमोहन बाराकोटी, संजीव श्रीवास्तव, माधुरी महाकाश, अर्चना प्रकाश आदि ने रचनाएं पाठ किया। शाम को अविरल सेवा संस्थान की काव्य गोष्ठी में सामाजिक विषयों के साथ श्रंगार रस की रचनाएं छायी रहीं।

**आज के कार्यक्रम 11 सितंबर**

- पूर्वाह्न 11:00 बजे लोकार्पण- अनागत साहित्य संस्थान
- अपराह्न 12.30 बजे दौलतदेवी स्मृति संस्थान का कार्यक्रम
- अपराह्न 2:00 बजे पुस्तक चर्चा- भगवान स्वरूप कटियार
- अपराह्न 3:30 बजे संगोष्ठी- वसुंधरा फाउंडेशन
- शाम 4:30 बजे अच्छे स्वास्थ्य के 51 नुस्खे कार्यक्रम
- शाम 5:30 बजे गोष्ठी- दलित स्त्री लेखन और वर्तमान
- शाम 7.00 काव्य गोष्ठी- आभूषण काव्यात्मक अभिव्यक्ति

शिवरी प्लांट स्थापित कर कचरा प्रबंधन को एक नई दिशा दी और लखनऊ को 41वें स्थान से 3रे स्थान तक पहुँचाया

# नयी सोच, स्वच्छ लखनऊ : कचरे से संसाधन तक

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** हम, सिटी मॉन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस की विप्रो अर्थियन टीम (वैष्णवी शर्मा, अर्नव तिवारी, अन्निका चौरिया, अंश प्रताप सिंह, आर्या बाजपेई, प्रणव शुक्ला) अपनी पर्यावरण समन्वयक सुश्री अरशी आरिफ के नेतृत्व में, समाज को एक महत्वपूर्ण संदेश देना चाहते हैं - कचरा केवल कचरा नहीं, संसाधन है। यदि हम सब मिलकर कचरे को अलग-अलग करके इकट्ठा करना, पुनः प्रयोग, पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण सीख लें, तो लखनऊ को और भी स्वच्छ और हरित बनाया जा सकता है। 31 मई 2025 को लखनऊ की माननीय महापौर सुश्री सुषमा खर्कवाल से हुई हमारी मुलाकात में उन्होंने हमसे आग्रह किया कि हम शहर के लोगों को कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक करें। सचमुच, यह समय की मांग है कि हम अपनी सोच बदलें। भारत की संस्कृति सदियों से स्वच्छता का महत्व बताती आई है - “स्वच्छता ही सेवा है” का भाव हमारे शास्त्रों और परंपराओं में निहित है। आज की पीढ़ी का कर्तव्य है कि हम अपने पूर्वजों के इस मूल्य को आधुनिक रूप देकर अपने शहर को कचरे से मुक्त करें। हमारी टीम ने स्थानीय मोहल्लों और विद्यालयों में नुक्कड़ नाटक और जागरूकता अभियान चलाए। इसके साथ ही हमने शिवरी कचरा प्रबंधन संयंत्र का दौरा कर उसकी पूरी कार्यप्रणाली को नज़दीक से समझा। यह देखना प्रेरणादायक था कि किस प्रकार वैज्ञानिक तकनीकों से कचरे को संसाधनों में बदला जा सकता है।




हमने यह अनुभव स्थानीय समुदाय के साथ साझा किया ताकि लोग समझें कि उनका प्रयास इस बड़े परिवर्तन का हिस्सा बन सकता है। हम हृदय से लखनऊ नगर निगम का धन्यवाद करते हैं, जिन्होंने शिवरी प्लांट स्थापित कर कचरा प्रबंधन को एक नई दिशा दी और लखनऊ को 41वें स्थान से 3रे स्थान तक पहुँचाया। हम अपने संस्थापक आदरणीय डॉ. जगदीश गांधी एवं श्रद्धेय श्रीमती भारती गांधी और निदेशिका सम्मानित श्रीमती गीता गांधी किंगडन के भी आभारी हैं, जिन्होंने हमें समाज में परिवर्तन लाने और जागरूकता फैलाने का मंच प्रदान किया। “परिवर्तन की शुरुआत एक छोटे कदम से होती है।” यदि हर नागरिक जागरूकता के साथ अपने हिस्से का योगदान दे, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए लखनऊ को स्वच्छ, हरित और स्वास्थ्यप्रद बनाया जा सकता है। आइए, नयी सोच को अपनाएँ और कचरे को संसाधन में बदलें। यही हमारे समय का संदेश है, यही आज की पीढ़ी की पहचान है।

## एक नजर

### टेंपो की टक्कर से घायल व्यक्ति की मौत

**बरेली।** थाना सुभाषनगर क्षेत्र के करेली पक्का मोहल्ला निवासी 55 वर्षीय सोमपाल की सड़क हादसे में मौत हो गई। मृतक के भाई हरिओम कश्यप ने बताया कि 7 सितंबर को सोमपाल घर से बरेली के लिए आ रहे थे। गांव के मोड़ पर सड़क पार करते समय टेंपो ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान मंगलवार रात उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके पर मौजूद भीड़ ने टेंपो चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया मृतक की पत्नी हरकली का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार में पांच बेटे और दो बेटियां है। सोमपाल करेली में सरकारी कोटे की दुकान चलाते थे।

### पति एवं ससुराल पक्ष पर जानलेवा हमला

**बरेली।** कैंट थाना क्षेत्र के मंडी नकटिया निवासी वंदना गुप्ता ने थाने में शिकायती प्रार्थना पत्र देकर अपने पति व ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना और जानलेवा हमला का आरोप लगाया है। वंदना गुप्ता का कहना है कि उनके पति अतुल गुप्ता ने 50 लाख रुपये का लोन लिया था। इस कर्ज को चुकाने के लिए वह उन पर दबाव बनाते है कि वह अपने पिता से रुपये लेकर आएं। लेकिन उनके पिता पेंशन से गुजारा करते हैं, इसलिए उन्होंने रुपये देने से मना कर दिया। इसी कारण उनके पति उन्हें लगातार प्रताड़ित करते हैं और कई बार जान से मारने की कोशिश भी कर चुके हैं। इस मामले की रिपोर्ट पहले भी थाना कैंट में लिखाई जा चुकी है। आरोप है कि उनके ससुर मुन्नालाल गुप्ता, सास सुधा गुप्ता और जेठ रवि गुप्ता व अमित गुप्ता, पति अतुल का साथ देकर उन्हें प्रताड़ित करने में सहयोग करते हैं। पीड़िता के अनुसार, 8 सितम्बर को पति अतुल गुप्ता ने चाकू और लोहे की रॉड से उन पर हमला कर दिया और धमकी दी कि "तुझे जान से मार देंगे।" वंदना गुप्ता ने पति और ससुराल पक्ष के खिलाफ कठोर व उचित कार्रवाई की मांग की है।

### बच्चों की बौद्धिक क्षमता बढ़ाने की जरूरत : नरेंद्र



**बरेली।** दिव्यांग जनों को सशक्तिकरण करना प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट है। यह कहना है प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप का। उन्होंने कहा कि वे बुधवार को सर्किट हाउस पहुंचे और उसका निरीक्षण किया। 2 महीने के बाद भी बच्चों का सिलेबस और विषय वार अध्यापक में कमी रही। उन्होंने बच्चों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की भी परख की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि दिव्यांग बच्चों की बौद्धिक क्षमता को बढ़ाने में टीचर्स को विशेष रुचि लेनी चाहिए। उन्होंने सर्किट हाउस में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। उन्होंने आगामी कार्य योजनाओं के विषय में भी विस्तार से चर्चा की। पत्रकारों से वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि पिछड़े वर्ग का उपराष्ट्रपति चुना जाना हमारे लिए गर्व की बात है। इससे पूर्व सर्किट हाउस में विधायक संजीव अग्रवाल ने उनका गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान एम एल सी हरि सिंह ढिल्लों, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, शिवमंगल सिंह राठौड़ भी मौजूद रहे।

### प्रभारी मंत्री ने जनपद में पहुंचकर बाढ़ पीड़ितों को बांटी राहत सामग्री



**पीलीभीत।** प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख ने बुधवार को बाढ़ प्रभावित गावों का दौरा किया और बाढ़ पीड़ितों को मदद का भरोसा दिलाते हुए खाद्यान्न किट का वितरण किया। बुधवार को राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने अमरिया ब्लॉक क्षेत्र के गाँव जोशी कॉलोनी तथा टांडा विजैसी का दौरा किया। इस दौरान श्री औलख ने बाढ़ पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और उनके प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार हर स्तर पर बाढ़ पीड़ित परिवारों की सहायतार्थ तत्पर है। उन्होंने सभी को मदद का भरोसा दिलाते हुए खाद्यान्न किट का वितरण किया। राज्यमंत्री ने जोशी कॉलोनी में 600 और टांडा विजैसी में 296 बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री (खाद्यान्न किट) वितरित की। इस दौरान उन्होंने बाढ़ से नष्ट हुई फसलों का भी जायजा लिया और सभी का सत्यापन कराकर किसानों को उचित मुआबजा दिलाने काआश्वासन दिया। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि बाढ़ से प्रभावित ग्रामों में एंटी लार्वा का छिडकाव कराया जा रहा है तथा साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं। प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वि./रा.), अमरिया एसडीएम, तहसीलदार, बीडीओ सहित ग्राम पंचायत सचिव सहित अन्य जन-प्रतिनिधिगण व ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में कांग्रेस की मुहिम स्वच्छ जल वितरण व एंटीलार्वा छिड़काव

» सबसे बड़ी चुनौती संक्रामक बीमारियों का खतरा : रामजी



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** बाढ़ प्रभावित इलाकों में जनजीवन को पटरी पर लाने और बीमारियों से बचाव के लिए जिला युवा कांग्रेस आगे आई है। सोमवार को युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने काशीराम कॉलोनी, आवास विकास कॉलोनी और आनंद विहार समेत कई प्रभावित क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल वितरण किया और मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए एंटीलार्वा दवा का छिड़काव कराया।

इस मौके पर जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष रामजी अवस्थी ने कहा कि बाढ़ का पानी उतरने के बाद अब सबसे बड़ी चुनौती संक्रामक बीमारियों का खतरा है। डेंगू, मलेरिया और जलजनित रोगों से बचाव के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता युद्धस्तर पर काम कर रहे हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि सभी लोग घर और आसपास साफ-सफाई रखें, केवल स्वच्छ पेयजल का इस्तेमाल करें और मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाएं।

जिला सचिव फरमान खान ने कहा कि बाढ़ के प्रकोप से जूझने के बाद अब जिम्मेदारी है कि शहर को बीमारियों से सुरक्षित रखा जाए।

वहीं युवा नेता शहनवाज खान ने जिला प्रशासन से मांग की कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य सुविधाओं में वृद्धि और दवा छिड़काव सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान जिला महासचिव शिवओम मिश्रा, अयान खान, अंकुर दीक्षित, सुधांशु मिश्रा, शुभम यादव, अमित मिश्रा, सत्यम रस्तोगी, आकाश कश्यप, कुलदीप शर्मा, जितेंद्र पाल, शिवम यादव, अंकुल मौर्य, विशाल, मुकुल, सलमान खान समेत बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लक्जरी लाइफ के चक्कर में बने तस्करों के मोहरे

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** आलीशान जीवनशैली और ऐशो-आराम की चकाचौंध ने युवाओं को नशे के सौदागरों का मोहरा बना दिया है। ताजा मामला मदनापुर थाना क्षेत्र के कुर्दैया गांव के पास अर्खडा सिंह सरदार के झाला का है। यहां के दो युवक पंजाब पुलिस के हत्थे चढ़ गए। श्रीमुक्तसर साहिब पुलिस ने काली स्कॉर्पियो (UP27TH6658) से 3.5 किलो अफीम बरामद की। गाड़ी में सवार गुरबख्श सिंह हुंडल और हर्षदीप सिंह को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा हुआ। दोनों युवकों ने कबूल किया कि वे जलालाबाद क्षेत्र के कुख्यात ड्रग तस्करों के लिए अफीम की खेप पंजाब तक पहुंचाते थे। इनके पीछे एक बड़ा नेटवर्क सक्रिय है, जो स्थानीय स्तर पर नशे का कारोबार चला रहा है। हैरानी की बात यह रही कि इन युवकों के परिवार वालों ने



» मदनापुर के दो युवक 3.5 किलो अफीम संग पंजाब में दबोचे गए

कभी यह जानने की कोशिश नहीं की कि उनकी हाई-फाई लाइफ का असली राज क्या है। पंजाब पुलिस ने साफ किया है कि अब जलालाबाद के उन सरगनाओं पर भी शिकंजा कसा जाएगाजो इस तस्करी गिरोह को परदे के पीछे से संचालित कर रहे हैं। नशे के कारोबार में युवाओं की बढ़ती संलिप्तता समाज के लिए गंभीर खतरे का संकेत बनती जा रही है।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**बरेली।** थाना बहेड़ी क्षेत्र के सिमर भोगपुर निवासी 22 वर्षीय गौतम की सड़क हादसे में मौत हो गई। गौतम के पिता लालता प्रसाद ने बताया कि उनका बेटा बरेली के थाना इज्जतनगर क्षेत्र में 100 फीटा रोड पर किराए के मकान में रहकर पुलिस की तैयारी कर रहा था।

मंगलवार सुबह गौतम दौड़ लगाने के लिए गया था। इसी दौरान फन सिटी के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

गौतम की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मां भागवती का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि गौतम मेहनत से पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहा था।

# एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में बढ़ाई गईं एमबीबीएस की 50 सीट

» चिकित्सकों की संख्या बढ़ाने के लिए सीटों में वृद्धि जरूरी : आदित्य मूर्ति

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बरेली।** गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा और विश्व स्तरीय उपचार के लिए एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज मरीजों के उपचार में अब और भी योगदान देगा। नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) से एमबीबीएस की 50 सीटें बढ़ाने की अनुमति मिलने से यहां मरीजों के इलाज के लिए 200 चिकित्सक समाज को रोग मुक्त करने के लिए तैयार होंगे। यह बात एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर आदित्य मूर्ति ने कही।

आदित्य ने कहा कि मेडिकल कालेज में संसाधनों की उपलब्धता के बाद



एनएमसी ने चार वर्ष पहले नवंबर 2021 में एमबीबीएस की 50 सीटों की वृद्धि की थी। 10 सितंबर एनएमसी ने पत्र भेज कर यहां एमबीबीएस की 50 सीटों की और भी वृद्धि की। इसके लिए एनएमसी और प्रदेश सरकार का आभार। सीटों में वृद्धि कर एनएमसी और प्रदेश सरकार ने जनहित में फैसला किया है। इससे जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की संख्या बढ़ाने में मदद मिलेगी वहीं मरीजों का स्तरीय उपचार भी संभव होगा। चिकित्सकों की संख्या बढ़ाने के लिए सीटों में वृद्धि जरूरी थी।

# स्पोर्ट्स स्टेडियम में हो रहे विकास कार्यों का प्रमुख सचिव खेल मनीष चौहान ने निरीक्षण किया

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** खेल सुविधाओं के विस्तार और खिलाड़ियों को बेहतर मंच देने के लिए स्पोर्ट्स स्टेडियम में हो रहे विकास कार्यों का मंगलवार को प्रमुख सचिव खेल मनीष चौहान व जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने निरीक्षण किया। करीब 39 करोड़ 44 लाख 48 हजार रुपये की लागत से यहां अत्याधुनिक खेल ढांचा खड़ा किया जा रहा है।



निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने निर्माणाधीन एथलेटिक्स सिंथेटिक ट्रैक, तरण ताल, इंडोर कबड्डी हॉल, वॉलीबॉल कोर्ट, हॉकी एस्ट्रोटर्फ, सीसीटीवी, बाउंड्री वॉल, बहुउद्देशीय क्रीड़ा हाल, मुख्य भवन, दर्शक दीर्घा, पवेलियन, सिंचाई हेतु ट्यूबवेल, खिलाड़ियों के लिए 100 लीटर क्षमता वाले दो आरओ प्वाइंट, महिला-पुरुष शौचालय, आंतरिक एप्रोच रोड और सेल्फी प्वाइंट आदि कार्यों का जायजा लिया। प्रमुख सचिव ने निर्माण एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्य तय समयसीमा में और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे किए जाएं, ताकि खिलाड़ियों को शीघ्र ही इनका लाभ मिल सके।

इस मौके पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट जीत सिंह, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी चंचल मिश्रा, परियोजना प्रबंधक बजरंगी कुमार व श्याम कुमार (उप्र प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड), अधिशासी अभियंता चरण सिंह आर्य (उप्र समाज कल्याण निर्माण निगम), ठेकेदार नितेश प्रताप सिंह (बालाजी एसोसिएट) के साथ ही स्टेडियम के प्रशिक्षक मुजाहिद अली, पंकज सक्सेना, शकील अहमद, अनिल मौर्य, निशांत कुमार, इरफान खान, शिव प्रताप तथा बड़ी संख्या में खिलाड़ी मौजूद रहे।

# माधवबाड़ी में मिला प्राचीन शिवलिंग, श्रद्धालुओं की लगी भीड़

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बरेली।** शहर के नई बस्ती माधवबाड़ी स्थित होली चौराहे पर मंगलवार शाम धार्मिक उत्साह का माहौल बन गया, जब मंदिर के पुनर्निर्माण कार्य के दौरान जमीन से एक प्राचीन शिवलिंग मिला। जैसे ही इसकी जानकारी फैली, आसपास के लोग बड़ी संख्या में दर्शन के लिए पहुंच गए और मौके पर ही पूजा-अर्चना शुरू कर दी।

मंदिर कमेटी के सदस्य संतोष कुमार ने बताया कि दुर्गा मंदिर के पीछे बने भोलेनाथ मंदिर में बीते 15 दिनों से मरम्मत व पुनर्निर्माण का कार्य चल रहा था। इसी दौरान जब फर्श को हटाया गया तो मजदूरों ने ईंटों की कई परतें निकालीं। नीचे से करीब सौ साल पुराना शिवलिंग सामने आया। शिवलिंग के प्रकट होते ही वहां मौजूद लोगों ने हर हर महादेव के



» मंदिर में शुरू हुई पूजा-अर्चना, भव्य स्वरूप देने की तैयारी

जयकारे लगाए और दर्शन-पूजन शुरू कर दिया। स्थानीय निवासियों ने इसे क्षेत्र की धार्मिक धरोहर बताते हुए गहरी आस्था जताई। मंदिर समिति ने घोषणा की है कि इस प्राचीन शिवलिंग को विधि-विधान के साथ मंदिर में ही स्थापित किया जाएगा और मंदिर को भव्य स्वरूप दिया जाएगा। देर शाम तक श्रद्धालुओं की कतार लगी रही और चारों ओर जय भोलेनाथ के नारे गूंजते रहे।

# डीएम ने IGRS पोर्टल एवं हेल्पलाइन पर 29 अफसरों से लिया स्पष्टीकरण

## संबंधित अधिकारी निर्धारित अवधि में अपना ठोस एवं संतोषजनक स्पष्टीकरण करें प्रस्तुत

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बरेली।** आईजीआरएस पोर्टल एवं हेल्पलाइन के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ना करने वाले ऐसे अधिकारियों जिनके द्वारा शिकायत का निस्तारण किए जाने के उपरांत शासन से प्राप्त फीडबैक के आधार पर शिकायतकर्ता द्वारा असंतुष्ट फीडबैक दर्ज किया गया है। उक्त प्रकरण के संबंध में जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा गहन असंतोष व्यक्त किया गया है तथा अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब किया गया है कि शिकायतकर्ता की शिकायत को बिना सुने ही निस्तारण कर दिया गया जिसके फलस्वरूप असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त हुआ।

स्पष्टीकरण जारी होने वाले अधिकारियों में चकबन्दी अधिकारी बहेड़ी, फरीदपुर, मीरगंज, उपायुक्त वाणिज्य कर विभाग, अधिशासी अभियंता वि.न.वि.ख. चतुर्थ विद्युत, प्रभारी चिकित्साधिकारी व अधीक्षक (पीएचसीसीएचसी) चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मीरगंज, प्रभागीय वनाधिकारी पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान(डायट), अधिशासी अभियंता नगरीय



द्वितीय विद्युत, अभिहीत अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, सब रजिस्टार स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन नवावगंज, खण्ड विकास अधिकारी ग्राम्य विकास विभाग नवाबगंज, रामनगर, मीरगंज, परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण ग्राम्य विकास विभाग, अधिशासी अभियंता उ०प्र० जल निगम (नगरीय), मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (जिला चिकित्सालय) चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उप जिलाधिकारी राजस्व एवं आपदा विभाग मीरगंज, सहायक विकास अधिकारी पंचायती राज विभाग दमखोदा, बाल विकास परियोजना अधिकारी बाल विकास पुष्टाहार विभाग मीरगंज, सहायक विकास अधिकारी पंचायती राज विभाग दमखोदा, बाल विकास परियोजना अधिकारी बाल विकास पुष्टाहार विभाग मीरगंज, तहसीलदार राजस्व एवं आपदा विभाग नवाबगंज, आंवला, पूर्ति निरीक्षक खाद्य एवं रसद विभाग मीरगंज, जिला प्रोबेशन अधिकारी महिला कल्याण विभाग, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत व पालिका नगर पालिका परिषद फतेहगंज पश्चिमी, सामान्य प्रबन्धक उद्योग, खंड शिक्षा अधिकारी बेसिक शिक्षा विभाग भुता, पशु चिकित्सा अधिकारी पशुपालन भदपुरा सम्मिलित हैं। समस्त संबंधित अधिकारियों से अपेक्षा की गयी है कि निर्धारित अवधि में अपना ठोस एवं संतोषजनक स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें, जिससे प्रकरण की निष्पक्ष समीक्षा की जा सके। अन्यथा की स्थिति में इसे उत्तरदायित्व की अवहेलना मानते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने चेतावनी दी है कि यदि आगे भी इस प्रकार की लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# विद्यालय के औचक निरीक्षण में प्रभारी मंत्री ने जताई नाराजगी, सुधार के दिए निर्देश

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** जिले के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण व दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने सोमवार को तिलहर विकास खण्ड के उच्च प्राथमिक विद्यालय खानपुरा का औचक निरीक्षण किया। विद्यालय में शिक्षण प्रबंधन की स्थिति देखकर मंत्री जी ने नाराजगी जताई और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता को तत्काल सुधार के निर्देश दिए।

मंत्री ने कहा कि विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति सुनिश्चित करना और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने कक्षाओं का निरीक्षण करते हुए बच्चों से संस्कृत, अंग्रेजी और हिंदी की किताबों से



पाठ पढ़वाया। वर्तनी की गलतियां सामने आने पर मंत्री ने स्टाफ को फटकार लगाई और कहा कि शिक्षण कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था और शैक्षणिक गतिविधियों की स्थिति भी परखी। प्रधानाध्यापिका अर्चना व सुषमा तथा अन्य सहायक अध्यापकों से छात्रों की उपस्थिति की जानकारी ली और सख्त निर्देश दिए कि उपस्थिति बढ़ाने के लिए पूरा स्टाफ गंभीरता से प्रयास करे। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में नियमित रूप से प्रतियोगिताएं आयोजित हों, ताकि छात्रों का सर्वांगीण विकास हो सके। इस मौके पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रियंका चौधरी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता, क्षेत्राधिकारी पुलिस सदर प्रियांक जैन समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर किया दुष्कर्म, मुठभेड़ के बाद आरोपी गिरफ्तार

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बरेली।** सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग के बीच जहां लोग नई-नई दोस्ती करते हैं, वहीं कई बार यह दोस्ती अपराध और जालसाजी का माध्यम भी बन जाती है। ऐसा ही एक मामला बरेली के थाना आंवला क्षेत्र का है, जहां इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती एक महिला के लिए अभिशाप बन गई। आरोपी ने झूठी पहचान बताकर महिला से मुलाकात की और उसे बहला-फुसलाकर कार में बैठाकर सुनसान स्थान पर ले जाकर दुष्कर्म किया। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को पकड़ने के लिए टीम गठित की और मुखबिर की सूचना पर जब पुलिस ने उन्हें घेरने का प्रयास किया तो दोनों आरोपियों ने पुलिस पर जानलेवा हमला करते हुए फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों के पैरों में गोली लगी और उन्हें घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया।

**उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया** - बदायूं निवासी एक महिला ने थाना आंवला पुलिस को 9 सितंबर को सूचना दी कि उसकी इंस्टाग्राम पर शानू पुत्र अतीक अहमद निवासी मनौना, थाना आंवला से दोस्ती हुई थी। शानू ने खुद को शनि नाम से परिचय कराते हुए महिला को यह विश्वास दिलाया



कि वह उसकी ही बिरादरी से है। विश्वास में आने के बाद महिला ने उससे मुलाकात के लिए हामी भर दी। महिला ने बताया कि वह मनौना धाम घूमने आई थी, तभी शानू वहां कार से पहुंचा। कार उसके साथी आरिफ पुत्र शब्बीर निवासी मनौना चला रहा था। शानू ने महिला को कार में बैठाया और फिर उसे बिसौली रोड पर सुनसान इलाके में ले गया। वहां उसने जबरन दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने तत्काल, धारा 70(1)/351 (3) भारतीय न्याय संहिता (BNS) एवं 3(2)(V) एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी साउथ सुश्री अंशिका वर्मा, सीओ आंवला और प्रभारी निरीक्षक आंवला ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित कर दी।

टीम तलाश में जुटी ही थी कि थाना आंवला पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दुष्कर्म के आरोपी शानू और उसका साथी आरिफ घटना में प्रयुक्त वैगनआर कार के साथ रेवती मोड़ के पास मौजूद हैं और फरार होने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने बिना देरी किए मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर दी। जैसे ही पुलिस ने आरोपियों को रोकने का प्रयास किया, दोनों ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की। इस मुठभेड़ में शानू व आरिफ के पैर में गोली लगी। दोनों को घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने मौके से 315 बोर के 2 तमंचे, 2 खोखा कारतूस, 4 जीवित कारतूस, 1 मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त वैगनआर कार बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों को उपचार हेतु अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि उनके खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई आगे बढ़ाई जा रही है।

## एक नजर

### युवती को लेकर युवक हुआ फरार

**बरेली।** बारादरी थाना क्षेत्र के जोगीनवादा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसकी लगभग 18 वर्षीय बहन को सलमान पुत्र अनवर निवासी शाहनूरी मस्जिद के पास, अल्वी चौराहा बहला-फुसलाकर ले गया है। परिजनों का कहना है कि इस मामले में सलमान के घरवाले भी शामिल हैं। इसके अलावा सलमान का खलेरा भाई अमन निवासी ग्राम दडिया, थाना नवाबगंज को भी पूरी जानकारी थी। पीड़ित पक्ष ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बहन की तलाश कराए जाने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### फांसी लगाकर युवती ने दी जान

**बरेली।** थाना भोजीपुरा क्षेत्र के पटरी गांव निवासी 18 वर्षीय क्रांति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। क्रांति के दादा रामस्वरूप ने बताया कि वह बरेली के थाना इज्जतनगर क्षेत्र में मिनी बायपास के पास स्थित एक गोदाम में चौकीदारी की नौकरी करते हैं और पास ही किराए के मकान में रहते हैं। मंगलवार शाम सभी परिजन अपने-अपने काम पर थे। इसी दौरान क्रांति ने कमरे में रस्सी से फांसी लगाकर जान दे दी। जब परिजन घर लौटे तो घटना का पता चला। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी गांव में पहुंचते ही कोहराम मच गया। मृतका की मां का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि क्रांति पांच भाई-बहनों में सबसे बड़ी थी।

# कॉपर-टी के बावजूद भी महिला हुई गर्भवती, तीन बच्चों को दिया जन्म, डीएम से शिकायत

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**पीलीभीत।** कॉन्ट्रासेप्शन के विकल्प के रूप में कॉपर-टी का चुनाव बहुत फायदेमंद है, क्योंकि इसके प्रयोग से तीन से पांच साल तक गर्भ नहीं ठहरता। यह दावा सिर्फ हबा-हबाई है। यह हम नहीं कह रहे बल्कि कॉपर-टी लगबाने के बाद भी तीन बच्चों को जन्म देने बाले दंपत्ति चीख-चीख कर इस दावे को खोखला साबित कर रहे हैं। पांच बच्चों के भरण-पोषण के बोझ तले दबे दंपत्ति ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाईं है।

थाना न्यूरिया क्षेत्र के गाँव रूपपुर सैजना निवासी देवेन्द्र कुमार पुत्र भिकारी लाल बुधबार को अपनी पत्नी और एक साथ जन्में तीन नवजात शिशुओं सहित पूर्व से जन्में दो बच्चियों को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचा। जिलाधिकारी को संबोधित पत्र में देवेन्द्र कुमार ने बताया कि उसने अपनी पत्नी



ममता देवी के जिला महिला चिकित्सालय से 18 दिसंबर 2021 को कापर आई.सीडी लगवाई थी, जिसकी क्रम संख्या 5928 है। आरोप लगाते हुए देवेंद्र कुमार ने कहा कि 12 जून 2023 को उसकी पत्नी कापर टी की जांच कराने अस्पताल गई तो नर्स द्वारा पैसे की मांग की गई। पैसे न देने पर बिना जांच किये ही बताया गया कि वह गर्ववती है। 17 जून 2023 को उसने अपनी पत्नी का अल्ट्रासाउड कराया तो पता चला कि उसकी पत्नी गर्भवती नहीं है। अल्ट्रासाउड रिर्पोट को लेकर ममता महिला चिकित्सालय पहुंची। वहां की महिला डॉक्टरो द्वारा बताया गया कि उसके कांपर टी लगी हुई है चिन्ता की कोई बात नही है। वह 10 साल तक सुरक्षित है और जांच कराने की भी कोई आवश्यकता नही है। 16 दिसंबर 2024 को ममता देवी के पेट में दर्द हुआ तो पति पति देवेंद्र कुमार उसे लेकर महिला चिकित्सालय पहुँचा और पूरी बात बताई। आरोप है कि उसकी किसी ने नहीं सुनी और यह कहकर वापिस भेज दिया कि कापर टी लगाने पर कभी-कभी दर्द की समस्या उत्पन्न हो जाती है, परन्तु जब अल्ट्रासाउड कराया गया तो ममता देवी गर्भवती निकली और उसके गर्भ में तीन बच्चे पल रहे थे। पीड़ित दंपत्ति का आरोप है कि उन्होंने जिला अस्पताल के कई चक्कर लगाए, लेकिन कोई सुनवाई नही हुई और 27 जुलाई 2025 को ममता ने तीन बच्चों को जन्म दिया। पूर्व से दो बच्चियों के पालन-पोषण के बोझ तले दबे दंपत्ति ने संयुक्त महिला अस्पताल के डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मामले की जांच कराकर कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

### कॉपर टी के बाबजूद भी महिलाएं क्यों हो जाती हैं गर्भवती

दिल्ली की महिला एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. सरिता के अनुसार कॉपर-टी के बावजूद गर्भधारण की कई वजहें हैं। कई बार हैवी पीरियड्स के साथ कॉपर-टी भी शरीर से बाहर आ जाती है या अपनी जगह से सरक जाती है। कई बार ऐसा भी होता है कि कॉपर-टी खिसक कर पेट या आंतों में फंस जाती है, ऐसी स्थिति में सर्जरी करानी पड़ती है। सबसे नुकसानदायक वह स्थिति होती है जब प्रेग्नेंसी की बात बहुत देर से पता चलती है और तब गर्भपात कराना संभव नहीं होता। ऐसी स्थिति में गर्भाशय में शिशु भी होता है और कॉपर टी भी, जिससे इंफेक्शन, मिसकैरेज, प्रीमैच्योर डिलीवरी की संभावना बढ़ जाती है। कई बार कॉपर-टी की एक्सपायरी डेट निकल जाती है और महिला को याद ही नहीं रहता, ऐसी स्थिति में प्रेग्नेंसी और इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। महिलाओं को हर स्टेज में अपने पीरियड्स की जांच करते रहना चाहिए। भले ही आपके पीरियड्स रेगुलर न हों, तब भी पीरियड्स रुकने पर दूसरे महीने में प्रेग्नेंसी टेस्ट जरूर कर लेना चाहिए। यदि गर्भ ठहरने की बात जल्दी पता चल जाती है तो सिर्फ गोली खाकर प्रेग्नेंसी को रोका जा सकता है, लेकिन देर होने पर कुछ नहीं किया जा सकता।

# धर्मांतरण मामला : आरोपी महमूद बेग से पूछताछ जारी, कई राज उगले

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बरेली।** रविवार को पुलिस ने महमूद बेग को गिरफ्तार कर लिया था। उसको कोर्ट में पेश करने के बाद पुलिस ने उसे रिमांड पर लिया था। पुलिस ने उसको रिमांड पर लेने के बाद उससे कई महत्वपूर्ण जानकारी हासिल की है। पुलिस इस मामले में अन्य लोगों को भी रडॉर पर ले सकती है। पुलिस इस मामले में अन्य कई साक्ष्य भी जुटा चुकी है।

बताते चलें थाना भुता क्षेत्र के फैजनगर में एक अवैध मदरसा चलाया जा रहा था। जहां कथित तौर पर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। पुलिस जांच में सामने आया कि पहले पीड़ित को प्रभावित किया जाता था, फिर उन्हें लड़किया उपलब्ध कराई जाती थीं और इसके बाद खतना और कलमा पढ़वाकर धर्म परिवर्तन कराया जाता था। यह मामला अलीगढ़ की रहने

» कई लोग आ सकते हैं पुलिस के रडार पर

वाली अखिलेश कुमारी की शिकायत के बाद सामने आया था। उसने बताया था कि उसके बेटे प्रभात उपाध्याय को जन्म से कम दिखाई पड़ता था। उसने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से एमफिल, हैदराबाद सेंट्रल यूनिवर्सिटी से पीएचडी की। फिर उसकी जॉब अलीगढ़ के राजकीय इंटर कालेज में लग गई थी। धर्मांतरण गैंग के सदस्यों ने बेटे का ब्रेनवॉश कर दिया। इसके बाद उसने इस्लाम धर्म अपना लिया और मुस्लिम बन गया। वह 15 अगस्त से लापता था। उसके बाद हरकत में आई पुलिस ने गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। पांचवे आरोपी महमूद बेग को पुलिस ने गिरफ्तार का हाईकोर्ट के सामने पेश किया था।

## एक नजर

### मजदूरों को अधिकार दिलाने का संगठन का आह्वान

**बांदा।** असंगठित मजदूर मोर्चा की बैठक में शिक्षित बेरोजगार, दलित, गरीब, अल्पसंख्यक मजदूरों की स्थिति पर चर्चा की गई। बिसंडा ब्लाक के लौलीटीका मऊ गांव में असंगठित मजदूर के तत्वाधान में आयोजित जागरूकता बैठक में मजदूरों को बताया गया कि सभी मजदूर श्रम विभाग में अपना पंजीकरण कराकर योजनाओ का लाभ लें। मजदूरों का पलायन रोकने के लिए शासन द्वारा चलाई जा रहीं रोजगा संबंधी योजनाओं की जानकारी दी गई। जिलाध्यक्ष ज्ञानेश्वर प्रसाद ने कहा कि आवश्यकता पड़ी तो सड़क पर उतरकर मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की जाएगी। मोर्चा के गठन का उद्देश्य असंगठित क्षेत्र में कार्यरत मजदूरों को शोषणमुक्त करना है। हाईपावर द्वारा निर्देशित सुविधा को उपलब्ध कराने की दिशा में मोर्चा लगातार प्रयासरत है। जिला मंत्री शिवकुमार ने कहा कि आज भी बड़ी संख्या में मजदूर जानकारी के अभाव में सरकार द्वारा प्रदत्त कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने मजदूरों को संगठित करने और उन्हें जागरूक करने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में एक सैकड़ा से ज्यादा मजदूरों ने भागीदारी की।

### अवैध खनन को लेकर बालू चोरों पर एफआईआर

**नरैनी।** कोतवाली क्षेत्र के रिसौरा गांव से बहने वाली केन नदी पर बालू माफिया की बुरी नजर लगी हुई है। वर्षाकाल में प्रतिबंध के बावजूद भी लोग बालू का अवैध खनन करने से बाज नहीं आ रहे हैं। बीती शाम खनिज और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने रिसौरा के केन तट पर छापा मार कार्रवाई की तो वहां का नजारा देखकर अवाक रह गए। मौके पर अवैध खनन के 10 अवैध खनन पिट पाए गए, जहां से कुल 4694 घनमीटर बालू का अवैध खनन मिला। हालांकि जांच टीम को वहां पर कोई भी खनन उपकरण या वाहन आदि नहीं मिले। टीम ने फोटोग्राफी कर साक्ष्य संकलन किया और कोतवाली में तहरीर देकर अज्ञात बालू चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। कोतवाली पुलिस ने खान अधिकारी गौरव गुप्ता की तहरीर के आधार पर लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम की धारा 3 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### प्रोन्नत होकर डीएसपी बने निरीक्षक राजेश



**बांदा।** जनपद में नियुक्त निरीक्षक राजेश नारायण को पदोन्नति पाकर पुलिस उपाधीक्षक बन गए हैं। एसपी समेत सहायक एसपी ने उनके कंधों पर सिल्वर स्टार लगाकर प्रोन्नत की शुभकामनाएं दीं। जिले में तैनात रहे राजेश नारायण मूल रुप से कानपुर के रहने वाले हैं। वर्ष-1998 में जनपद लखनऊ से उप निरीक्षक पद पर भर्ती हुए थे। वह वर्ष 2015 में निरीक्षक पद पर पदोन्नत हुए। अब तक वह रायबरेली, लखीमपुरखीरी, प्रयागराज, कौशांबी तथा प्रतापगढ़ में सेवा दे चुके हैं। वर्ष-2021 से वह जनपद में नियुक्त हैं। तथा इस दौरान वह प्रभारी निरीक्षक जसपुरा तथा प्रभारी क्राइम ब्रांच के दायित्वों का भी निर्वहन कर चुके हैं। बुधवार को शासन स्तर पर डीपीसी के बाद प्रोन्नति मिलने और पुलिस उपाधीक्षक बनने के बाद पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल व सहायक पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी नगर माविस टक ने राजेश के कंधे पर सिल्वर स्टार लगाकर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

### जन्म देने के बाद प्रसूता की हालत बिगड़ी, मौत

**बांदा।** घर पर प्रसव होने के बाद प्रसूता की अचानक हालत बिगड़ गई। कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। मृतका की मां ने दामाद पर इलाज कराने में लापरवाही का आरोप लगाया है। कालिंजर थाना क्षेत्र के भारतपुर गांव निवासी सरिता (18) पत्नी हीरामन सात माह से अपनी नानी बूटूबाई के घर अमिलिहा पुरवा मन्ना में रह रही थी। मंगलवार की सुबह प्रसव पीड़ा हुई उसने घर पर ही बच्चे को जन्म दिया। प्रसव के कुछ देर बाद ही उसकी हालत बिगड़ गई। घरवाले उसे लेकर रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज आए, जहां उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। कोठला पहाड़ (सतना) निवासी मृतका की मां रामबाई ने बताया कि उसकी बेटी ने पिछले वर्ष प्रेम विवाह किया था। गर्भवती होने के बाद नानी के यहां रह रही थी। दामाद हीरामन ने उसकी बेटी का कोई ध्यान नहीं दिया। दामाद की लापरवाही से उसकी बेटी की मौत हुई है।

### सर्पदंश से बालक की मौत, तीन भर्ती

बांदा। बदौसा थाना क्षेत्र के पौहार गांव के मजरा जमुनिहा पुरवा निवासी विजय (9) पुत्र राजाभइया मंगलवार की शाम घर के आंगन में खेल रहा था। अंधेरा होने के कारण उसने सर्प के ऊपर पैर रख दिया। जिससे सर्प ने उसके पैर में डस लिया। बालक के चीखने पर परिजन मौके पर पहुंच गए। घरवालों ने ओझाओं को बुला कर झाड़फूंक करवाई। लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ। उसे तत्काल सीएचसी अतर्रा लाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। उधर, देहात कोतवाली क्षेत्र के पथरी गांव निवासी संतोष सिंह (40) पुत्र लक्ष्मी सिंह को बुधवार की दोपहर खेत में काम करते समय सर्प ने डस लिया। इसी तरह बिसंडा थाना क्षेत्र के अलिहा गांव निवासी निर्मला देवी (35) पत्नी चुन्नू को बुधवार की दोपहर कमरे के अंदर सामान निकालते समय सर्प ने डस लिया। मटौंध थाना क्षेत्र के दुरेड़ी गांव निवासी स्वाती (10) पुत्री बहोरी बुधवार की दोपहर कमरे के अंदर खेल रही थी। तभी सर्प ने उसे डस लिया। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# आरआरसी सेंटर में लगी लोहे की जाली व एंगल उखाड़ ले गए अराजकतत्व

» ग्राम प्रधान व सचिव ने कोतवाली में दी तहरीर

## अराजतत्वों ने सेंटर में तोड़फोड़ कर लाखों रुपये का किया नुकसान



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**नरैनी।** आरआरसी सेंटर में अराजक तत्वों ने तोड़फोड़ करते हुए लाखों रुपये का नुकसान किया। साथ ही सेंटर में लगी लोहे की जाली और एंगल उखाड़ ले गए। ग्राम प्रधान और सचिव ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करते हुए कार्रवाई की मांग की।

प्रदेश सरकार जहां नगरीय इलाकों के साथ ही गांवों को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए गांव-गांव, शहर-शहर कूड़ा कलेक्शन वाहन चलाने और एकत्र कचरे का आरआरसी सेंटरों में निस्तारण करने को लेकर अभियान चला रही है। गांवों में कूड़ा निस्तारण के लिए आरआरसी सेंटर स्थापित किए गए हैं। लेकिन गांवों के अराजकतत्व लाखों की लागत से बने आरआरसी सेंटरों में लगे सामान को क्षतिग्रस्त करने से बाज नहीं आ रहे और उन्हें नुकसान पहुंचा रहे हैं।

ताजा मामले में कोतवाली क्षेत्र के बरकोलाकलां में आरआरसी सेंटर को अराजकतत्वों ने क्षतिगस्त कर दिया और लोहे की जाली व एंगल उखाड़कर ले गए हैं। ग्रामीणों की मानें तो बरकोलाकलां गांव इन दिनों अराजकता का अड्डा बनता जा रहा है। शाम होते ही गांव के बाहर बनी पानी टंकी के पास रोजाना अराजकतत्व देर शाम तक बैठकर शराब पार्टी करते हैं। कई बार ग्राम प्रधान सहित अन्य ग्रामीणों ने अराजकतत्वों को भगाया। मंगलवार की रात टंकी के पास निर्मित कचरा प्रबंधन केंद्र आरआरसी सेंटर में अराजकतत्वों ने जमकर तोड़फोड़ करते हुए लाखों रुपये का नुकसान किया। लोहे की जाली और एंगल उखाड़ कर अपने साथ ले गए। ग्राम प्रधान के मुताबिक अराजकतत्वों ने लगभग दो लाख से अधिक की क्षति की है। ग्राम प्रधान राजकुमार और पंचायत सचिव शशि पांडेय ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

# मोहल्लेवासियों को किया स्वच्छता के प्रति जागरूक



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बांदा।** नगर पालिका के वार्ड नंबर 31 इंदिरा नगर में बुधवार को मोहल्लेवासियों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभासद राममिलन तिवारी ने मोहल्ले को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए मोहल्ले के लोगों का सहयोग मांगा। कहा कि सभी को स्वच्छता की आदत अपनानी होगे, तभी कोई भी क्षेत्र स्वच्छ व सुंदर बनाया जा सकता है।

शहर के इंदिरा नगर मोहल्ला स्थित इंद्रा पार्क में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए सभासद श्री तिवारी ने कहा नगर पालिका के सफाई कर्मचारी मोहल्ले की गलियों और नालियों की सफाई का काम करते हैं, लेकिन जब तक मोहल्ले के लोग स्वच्छता में सहयोग नहीं करेंगे, तब पूरी तरह से स्वच्छता नहीं लाई जा सकती। नगर पालिका के सफाई निरीक्षकों हेमंत कुमार व देवेंद्र कुमार ने मोहल्ले के लोगों को सुबह सफाई होने के बाद सड़क व खाली पड़े प्लाटों में कूड़ा करकट न डालने, कूड़ा कलेक्शन वाहन में ही अपने घरों का कचरा डालने और घरों में गीला व सूखा कचरा अलग-अलग एकत्र करने की अपील की।

# गैरहाजिर प्रभारी चिकित्साधिकारी पर कार्रवाई के निर्देश



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बांदा।** जिलाधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी अनुपस्थित मिले। डीएम ने मुख्य चिकित्साधिकारी को उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी जे.रीभा ने बुधवार को तिंदवारी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण करते हुए स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मौके पर उपस्थित चिकित्साधिकारी को नियमित रूप से ओपीडी में मरीजों को देखने के निर्देश दिए। कहा कि प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा को कम से कम 24 घंटे भर्ती करते हुए समुचित उपचार किया जाए। स्वास्थ्य केंद्र परिसर की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये। इस दौरान बिना किसी सूचना के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. सर्वजीत सिंह स्वास्थ्य केंद्र से अनुपस्थित मिले। चिकित्साधिकारी के गैरहाजिर होने पर डीएम ने नाराजगी जताई। सीएमओ को प्रभारी चिकित्साधिकारी पर कार्रवाई के निर्देश दिए।

# समाज में सकारात्मक परिवर्तन का आधार बनेगा सेवा पखवाड़ा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बांदा।** समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक भाजपा सेवा पखवाडा अभियान चलाएगी। जिला पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं को कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए पंचायत व एमएलसी चुनाव की तैयारियों में जुटने को कहा गया। बताया कि सेवा पखवारा के तहत स्वच्छता अभियान, स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान, स्वास्थ्य शिविर, वृक्षारोपण, रक्तदान, नमो मैराथन व चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित होंगी।

कनवारा स्थित जिला भाजपा कार्यालय में बुधवार को आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कार्यक्रमों की रूप रेखा प्रस्तुत करते हुए 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक चलने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि प्रधानमंत्री के निर्देश पर सेवा पखवाडा मनाया जा रहा है। इसमें पंचायत चुनाव, शिक्षक स्नातक चुनाव व मतदाता पुनरीक्षण अभियान कार्यक्रमों को गति दी जाएगी। पंचायत चुनाव में मतदाता पुनरीक्षण अभियान की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में अपने विचार धारा के अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें। सभी कार्यकर्ता मतदाता सूची का पुनरीक्षण करेंगे तो सभी चुनाव जीतेंगे। जिला प्रभारी रामकिशोर साहू ने कहा कि एमएलसी चुनाव जीतने के लिए संगठन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। योजनाबद्ध तरीके से कार्यकर्त्ता व पदाधिकारी अपने दायित्यों का निर्वहन करेंगे तो चुनाव जीतना बहुत ही सरल होगा। सभी को मतदाता पुनरीक्षण अभियान में वोटरों को बढ़ाने के लिए सक्रियता से लगना होगा। एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने भी सेवा पखवाडा पर प्रकाश डाला। मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान जिला संयोजक उत्तम सक्सेना ने कहा कि पुनरीक्षण कार्य शुरू हो गया है। सभी लोग अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक वोट बढ़ाने व फर्जी मतदाता को कटवाने का कार्य करें। बैठक को नरैनी विधायक ओममणि वर्मा समेत एमएलसी चुनाव संयोजक व जिला उपाध्यक्ष डा.धर्मेंद्र त्रिपाठी व सेवा पखवाडा संयोजक संतोष गुप्ता ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वंदना गुप्ता, जगराम सिंह, संजय सिंह, अखिलेश श्रीवास्तव, लवलेश सिंह, अशोक त्रिपाठी जीतू, विवेकानंद गुप्ता, प्रेम नारायण द्विवेदी, निखिल सक्सेना, ममता मिश्रा, अयोध्या सिंह पटेल आदि मौजूद रहे।



» कार्यकर्ता जुटे पंचायत व एमएलसी चुनाव की तैयारी में

# बदहाल बिजली व्यवस्था का खामियाजा भुगत रहे शहरी लोग

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बांदा।** शहरी क्षेत्र के कई मोहल्लों में बिजली आपूर्ति लकड़ी के पोल से की जा रही है। जिसमें से अधिकांश सड़ चुके हैं। जिससे नागरिकों को हर समय खतरे की आशंका सता रही है। बावजूद जिम्मेदार विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कांग्रेस शहर अध्यक्ष ने पावर कारपोरेशन अधिशासी अभियंता को ज्ञापन देकर विद्युत पोल शीघ्र बदलने की मांग की है।

कांग्रेस शहर अध्यक्ष अफसाना शाह की अगुवाई में बुधवार को पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ मोहल्लावासियों ने विद्युत वितरण खंड अधिशाषी अभियंता को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा है कि हाल ही में शासन के निर्देश पर शहर के लगभग हरेक मोहल्ले में केबिल बदलने के साथ विद्युत पोल लगाए गए हैं। शहर के शंकर नगर और आजाद नगर में लगातार लोहे या सीमेंट के बजाय लकड़ी के पोल पर बिजली तार दौड़ाया गया। धूप व बरसात झेल रहे अधिकांश पोल काफी जर्जर हो गए हैं। जो कब टूट जाये कुछ नहीं कहा जा सकता। लोगों का कहना है कि तार व पोल दोनों की स्थित खराब होने से हल्की हवा चलने पर भी उसके गिरने का डर हमेशा बना रहता है। जिसकी शिकायत कई बार की गई मगर अभी तक पोल बदला नहीं गया। कांग्रेसियों के साथ मोहल्ले के लोगों ने लकड़ी का पोल शीघ्र बदलने की मांग की। इस मौके पर शेख मोइनुद्दीन, मतीन उद्दीन, शादाब समादत, हफीज खान, शानू खान, फैजान खान, समीम खान, बरकत अली, इरशाद बेग, आदिल, रानिश अहमद, आफाक, तनवीर खान, मोहम्मद आमिर, मिराज, फैसल, रामू भाई, डॉ परदेशिया शुक्ला, अभिषेक कुमार द्विवेदी, रामप्यारी द्विवेदी, दीपक शुक्ला, हरिशंकर बाजपेई, लोकेंद्र वाजपेई, देवेंद्र वाजपेई, कमलकिशोर रैकवार, इश्तियक खां, लखनलाल साहू, आदिल, नफीस अहमद, सलीम मोहम्मद, सलमान, राजू, जावेद अली, रईस अहमद, वाहिद अहमद, रजा उल मुस्तफा, इशरत जहां, मोहम्मद आसिफ, सैय्यद इफ्तिखार अली आदि लोग मौजूद रहे।



» कई मोहल्लों में बांस-बल्लियों के सहारे दौड़ रहा करंट

# राज्यपाल के हाथों स्वर्ण पदक पाकर सृष्टि ने फहराया मेधा का परचम

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अतर्रा।** अधिवक्ता की मेधावी पुत्री ने अपने मेधा का परचम लहराते हुए जिले के साथ ही अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (लखनऊ) में दीक्षांत समारोह के दौरान राज्यपाल में मेधावी छात्रा को स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया। उन्हें गोल्ड मेडल मिलने से लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। घर पर दिन भर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।

बुंदेलखंड इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (झांसी) में एमबीए फाइनल में उच्च स्थान प्राप्त करने पर मंगलवार को लखनऊ के अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह के दौरान मेधावी छात्रों को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा गोल्ड मेडल पाकर अधिवक्ता व कस्बा निवासी मनोज श्रीवास्तव की पुत्री सृष्टि ने अपने घर परिवार सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्हें गोल्ड मेडल मिलने से कस्बावासियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। सृष्टि श्रीवास्तव ने कस्बे के शांति धाम सीनियर सेकेंडरी स्कूल से हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा पास की। स्वर्ण पदक मिलने पर अधिवक्ता संघ पूर्व अध्यक्ष अमर सिंह राठौर, वरिष्ठ अधिवक्ता पुरुषोत्तम पांडेय, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष मनोज द्विवेदी, भोला द्विवेदी आदि ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।



# फर्जी SO-SOG प्रभारी बनकर लूट करने वाले दो आरोपियों को सजा, 10 साल की सजा व जुर्माना



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**उरई।** जालौन की विशेष डकैती अदालत ने बुधवार को बड़ा फैसला सुनाया। अदालत ने अपहरण और लूट के गंभीर मामले में आरोपियों सचिन और करुणेन्द्र सिंह को दोषी करार देते हुए कठोर सजा दी है। दोनों खुद को SO और SOG प्रभारी बताकर वारदात को अंजाम देते थे। 23 जून 2019 की शाम 7:30 बजे, उरई कोतवाली क्षेत्र में वादी तालिब और उनके ड्राइवर पूरन को आरोपियों ने रोक लिया। गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देकर उन्हें अपहरण कर लिया। पांच लाख रुपये की मांग की और 20 हजार नकद, मोबाइल फोन और चावल से लदी पिकअप लूट ली। बाद में दोनों को हाईवे पुल के नीचे छोड़कर फरार हो गए।

अगले ही दिन 24 जून को पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर पिकअप और पूरा माल बरामद कर लिया था। विशेष न्यायाधीश (डकैती) डॉ. अवनीश कुमार ने सुनवाई के बाद दोनों को दोषी माना। अदालत ने सचिन और करुणेन्द्र को धारा 392, 364 में 10-10 वर्ष कारावास, धारा 387, 420 में 7-7 वर्ष, धारा 411 में 3-3 वर्ष, धारा 504 में 1-1 वर्ष, धारा 506 में 2-2 वर्ष की सजा सुनाई। इसके साथ ही दोनों पर 50-50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। अदालत ने स्पष्ट कहा कि अपराध से अर्जित रकम का हिस्सा पीड़ित को दिया जाएगा।

**अभियोजन और बचाव पक्ष की दलीलें** - अपर शासकीय अधिवक्ता महेन्द्र विक्रम सिंह ने अदालत से अधिकतम सजा की मांग करते हुए कहा कि आरोपियों ने गंभीर अपराध कर समाज में भय पैदा किया। बचाव पक्ष ने यह तर्क रखा कि यह उनका पहला अपराध है और वे गरीब परिवार से हैं।

# विकसित भारत, विकसित उप्र @2047 : संवाद व सुझाव से जालौन ने दी भागीदारी

» हमारा विज़न-हमारा भविष्य : समर्थ उत्तर प्रदेश @2047 पर जालौन में मंथन



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**उरई जालौन।** सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, मण्डलायुक्त झांसी व नोडल अधिकारी विमल कुमार दुबे, सेवानिवृत्त आईएएस विजय सिंह निरंजन, सेवानिवृत्त आईपीएस हीरा लाल, प्रो. डॉ. रामप्रकाश (वैज्ञानिक, कृषि विभाग), प्रो. डॉ. आदित्य कुमार (राजनीति विज्ञान विभाग, डीवी कॉलेज), जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश @2047 विषय पर विचार विमर्श एवं सुझाव कार्यक्रम आयोजन किया गया।

मण्डलायुक्त ने कहा कि उत्तर प्रदेश और भारत का भविष्य हमें तय करना है। यह अभियान प्रधानमंत्री के विकसित भारत संकल्प का हिस्सा है। समर्थ उत्तर प्रदेश पोर्टल पर दिए गए सुझाव 12 प्रमुख सेक्टरों- कृषि, पशुधन, उद्योग, आईटी, पर्यटन, नगर एवं ग्राम्य विकास, आधारभूत संरचना, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा और सुशासन- के विजन डॉक्यूमेंट का हिस्सा बनेंगे। सेवानिवृत्त आईएएस विजय सिंह निरंजन ने कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश @2047 केवल सरकार का नहीं बल्कि हर नागरिक का साझा दायित्व है। विकसित परिवार से विकसित समाज और विकसित समाज से ही विकसित राज्य व विकसित भारत का निर्माण संभव है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि हम वर्ष 2047 में कैसा उत्तर प्रदेश चाहते हैं, इस पर स्पष्ट रोडमैप बने। जालौन में प्राकृतिक संपदा की कोई कमी नहीं है। यहाँ पाँच नदियाँ हैं, सौर ऊर्जा से 6 हजार मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य है, कृषि उत्पादकता में जनपद ने राज्य स्तर पर शीर्ष स्थान पाया है। जालौन को उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा का इंजन बनाया जा सकता है।

इस अवसर पर व्यवसायी, उद्यमी, श्रमिक संगठन, स्वयंसेवी संगठन, मीडिया प्रतिनिधि एवं आम जनमानस ने भी अपने मूल्यवान सुझाव साझा किए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, डीसी मनरेगा रामेंद्र सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, उपायुक्त उद्योग प्रभात यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# राजवित्त योजना के द्वारा कराए जाने वाले कार्यों की निविदा आमंत्रित कर खोली गई



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**माधौगढ़ जालौन।** माधौगढ़ विकास खंड सभागार कक्षा में क्षेत्र पंचायत द्वारा कराए जाने वाले विकास कार्यों की निविदा आमंत्रित की गई जिसमे राज वित्त योजना के अंतर्गत होने वाले कार्य, व 15 वे वित्त योजना के अंतर्गत कराए जाने वाले 24 निर्माण कार्य की निविदा बुधवार को शाम 4 बजे तक आमंत्रित की गई और 10/9/25 को शाम 4.30 बजे निविदा खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह व ब्लॉक प्रमुख मोहित दोहरे, व जे ई एम आई लघु सिंचाई के समक्ष ठेकेदार के द्वारा डाली गई निविदाएं शाम 4.30 बजे खोली गई जिसमे 72 निविदा आमंत्रित की गई उनमें 24 निविदाये पात्रता की श्रेणी में पाई गई शेष निविदाएं अपात्र पाई गई जिन्हें रिजेक्ट किया गया।

इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख मोहित दोहरे, खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह, एडीओ आईएसबी नौशाद अली, जे ई/ एमआई चंद्रभान, बड़े बाबू पंकज सक्सेना, शिवसागर अवस्थी ग्राम पंचायत अधिकारी सहित ठेकेदार सोनू तोमर, मान सींग, विक्की हरौली, शिवम हरौली सहित अन्य ठेकेदार मौजूद रहे। निविदा निष्पक्ष और ईमानदारी के साथ समस्त ठेकेदारों के समक्ष खोली गई

## एक नजर

### निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने की हिदायत

**बांदा।** जिलाधिकारी जे.रीभा ने निवेशकों की बैठक करके उद्यमियों को ग्लोबल इंवेस्टर समिट के दौरान जीबीसी रेडी एमओयू के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने की हिदायत दी। कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के दौरान जिन उद्यमियों ने विभिन्न निवेश प्रस्तावों के साथ जीबीसी रेडी एमओयू साइन किए थे, उन्हें अब धरातल पर उतार कर उद्यम स्थापित करने का वक्त आ गया है। उन्होंने निवेशकों की समस्याओं का हरसंभव समाधान करने और भूमि आदि की सुविधाएं उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। कहा कि उपायुक्त उद्योग के माध्यम से उद्यमियों की हर समस्या का समाधान निकाला जाएगा। इस मौके पर उपायुक्त उद्योग गुरुदेव समेत तमाम उद्यमी व निवेशक शामिल रहे।

### युवा उद्योग व्यापार मंडल ने जताया शोक

**बांदा।** जिला युवा उद्योग व्यापार मंडल के तत्वावधान में आयोजित मासिक बैठक में जहां आगामी त्योहारों को लेकर चर्चा की गई, वहीं फोटोग्राफर्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय महामंत्री व पं.जेएन डिग्री कालेज के पूर्व कोषाध्यक्ष राजू त्रिपाठी राज की माता के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की गई। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष प्रेम गुप्ता की अगुवाई में सभी व्यापारी नेताओं ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की और परिजनों को संबल प्रदान करने के लिए ईश्वर से कामना की।

ज्ञापन सौंपा | प्रवेश संबंधी समस्याओं को लेकर विद्यार्थी परिषद ने किया प्रदर्शन

# प्रवेश संबंधी समस्याओं को लेकर विद्यार्थी परिषद ने किया प्रदर्शन

» मांगे पूरी न होने पर छात्र नेताओं ने दी बड़े आंदोलन की चेतावनी



प्राचार्य को ज्ञापन सौंपते विद्याथी परिषद कार्यकर्ता।

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बांदा।** पंडित जेएन महाविद्यालय में प्रवेश संबंधी समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पदाधिकारियों ने तमाम छात्र-छात्राओं के साथ विरोध-प्रदर्शन किया। मांगों के समर्थन में छात्र नेताओं ने जमकर नारेबाजी की। बाद में प्राचार्य को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर प्रवेश संबंधी समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण कराने की मांग की। चेतावनी दी कि मांगे पूरी न हुईं तो छात्र-छात्राओं के साथ संगठन बड़ा आंदोलन शुरू करेगा।

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय से संबद्ध जिले के ज्यादातर महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई। प्रवेश प्रक्रिया शुरू होते ही छात्र-छात्राओं की परेशानियां बढ़ने लगी हैं। पंडित जेएन महाविद्यालय में प्रवेश सबंधी समस्याओं को लेकर बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पदाधिकारियों ने तमाम छात्र-छात्राओं के साथ महाविद्यालय परिसर में विरोध-प्रदर्शन किया। प्राचार्य कक्ष के सामने प्रदर्शन करते हुए छात्रा नेताओं ने मांगों के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। प्रवेश संबंधी तमाम समस्याओं के निराकरण कराने की मांग लेकर प्राचार्य डा.केएस कुशवाहा को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा है कि महाविद्यालय में अलग-अलग कमरों में प्रवेश प्रक्रिया शुरु हो गई है। प्रवेश प्रक्रिया में लगे शिक्षक व कर्मचारियों के नाम व मोबाइल नंबर और उनके कॉलेज में उपस्थित रहने का समय निर्धारित कर चस्पा किया जाए। प्रवेश फॉर्म व फीस जमा काउंटर के बाहर भी संबंधित का नाम, मोबाइल नंबर और कॉलेज में उपस्थित रहने का समय चस्पा किया जाए। कॉलेज प्रशासन की ओर से प्रवेश के दौरान कॉलेज में आने वाले छात्र-छात्राओं के बैठने व पेयजल की व्यवस्था की जाए। प्रवेश प्रक्रिया के दौरान कॉलेज में अराजक तत्व का प्रवेश रोकने के लिए मुख्य द्वार पर कॉलेज द्वारा सुरक्षा कर्मियों को नियुक्त किया जाए। कमेटी का गठन करते हुए जिन शिक्षकों को शैक्षणिक अभिलेखों की अनुपस्थिति में हस्ताक्षर के लिए जिम्मेदारी दी गई है उनकी उपस्थिति का समय सुनिश्चित किया जाए। चेतावनी दी मांगे पूरी नहीं हुई तो संगठन छात्र-छात्राओं के साथ बड़ा आंदोलन करेगी। इस मौके पर विभाग संगठन मंत्री शिवम पांडेय, प्रांत सहमंत्री दिव्या मिश्रा, नीतीश कुमार निगम, स्वतंत्र साहू, नगर मंत्री श्लोक द्विवेदी, सुभाष त्रिपाठी, सतेंद्र शर्मा, राज सिंह, अभय साहू, विवेक यादव, आलोक यादव, सतेंद्र सिंह, दीपक गुप्ता, सर्वेश साहू आदि उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# नेपाल : भ्रष्ट, भ्रष्ट और भ्रष्ट

आखिरकार वही हुआ जिसकी आशंका थी। जेन जी के कार्यकर्ताओं के आगे लाठी, गोली,प्रतिबंध और सरकार की ताकत सब ध्वस्त हो गई और अंतत सरकार को जाना पड़ा । नेपाल सरकार का पतन तो तब ही शुरू हो गया था जब तीन मंत्रियों ने इस्तीफे दे दिए थे. फिर आरएसपी के 21 सांसदों ने भी अपने इस्तीफे राष्ट्रपति को भेजे लेकिन सुदन गुरुंग के एवं जी ओ 'हामी नेपाल' के कार्यकर्ता संतुष्ट नहीं हुए । आखिरकार सोशल मीडिया से बैन हटा लिया गया लेकिन तब भी बात नहीं बनी। फिर के पी शर्मा ओली ने इस्तीफा दिया और उनके साथ ही वहां के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने भी कुर्सी छोड़ दी. अब नेपाल में अव्यवस्था आगजनी लूटपाट और हिंसा का राज चल रहा है. भारत का सबसे निकट पड़ोसी और दुनिया के गिने – चुने हिंदू राष्ट्रों में से एक नेपाल संकट में है । वहां की के पी शर्मा ओली सरकार के खिलाफ युवा जेन जी के कार्यकर्ता सड़कों पर हैं । काठमांडू और वीरगंज में ही नहीं अपितु देश के दूसरे शहरों में भी हालात लगातार बिगड़ रहे हैं और अब तक मिले अपडेट के अनुसार 20 लोग मारे गए हैं। अभी कुछ दिनों पहले ही ओली सरकार ने नेपाल में सोशल मीडिया मंचों को चलाने वाली कंपनियों को अपना रजिस्ट्रेशन एक हफ्ते के अंदर करने के लिए कहा था । साथ ही साथ यह भी निर्देश दिया था कि वह नेपाल के कानून का पूरी तरह पालन करें लेकिन टिकटोक जैसी एक दो कंपनियों को छोड़कर किसी ने भी उनके इस निर्देश का पालन नहीं किया जिसके चलते हुए उन्होंने फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम ,यूट्यूब और एक्स जैसे सोशल मीडिया मंचों पर रोक लगा दी थी । पहले से ही बेरोजगारी भ्रष्टाचार एवं महंगाई की वज़ह से गुस्से में तना बैठा युवा इससे और भी उखड़ गया और आज सुबह से ही वह नेपाल की सड़कों पर उतर गया। जेनरेशन जी के इन कार्यकर्ताओं का गुस्सा केवल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर रोक लगाने मात्र तक सीमित नहीं है बल्कि वह देश में लगातार बढ़ रही बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, भूमि सुधार कानून एवं सत्ता में बैठे हुए व्यक्तियों द्वारा अपने व्यक्तिगत तथा पारिवारिक लाभों के लिए सत्ता का अनुचित इस्तेमाल करना भी उनके एजेंडे में शामिल है । उनका मुख्य आरोप है कि नेपाल की वर्तमान सरकार युवाओं को रोजगार देने की दिशा में गंभीर नहीं है। यदि नेपाल के रोजगार के आंकड़े उठाकर देखें तो 1995– 96 में वहां पर रोजगार प्राप्त करने लायक जनसंख्या का 67% रोजगार पाया हुआ था जबकि 30 वर्षों में यह प्रतिशत घटकर केवल 30% पर आ गया है ऐसे में रोजी–रोटी के संकट का सामना कर रही युवा पीढ़ी का आक्रोशित होना स्वाभाविक है । साथ ही साथ इस संगठन और दूसरे युवाओं का यह भी आरोप है कि नेपाल में क्षेत्र विशेष में ही विकास के कार्य किए जाते हैं जबकि करनाली, डॉल्पा और हुमल जैसे क्षेत्र आज भी उपेक्षित हैं। नेपाल लंबे समय से अस्थिर सरकारों के दौर से गुजर रहा है. 2008 में राजशाही परिवार की हत्या के बाद से ही वहां राजनीतिक स्थिरता नहीं आ पाई है और 17 साल के अंतराल में वहां 15 सरकारें एवं प्रधानमंत्री बदले हैं । वर्तमान सरकार भी गठबंधन की सरकार थी . उसमें नेपाली कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यू एम एल) मुख्य दल थे। जिम आपसी वैचारिक द्वंद लगातार चल रहा था। चुनाव में बेमेल गठबंधन करके 15 जुलाई 2024 को ही के पी शर्मा चौथी बार सत्ता में लौटे थे । एक और सरकार की अंदरूनी कलह तो दूसरी ओर विपक्ष के नेता पुष्प कमल दहल प्रचंड भी लगातार वहां की सरकार को चुनौती देते रहे थे। इन सब के चलते नेपाल में सुशासन जैसी व्यवस्था लागू नहीं हो पाई जिसके चलते हुए वहां का युवा सरकार के खिलाफ खड़े होने पर मजबूर हुआ । सरकारों की काहिली और राजनीतिक स्वार्थ पूर्ति के चलते हुए दुनिया के अलग–अलग हिस्सों में समय–समय पर इस तरह के विद्रोह पहले भी होते आए हैं । चीन का थियेन आन मन चौक कांड अभी तक भी लोग नहीं भूले होंगे । इसी तरह अरब देशों में 2010 से 2012 के बीच अरब स्प्रिंग के नाम से ऐसा ही आंदोलन शुरू हुआ था और इस आंदोलन के चलते हुए वहां की ट्यूनीशिया की सरकार को हटना पड़ा था और मिस्र में भी हुस्नी मुबारक को सत्ता गंवानी पड़ी थी जबकि संघर्ष के चलते हुए लीबिया और सीरिया आज तक भी गृहयुद्ध झेल रहे हैं।

**कटाक्ष** हसन जैदी




# भारतीय संस्कृति के ध्वजवाहक स्वामी विवेकानन्द


अरविंद जयतिलक

वर्ष 1893 के शिकागो धर्म सम्मेलन (पार्लियामेंट आफ रिलीजन) में स्वामी विवेकानंद ने अपने ओजस्वी विचारों से अतीत के अधिष्ठान पर वर्तमान और वर्तमान के अधिष्ठान पर भविष्य का बीजारोपण कर विश्व की आत्मा को चैतन्यता से भर दिया था। उन्होंने पश्चिमी विचारधारा पर प्रहार करते हुए स्पष्ट कहा था कि 'मेरी धारणा वेदान्त के इस सत्य पर आधारित है कि विश्व की आत्मा एक और सर्वव्यापी है। पहले रोटी और फिर धर्म। लाखों लोग भूखों मर रहे हैं और हम उनके मस्तिष्क में धर्म ठूंस रहे हैं। मैं ऐसे धर्म और ईश्वर में विश्वास नहीं करता, जो अनाथों के मुंह में एक रोटी का टुकड़ा भी नहीं रख सकता।' उन्होंने सम्मेलन में उपस्थित अमेरिका और यूरोप के धर्म विचारकों व प्रचारकों को झकझोरते हुए कहा कि 'भारत की पहली आवश्यकता धर्म नहीं है। वहां इस गिरी हुई हालत में भी धर्म मौजूद हैं। भारत की सच्ची बीमारी भूख है। अगर आप भारत के हितैषी हैं तो उसके लिए धर्म प्रचारक नहीं अन्न भेजिए।' स्वामी जी गरीबी को सारे अनर्थों की जड़ मानते थे। इसलिए उन्होंने दुनिया को सामाजिक-आर्थिक न्याय और समता-समरसता पर आधारित समाज गढ़ने का संदेश दिया। वे ईश्वर-भक्ति और धर्म-साधना से भी बड़ा काम गरीबों की गरीबी दूर करने को मानते थे। एक पत्र में उन्होंने ने लिखा है कि 'ईश्वर को कहां ढुंढ़ने चले हो। ये सब गरीब, दुखी और दुर्बल मनुष्य क्या ईश्वर नहीं है? इन्हीं की पूजा पहले क्यों नहीं करते ?' उन्होंने स्पष्ट घोषणा की थी कि 'गरीब मेरे मित्र हैं। मैं गरीबों से प्रीती करता हूं। मैं दरिद्रता को आदरपूर्वक अपनाता हूं। गरीबों का उपकार करना ही दया है।' वे इस बात पर बल देते थे कि हमें भारत को उठाना होगा, गरीबों को भोजन देना होगा और शिक्षा का विस्तार करना होगा। स्वामी जी ने भारत के लोगों को संबोधित करते हुए शिकागो से एक पत्र में लिखा कि याद रखो की देश झोपड़ियों में बसा हुआ है, परंतु शोक! उन लोगों के लिए कभी किसी ने कुछ नहीं किया।' स्वामी जी गरीबों को लेकर बेहद संवेदनशील थे। उन्होंने गुरु रामकृष्ण परमहंस के स्वर्गारोहण के बाद उनकी स्मृति में 'रामकृष्ण मिशन' की स्थापना की। मिशन का उद्देश्य गरीबों, अनाथों, बेबसों और रोगियों की सेवा करना था। जब उन्होंने मठ के सन्यासियों के समक्ष यह प्रस्ताव रखा तो उनका भारी विरोध हुआ। सन्यासियों ने तर्क दिया कि हम सन्यासियों को ईश्वर की आराधना करना चाहिए न कि दुनियादारी में पड़ना चाहिए। स्वामी जी सन्यासियों के उत्तर से बेहद दुखी हुए। उन्होंने कहा कि आपलोग समझते हैं कि ईश्वर के आगे बैठने से वह प्रसन्न होगा और हाथ पकड़कर स्वर्ग ले जाएगा तो यह भूल है। आंखे खोलकर देखों की तुम्हारे पास कौन है। स्वामी जी ने दरिद्र को दरिद्र नारायण कहा। उन्होंने कहा कि 'आप अपना शरीर, मन, वचन सब कुछ परोपकार में लगा दो। तुमको पता है 'मातृ देवो भव, पितृ देवो भव, अर्थात माता में ईश्वर का दर्शन करो। पिता में ईश्वर का दर्शन करो' लेकिन मैं कहता हूं 'दरिद्र देवो भव, मूर्ख देवो भव। अनपढ़, नादान और पीड़ति को अपना भगवान मानो और जानो कि इन सबकी सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है।' उनका मानना था कि मानवता के सत्य को पहचानना ही वास्तव में वेदांत है। वेदांत का संदेश है कि यदि आप अपने बांधवों अर्थात साक्षात ईश्वर की पूजा नहीं कर सकते तो उस ईश्वर की पूजा कैसे करोगे जो निराकार है। एक व्याख्यान में स्वामी जी ने कहा कि जब तक लाखों लोग भूखे और अज्ञानी हैं तब तक मैं उस प्रत्येक व्यक्ति को कृतध्न समझता हूं, जो उनके बल पर शिक्षित बना और उनकी ओर ध्यान नहीं देता है। उन्होंने सुझाव दिया कि इन गरीबों, अनपढ़ों, अज्ञानियों एवं दुखियों को ही अपना भगवान मानो। स्मरण रखो, इनकी सेवा ही तुम्हारा परम धर्म है। स्वामी जी आम आदमी के उत्थान के लिए धन का समान वितरण आवश्यक मानते थे। वे इस बात के विरुद्ध थे कि धन कुछ लोगों के हाथों में केंद्रीत हो। स्वामी जी अंग्रेजों द्वारा भारत के संसाधनों के शोषण से चिंतित थे और भारत की दुर्दशा का इसे एक बड़ा कारण मानते थे। स्वामी जी देश की तरक्की के लिए कषि और उद्योग का विकास चाहते थे। वे अकसर परामर्श देते थे कि रामकृष्ण मिशन जैसी संस्थाओं को निःस्वार्थ भाव से गरीबी से जुझ रहे किसानों की दशा में सुधार लाने वाले कार्यक्रम एवं परियोजनाएं हाथ में लेनी चाहिए। स्वामी जी इस मत के प्रबल हिमायती थे कि भारत का औद्योगिक विकास जापान की तरह विशेषताओं को सुरक्षित रखते हुए होना चाहिए। वे चाहते थे कि देश में स्वदेशी उद्योगों की स्थापना हो। एक बार उन्होंने उद्योगपति जमशेद जी टाटा से पूछा था कि आप थोड़े से फायदे के लिए विदेश से माचिस मंगाकर यहां क्यों बेचते हैं? स्वामी जी ने सुझाव दिया कि आप देश में ही माचिस की फैक्टरी और शोध संस्थान स्थापित करें। स्वामी जी के सुझाव का परिणाम रहा कि आगे चलकर जमशेद जी टाटा ने 'टाटा इंस्टीट्यूट फॉर रिसर्च इन फंडामेंटल साईंसेज' की स्थापना की। स्वामी जी देश के आर्थिक विकास और नैतिक मूल्यों को एकदूसरे से आबद्ध चाहते थे। उनकी इच्छा थी कि भारत के उच्च शिक्षण संस्थाओं के पाठ्यक्रमों में विज्ञान व प्रौद्योगिकी के साथ वेदांत दर्शन भी समाहित हो। उनकी दृष्टि में वेदांत आधारित जीवन और आर्थिक विकास के बीच गहरा संबंध है। उनका मानना था कि भौतिक विज्ञान केवल लौकिक समृद्धि दे सकता है परंतु अध्यात्म विज्ञान शास्वत जीवन के लिए परम आवश्यक है। आध्यात्मिक विचारों का आदर्श मनुष्य को वास्तविक सुख देता है। भौतिकवाद की स्पर्धा, असंतुलित महत्वकांक्षा व्यक्ति तथा देश को अंतिम मृत्यु की ओर ले जाती है। स्वामी जी भारत को विकास के मार्ग पर ले जाने के लिए शिक्षा, आत्मसुधार, कल्याण केंद्रीत संगठन और क्रियाशीलता की प्रवृत्ति को आवश्यक मानते थे। स्वामी जी को देश से असीम प्रेम था। शिकागो से वापसी की समुद्री यात्रा के दौरान जब वह 15 जनवरी, 1897 को श्रीलंका का समुद्री किनारे पर पहुंचे और उन्हें बताया गया कि उस तरफ जो नारियल और ताड़-खजूर के पेड़ दिखायी दे रहे हैं वो भारत के हैं, स्वामी जी इतने भावुक हो गए कि जहाज के बोर्ड पर ही मातृभूमि की ओर साष्टांग प्रणाम करने लगे। स्वामी जी ने तीन भविष्यवाणियां की थी, जिनमें से दो-भारत की स्वतंत्रता और रुस में श्रमिक क्रांति सत्य सिद्ध हो चुकी हैं। स्वामी जी ने तीसरी भविष्यवाणी की है कि भारत एक बार फिर समृद्धि व शक्ति की महान ऊंचाइयों तक उठेगा।

स्वामी जी का मातृभूमि से तादातम्य संपूर्ण था। वे स्वयं को 'घनीभूत भारत' कहते थे। स्वामी जी की शिष्या भगिनी निवेदिता ने अपनी मातृभूमि से उनके सम्मिलन को अभिव्यक्त करते हुए कहा है कि 'भारत स्वामी जी का गहनतम अनुराग रहा है, भारत उनके वक्ष पर धड़कता है, भारत उनकी नसों में स्पंदन करता है, भारत उनका दिवास्वप्न है, भारत उनका निशाकल्प है, वे भारत का रक्त-मज्जा से निर्मित साक्षात शरीररुप हैं, वे स्वयं ही भारत हैं।' सच कहें तो स्वामी जी का उदय ऐसे समय में हुआ जब भारत के सामाजिक पुनरुत्थान के लिए राजाराम मोहन राय और शिक्षा के विकास के लिए ईश्वरचंद विद्यासागर जैसे अनगिनत मनीषी भारतीय समाज में नवचेतना का संचार कर रहे थे। स्वामी जी अपने विचारों के जरिए स्वधर्म और स्वदेश के लिए अप्रतिम प्रेम और स्वाभिमान का उर्जा प्रवाहित कर जाग्रत-शक्ति का संचार किया जिससे भारतीय जन के मन में अपनी ज्ञान, परंपरा, संस्कृति और विरासत का गर्वपूर्ण बोध हुआ। स्वामी जी का दृष्टिकोण था कि राष्ट्र का वास्तविक पुनरुद्धार मनुष्य-निर्माण से प्रारंभ होना चाहिए। मनुष्य में शक्ति का संचार होना चाहिए। वे सर्वसाधारण जनता की उपेक्षा को एक बड़ा राष्ट्रीय पाप मानते थे।


अपनी राय हमें इस मेल पर भेंजे–
vishwavarta.response@gmail.com

# युवाओं के दबे आक्रोश का विस्फोट है नेपाल में बगावत ?


मनोज कुमार अग्रवाल

भारत के पड़ोसी देश नेपाल में एकाएक जो युवा विद्रोह का तूफान आया है उसने बेहद चिंता जनक स्थिति भी पैदा कर दी है कि दुनिया का युवा वर्ग सोशल मीडिया से कितना प्रभावित है? वहां कुछ दिन पहले बात सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर सरकार द्वारा प्रतिबन्ध लगाए जाने से शुरू हुई थी। इसके विरोध में भारी संख्या में युवक राजधानी काठमांडू की सड़कों पर उतर आए। उन्होंने राजनीतिक नेताओं के घरों पर हमले शुरू कर दिए। ताज़ा जानकारी के अनुसार आन्दोलनकारियों द्वारा एक पूर्व प्रधानमंत्री झालानाथ खानाल की पत्नी राजिल-लक्ष्मी चित्रकार को आग लगाकर जला दिया गया। एक और पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर दिओबा के घर में दाखिल होकर आन्दोलनकारियों ने उनकी और उनकी पत्नी से मारपीट की। संसद भवन और कई अन्य इमारतों को आग लगा दी गई। सरकार को सेना बुलानी पड़ी। पुलिस और सेना की गोली से लगभग 22 व्यक्ति मारे गए और 400 से भी अधिक घायल हो गए। इन घटनाओं ने लगी आग को लपटों में बदल दिया, जिस कारण वहां राजनीति अस्थिरता चरम सीमा पर पहुंच गई है। आखिर प्रधानमंत्री के. पी. शर्मा ओली को त्याग-पत्र देने के लिए विवश होना पड़ा और वह देश छोड़ कर किसी सुरक्षित स्थान पर चले गए हैं। ओली ने भी त्याग-पत्र देते हुए सेना को स्थिति सम्भालने के लिए कहा था। आपको बता दें कि नेपाल का मौजूदा घटनाक्रम बहुत ही खतरनाक मोड़ पर है। एक तरफ वहां की भीड़ का गुस्सा लोकतांत्रिक अधिकारों की बहाली को लेकर है उधर दूसरी ओर मीडिया का एक धड़ा नेपाल में राजशाही की वापसी या हिन्दू राष्ट्र की वापसी का राग अलापने में लगा है। जरूरत इस समय मौजूदा घटनाक्रम पर सतर्क निगाह रखने की है। कहीं ऐसा तो नहीं कोई बड़ी ताकत इस घटनाक्रम का फायदा उठाकर नेपाल को अपने नियंत्रण में ले ले। भारत के प्रधानमंत्री की चिंता इसी ओर इशारा करती है। जिसे मीडिया नजरअंदाज कर रहा है। नेपाल में जो कुछ भी चल रहा है उसके पीछे की वजह तलाशना बहुत जरूरी है। भ्रष्टाचार, बेरोज़गारी, भाई-भतीजावाद और सोशल मीडिया पर पाबंदियों के ख़िलाफ़ तथाकथित जेन-ज़ी द्वारा संचालित नेतृत्वहीन विरोध प्रदर्शनों ने अब अराजकता का रूप ले लिया है। नेपाल अनुपातन एक छोटा-सा देश है। इसकी जनसंख्या लगभग 3 करोड़ है, परन्तु आश्चर्यजनक बात यह है कि गरीब कहे जाते इस देश के 90 प्रतिशत लोग इंटरनेट का इस्तेमाल करते हैं। इसी साधन द्वारा विरोधियों की ओर से सरकारी भ्रष्टाचार को उजागर किया जाता रहा है और यह भी कि वहां रिश्वत का बोलबाला है। लगभग 17 वर्ष पहले वर्ष 2008 में नेपालियों ने हिम्मत दिखाते हुए सैकड़ों वर्ष से चली आ रही राजाशाही का अंत कर दिया था। इसमें वामपंथी पार्टियों का बड़ा योगदान था। के.पी. शर्मा ओली भी लड़े गए इस संघर्ष में शामिल थे। उनके साथ-साथ नेपाल में मार्सी नेता पुष्प कमल दहल (प्रचंड) का भी उभार हुआ था। लगभग 10 वर्ष के लम्बे संघर्ष के बाद राजाशाही का अंत हो गया था। उसके बाद चाहे वामपंथी पार्टियों का प्रभाव बढ़ गया था परन्तु वहां की राजाशाही के समय से ही नेपाली कांग्रेस ने अपनी पूरी पैठ बनाए रखी थी। इस पूरी कशमकश में नया संविधान बनाने के लिए लम्बा समय लगा था। मार्सी नेता पुष्प कमल दहल भी प्रधानमंत्री बने। के.सी. शर्मा ओली (जो कि हमेशा से ही चीन पक्षीय रहे थे और अब भी वह चीन का ही दम भरते रहे हैं) भी प्रधानमंत्री बनते रहे, परन्तु वहां समय-समय पर होते रहे चुनावों में कोई भी पार्टी पूर्ण बहुमत लेकर सरकार बनाने में असमर्थ रही। इसीलिए अब तक भी वहां मिलीजुली सरकार ही चलती रही है। निःसंदेह ओली इसके प्रधानमंत्री रहे हैं परन्तु इसके बावजूद बहुसंख्या में सदस्य नेपाल कांग्रेस के ही रहे हैं, परन्तु इस समय में ही ओली पर तानाशाही ढंग से सरकार चलाने का आरोप भी लगता रहा। पिछले कुछ समय में जनरेशन जैड के बैनर तले हामी नेपाल नामक एक संगठन सामने आया जिसने देश में फैली ग़रीबी और भ्रष्टाचार को अपना मुख्य लक्ष्य बनाकर लोगों को अपने साथ जोड़ने का यत्न किया। लम्बी अवधि से बन रहे संकटमय हालात के दृष्टिगत इस संगठन को भारी समर्थन मिला, परन्तु अब इस संगठन का आन्दोलन हिंसक रूप धारण कर गया है। आज हुई इस बड़ी उथल-पुथल के बाद नेपाल में अनिश्चितता बनी दिखाई देती है। सेना की ओर से कमान सम्भाले जाने की आशंका है परन्तु इसके साथ ही जनरेशन जैड काठमांडू के मेयर बलेन शाह जो कलाकार और इंजीनियर भी हैं और लोकप्रिय नेता के रूप में उभरे हैं, को यह नया संगठन अंतरिम प्रधानमंत्री बनाने की मांग कर रहा है। ऐसे अनिश्चित और गड़बड़ वाले हालात में नेपाल के निकट भविष्य के हालात किस तरह के होंगे यह कहना मौजूदा समय में कठिन है परन्तु भारत के लिए नज़दीकी पड़ोसी होने के कारण ये हालात चिन्ताजनक ज़रूर हैं। पिछले कुछ वर्षों से इसके नज़दीकी पड़ोसी ऐसे हालात में से ही गुज़रते दिखाई दे रहे हैं, जिनमें पाकिस्तान के अतिरिक्त बांग्लादेश, म्यांमार और श्रीलंका भी शामिल हैं। भारत को इस कारण भी अधिक सचेत रहने की ज़रूरत होगी, क्योंकि उसी की भांति चीन भी नेपाल का पड़ोसी है और आज शक्तिशाली बन चुके चीन के दशकों से नेपाल के प्रति इरादे क्या हैं, उन्हें भी दुनिया जानती है। निःसंदेह इस समय नेपाल एक बड़े संकट का सामना कर रहा है। आपको बता दें कि आंदोलन के हिंसक होने के बाद नेपाल जिस तरह से अराजकता की ओर बढ़ा है। वह चिंता का विषय है। युवाओं के नेतृत्व में काठमांडू में भड़के विरोध प्रदर्शनों के बीच प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली का इस्तीफा हो जाने के बाद जो आंदोलन शांत होना था वह और भड़क गया जिसका मतलब है उद्देश्य कुछ और है। उप-प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री विष्णु पौडेल को प्रदर्शनकारियों द्वारा पीटा जाना, पूर्व प्रधानमंत्री खनल की पत्नी को आग के हवाले कर देना जैसी घटनाएं खतरनाक हालात के संकेत देने को काफी हैं और अब नेपाल के सेना प्रमुख का बांग्लादेशी विद्रोह की याद दिलाते हुए एक राजनीतिक शून्य के बीच सत्ता संभालने के लिए तैयार हो जाना उनके साथ नेपाल के पहले राजा की तस्वीर कुछ और संकेत दे रही है। खास बात यह है कि ओली हाल ही में चीन से लौटे हैं और सितंबर के अंत में भारत यात्रा पर आने वाले थे.इस समय यह नतीजा निकालना जल्दबाजी होगी कि इसके पीछे कोई बाहरी ताकत है. लेकिन नेपाल लंबे समय से अस्थिर चल रहा है जिसका फायदा उठाने के लिए अब बाहरी और घरेलू ताकतें सक्रिय हो सकती हैं। नेपाल की मौजूदा अशांति को लेकर कई थ्योरी सामने आ रही हैं. कुछ लोग कह रहे हैं कि ओली चीन समर्थक हैं, इसलिए इसमें अमेरिका की भूमिका हो सकती है, जैसे बांग्लादेश में हुआ था. दूसरी ओर, कुछ का मानना है कि चीन विरोध को भड़का रहा है, ताकि अमेरिका के एमसीसी निवेश को कमजोर किया जा सके। फिलहाल इस विषय पर कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। भारत को नेपाल के घटनाक्रम पर सतर्क निगाह रखनी होगी। और कठोर कदम उठाने को तैयार रहना होगा।

## कविता


संजीव ठाकुर

### मां मैं मुझे ईश्वर दिखाई दिए

मैंने ईश्वर को नहीं देखा
पर पैदा होने से अब तक
मां को देखा
मां मैं मुझे ईश्वर दिखाई दिए।
मैंने कभी पर्वत नहीं देखे थे
पिता को देखा ध्यान से
मुझे पर्वत और चट्टान
दिखाइ दिए,
कहते हैं पर्वतों में
ईश्वर का वास होता है
मैंने पिता के चेहरे
में ईश्वर देखा।
फिर जीवन में पत्नी आई
पत्नी का चेहरा
मां
से मिलता जुलता।
फिर बिटिया हुई
बिटिया को देखा
बिटिया में मां दिखाई दी
फिर बिटिया और मां में
साक्षात लक्ष्मी पार्वती दिखाई दी,
मान लो तो देवता है
वरना एक पत्थर ही तो है,
बिटिया में मां पत्नी
दोनों दिखाई दी
दोनों ईश्वर की प्रतिमान।
मां के चले जाने के बाद
बिटिया और पत्नी में
पूरी पूरी मां दिखाई देती है
उस मां के चेहरे में
ईश्वर के दर्शन हो जाते हैं।

# तो नौबस्ता वाले इंस्पेक्टर साहब का क्या होगा...?


अनुराग अवस्थी मार्शल

7 दिन तक थाने के चक्कर लगाने के बाद एक बाप ,जब कानपुर पुलिस आयुक्त के पास पहुंच पाया तब उनकी बेटी की रिपोर्ट लिख पाई । वह भी तब, जब वह उस लड़के का छीना मोबाइल पुलिस को दिखा रहे थे, जिसमें 20 लड़कियों युवतियों के न्यूड फोटो वीडियो ऑडियो और उनकी ब्लैक मेलिंग के सबूत भी थे। वो बेचारा बाप अपनी बेटी को बचाने में सफल हो गया। एक बड़ा सवाल यह है कि उन इंस्पेक्टर साहब का क्या किया जाए जो नौबस्ता थाने के प्रभारी होकर अपराधियों का बस्ता बांधने के बजाय ब्लैकमेलर या उसके गिरोहकी तीमारदारी में थे वह भी तब जब कानपुर में आयुक्त पुलिस,पत्रकार और वकील के कॉकस को तोड़ने में लगे हैं। अब चलिए फर्रुखाबाद, एक सांसद को अपनी बहन को सार्वजनिक रूप से पीटने वाले दबंग ससुर,देवर का वीडियो वायरल होने के बाद भी डीजीपी और सीएम तक एप्रोच करना पड़ा तब कार्यवाही हुई। मेरी आंखों के सामने एक और मामला है,जिसमें चोरी की बाइक पकड़ी जाने के बाद एक को मंत्री की सिफारिश पर और दो को पैसे लेकर,और चौथे को सिफारिश के बावजूद पैसे लेकर छोड़ दिया गया। चोरी की गाड़ी अभी भी जिंदा है।ये चोरी एक बार हुई,रिपोर्ट एक भी बार नहीं लिखी है,लेकिन बाइक सोने का अंडा देने वाली मुर्गी बनी हुई है। विकास दुबे से अखिलेश दुबे तक और अनुपम दुबे से विजय मिश्रा तक अतीक मुख्तार तक जो बाहुबली, महाबली बने उनके आगे पीछे खाकी जरूर थी।इस दौड़ में कोई पीछे नहीं है,चाहें थाने के दरोगा जी हो ,या सीओ साहब या अशोक की लाट कंधे पर लगाए बड़े साहब।हालांकि सब ऐसे नहीं हैं, इसीलिए अच्छे का सम्मान और दागी को जेल भेजना पड़ेगा। नौबस्ता के इंस्पेक्टर साहब ने एक बाप की पुकार एक बेटी के भविष्य की अनदेखी तो की ही थी उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जीरो टॉलरेंस की भी धज्जियां उड़ाई थी। उन्हें सजा क्यों नहीं,और कब? जो दल सरकारें गुंडे माफिया पालती थी उनको छोड़ दीजिए,आज तो जीरो टॉलरेंस की बात करने वाले योगी गद्दी पर है। जब तक नौबस्ता जैसी घटनाओं में शामिल खाकी का बस्ता बांध कर उनको थाने से डाकखाने नहीं भेजेंगे,सिस्टम में सुधार नहीं होगा। अखिलेश दुबे कांड में तीन एसीपी और कुछ इंस्पेक्टर कानून के दायरे में आए हैं।इंतजार तो उनको जेल के सिंखचे में पहुंचने का है।मत भूलिए दोष उनका ज्यादा है जो खाकी और संविधान की शपथ लेकर टूटपंजियों को माफिया बना रहे हैं। अंत में एक पुरानी सच्ची घटना सुना कर हम सब को

**मार्शल का बाईस्कोप**

अपनी जिम्मेदारी का एहसास दिलाना चाहते हैं। बात दो हजार 7 के आसपास की है।मै उस समय ₹साप्ताहिक₹। हेलो कानपुर में था,और ऑफिस मोतीझील के सामने डा अनिल जैन के बंगले में ।एक शाम ऑफिस के बाहर से एक साइकिल चोरी हो गई, तो संपादक प्रमोद जी ने स्वरूप नगर थाने में कंप्लेंट करने को कहा।शिकायती प्रार्थनापत्र भेज दिया गया।ठीक अगले दिन या दो दिन बाद एक हाकर की साइकिल फिर उठ गई।नाराज संपादक जी ने फिर कहा जाइए, कहिए जाकर इंस्पेक्टर साहब से।अबकी बार जो गया उससे इंस्पेक्टर साहब ने कहा ,अरे भाई अपने संपादक जी से कहिए एक चौकीदार रखें अपने ऑफिस में।जो गया था,उसने हूबहू बात बता दी। फिर क्या डॉट फोन से नंबर मिलाया गया। इधर से प्रमोद जी ने कहा, हां इंस्पेक्टर साहब बोल रहे है... परिचय देने के बाद बोले क्या कहा आपने एक चौकीदार रख लें.. ? भाई कितने चौकीदार मै रखूं? आधा सैकड़ा तो रखे हैं मैने.. उधर से अचकचा कर इंस्पेक्टर ने पूंछा,साहब दो रखिए केवल एक दिन का एक रात का.. फिर तो डीजीपी रहचुके विक्रम सिंह,जैसे अफसरों के सामने शहर से पत्रकारिता के झंडे गाड़ चुके प्रमोद जी ने कहा क्यों भाई एक अदद एसएसपी,दो एस पी,एक दर्जन सीओ तीन दर्जन तुम्हारे जैसे इंस्पेक्टर मेरी और मेरे जैसे कनपुरियों की चौकीदारी की ही तनख्वाह ले रहे हैं,और उसके बाद मैं एक चौकीदार और रखूं? फिर क्या इंस्पेक्टर साहब नहीं सर, जी सर.....। बात यहीं खत्म नहीं हुई प्रमोद जी ने अगले दिन मीटिंग में सबको बैठाकर कहा इस बार की कवर स्टोरी साइकिल चोरी पर रहेगी शहर के किस थाने में कितने सालों से साइकिल चोरी की कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई, उसका डेटा जुटाया गया तो पता चला कहीं भी दो,कहीं चार और कहीं आठ दस साल से कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। इटावा के दस्युओं के एनकाउंटर कर चर्चित हुए दलजीत सिंह डीआईजी थे,उनका इंटरव्यू हुआ,और फिर हेलो कानपुर कवर स्टोरी ₹शहर साइकिल चोरी से मुक्त₹ बाजार में आ गया डीआईजी साहब का आदेश हुआ और फिर शहर के अखबारों में खबरें दिखने लगी फजलगंज में साइकिल चोरी, नजीराबाद में साइकिल चोर पकड़े गए...., हमने लिखा था,और हमारा मानना था, साइकिल मजदूर किसान के पैर होते हैं।20/25 किलोमीटर दूर से दादानगर,पनकी,आने वाले लेबर या नौकरीपेशा आदमी की साइकिल चोरी होते ही उसके पैर कट जाते हैं।कई बार वह ऑटो बस का किराया नहीं दे पाता और नौकरी छोड़ देता है। यह थी पत्रकारिता ,आम जनमानस के प्रति जिम्मेदारी का जुनून। देश दुनिया की तरह शहर में भी अखबार,चैनल,पोर्टल,और पत्रकारों की भीड़ बढ़ गई है ।इंस्टेंट काफी और फास्ट फूड की तरह पत्रकारिता भी जल्दी में है।थाने तहसीलों में प्रेस नोट और अधिकारियों से निजी संबंधों को तरजीह देने और निजी स्वार्थों को पहले पायदान पर रखने का नतीजा सामने है। हालांकि आज भी जुनूनी, जीवट के धनी पत्रकार बहुतायत में ही हैं। अब ऐसे में कौन सवाल उठाएगा कि नौबस्ता इंस्पेक्टर का क्या होगा।नौबस्ता एक बानगी है ।हर जिले में कई नौबस्ता है,और हर नौबस्ता में कई दागी खाकी हैं।कैसे बंधेगा इनका बस्ता ?कैसे होंगे हम सुरक्षित? यही आज का बड़ा सवाल है।

# अपनी भाषा के खिलाफ खड़े हो रहे हैं हम


राजकुमार जैन राजन

**हिंदी दिवस पर विशेष**

हिंदी की अस्मिता, स्वीकृति और व्यवहारिक प्रतिष्ठा के लिए समय समय पर व्यक्त की जाने वाली चिंता सचमुच हमारी चिंता का विषय है। हिंदी भाषी प्रदेश हों या अहिन्दी भाषी, सभी जगह अंग्रेजी ने अपनी गिरफ्त मज़बूत कर ली है। एक खास बंदरबांट की की भूमिका में अंग्रेजी समस्त भारतीय भाषाओं को परस्पर लड़वा कर एक छत्र शासन करने की मंजिल पर है। वह हमसे हमारी भाषा ही नहीं हमारी स्वाधीन चेतना, आत्मगौरव व सांस्कृतिक विरासत भी छीनने की तैयारी में है। आज हमारी मानसिक दासता चरम सीमा पर जा पहुंची है क्योंकि हमारी यह समझ तक गायब हो चुकी हैं कि हम अपनी ही भाषा में अपने ही खिलाफ खड़े हो गए हैं। आज अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में देखा जाए तो हिंदी अपनी स्थिति मज़बूत बना रही है। पूरे विश्व में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा हिंदी ही है किंतु हमारे ही देश में स्थिति दयनीय है। हमारी शैक्षणिक संस्थाओं में ऐसे मंदबुद्धि लोग बैठे हैं जो साँस तो हिंदी में लेते हैं, सोचते अंग्रेजी में हैं। खाते हिंदी में हैं, पचाते अंग्रेजी में हैं। वास्तव में हम अपना अधिकार ही खोते जा रहे हैं। संप्रेषण के इस जटिल युग में यदि अपनी भाषा की जड़ें स्वयं ही काटेंगे तो परिणाम विकट ही होंगे। जब हिंदी प्रेमी प्रधानमंत्री माननीय मोदी जी सत्ता में आए तो कुछ आशा बंधी थी कि हिंदी को जल्दी ही राष्ट्र भाषा का दर्ज़ा मिलेगा। पर भारत की राष्ट्रीय शिक्षानीति 2019 के प्रावधानों में हिंदी को 'अनिवार्य भाषा' की श्रेणी से ही हटाये जाने का प्रावधान किया है।दूसरी और उच्च शिक्षा अब हिंदी में भी प्राप्त करने का प्रावधान लागू कर दिया गया है। यह कैसी मानसिकता है? जो भाषा सहज रूप से प्राणवायु की तरह भारत के जन-जीवन में प्रवाहित है, उसको लेकर आशंकाएं और दुराव क्यों ? साहित्य, मीडिया, व्यवहार, कॉरपोरेट जगत, व्यापार, नौकरी, प्रतियोगी परीक्षा आदि क्षेत्रों में बार-बार हिंदी को अपनी सामर्थ्य की अग्नि परीक्षा देनी पड़ती है। जिन लोगों पर इस भाषा की गरिमा कायम रखने की जिम्मेदारी है उनमें से कई दलगत, क्षेत्रगत, Jस्वार्थगत, राजनीति की रोटियां सेंकने लगते हैं । हिंदी एक समूह या भाषा भर नहीं है, यह भारत की परिभाषा है। साइबर दुनिया के बढ़ते प्रभाव एवं कोरोना त्रासदी ने भी हिंदी की बिंदी पौंछने का जबरदस्त काम किया है। कई लोग स्वयम्भू विशेषज्ञ बनकर अपनी मठाधीशी चलाने लगे। कुछ अपवाद छोड़ दें तो ऑनलाइन यू ट्यूब चैनल, व्हाट्सएप्प, फेसबुक व अन्य माध्यमों से हिंदी की दुर्दशा करने में कोई कमी नहीं रखी जा रही है। साहित्यकारों की एक नई जमात यहाँ पैदा हो गई जिसे न व्याकरण का ज्ञान है न भाषा का सौंदर्यबोध ही है। हिंदी भाषा को इस तरह विकृत रूप में प्रस्तुत किये जाने के साथ ही रुपये देकर सम्मानित होने, रचनाएँ प्रकाशित करवाने का 'व्यवसाय' भी बड़ी तेजी से फल-फूल रहा है। पत्रिकाओं के संपादक राशि लेकर घोड़े और गधों का समान मूल्यांकन कर रहे है। हिंदी साहित्य जगत में यह स्थिति चिंतनीय है। हिंदी को देश में राष्ट्र भाषा के रूप में प्रतिष्ठित कराने हेतु काफी प्रयास की आवश्यकता है तो केंद्र व राज्य सरकारों द्वारा भी दृढ़ इच्छा शक्ति की दरकार रहेगी। हिंदी को राष्ट्र भाषा कहने पर कुछ लोगों को न जानें क्यों बदहजमी सी होने लगीति है। पाखंड और कुतर्क इस समय के विचित्र लक्षण हैं विशेषज्ञ वर्षों से रुदन कर रहे हैं कि हिंदी में उच्च कोटि का वैज्ञानिक चिंतन नहीं है। मनीषी विलापरत हैं कि हिंदी में विश्व स्तर का साहित्य नहीं है। इन सब महान आत्ममुग्धों से भारत के नागरिकों को पूछना चाहिए कि जो नहीं है उसे सम्भव कौन करेगा? आप आगे बढ़कर हिंदी को समृद्ध करने का दायित्व क्यों नहीं उठाते। क्यों नहीं आप अपनी प्राचीन साहित्यिक विरासत से रूबरू होते? आज विश्व में हिंदी पढ़ने, लिखने, बोलने वालों की तादात बढ़ रही है, वहीं हिंदी भारत की समस्त बोलियों और क्षेत्रीय भाषाओं की अगुवाई कर रही है, कहीं कमजोरी है तो हम हिंदी वालों में ही है...... ।

## एक नजर

### राजस्व न्यायालयों से पत्रावलियों के गायब होने पर जिलाधिकारी सख्त

**कुशीनगर।** राजस्व न्यायालय से पत्रावली न मिलने एवं गुम होने की शिकायतें प्राप्त होने के बाद जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने बहुत ही सख्त रुख अपनाया है। इस क्रम में उन्होंने जिले की सभी राजस्व अदालतों के पीठासीन अधिकारियों को अपने – अपने न्यायालयो में पत्रावलियों को व्यवस्थित एवं सुरक्षित कराने की हिदायत दी है। साथ ही राजस्व न्यायालय कम्पयूटरीकृत प्रबन्धन प्रणाली उत्तर प्रदेश के पोर्टल पर समस्त वादों की फीडिंग कराकर इस आशय का प्रमाण पत्र तीन दिनों के भीतर इस आशय का प्रमाणपत्र उपलब्ध कराने का भी आदेश दिया है कि राजस्व न्यायालय कम्प्यूटरीकृत प्रबन्धन प्रणाली उत्तर प्रदेश के पोर्टल पर दर्ज समस्त पत्रावलियां न्यायालय में उपलब्ध है। जिलाधिकारी ने आगाह किया है कि पोर्टल पर दर्ज पत्रावलियों में से किसी भी पत्रावली के गुम हो जाने या उसके न मिलने पर सम्बन्धित पीठासीन अधिकारी को ही जिम्मेदार माना जायेगा। जिलाधिकारी श्री तंवर ने कहा है कि यदि भविष्य में पत्रावली न मिलने की शिकायत आती है तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

### डॉ. हिमांशु गुप्ता पुन: निर्वाचित केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष



अम्बेडकर नगर। जिले में इस वर्ष आयोजित होने वाले केंद्रीय दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारियों को लेकर हुई बैठक में सर्वसम्मति से डॉ. हिमांशु गुप्ता को पुनः केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति का अध्यक्ष चुना गया। संरक्षक मंडल और सभी दुर्गा पूजा समितियों ने उनके नेतृत्व पर एक बार फिर भरोसा जताया। चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद समिति के पदाधिकारियों और भक्तों ने डॉ. गुप्ता को बधाई दी। उपस्थित लोगों ने कहा कि उनके नेतृत्व में दुर्गा पूजा महोत्सव लगातार अनुशासित, भव्य और श्रद्धापूर्ण ढंग से सम्पन्न होता आ रहा है, और इस वर्ष भी आयोजन और अधिक भव्य स्वरूप में होगा। अध्यक्ष चुने जाने के बाद डॉ. हिमांशु गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समिति की परंपराओं को बनाए रखते हुए सहयोग और सहभागिता के साथ पूजा महोत्सव को सफल बनाया जाएगा। उन्होंने भक्तों से शांति, सद्भाव और उत्साह के साथ मां दुर्गा की आराधना में शामिल होने की अपील की। बैठक के दौरान बाल्मीकि उपाध्याय, मनोज गुप्ता, सुरेश वर्मा, बाबा राम शब्द यादव सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

### महामाया मेडिकल कॉलेज में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर जागरूकता रैली



**अंबेडकरनगर।** विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज, अंबेडकरनगर में एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और आत्महत्या की प्रवृत्ति को रोकने के लिए समाज में सकारात्मक संदेश फैलाना था।रैली का शुभारंभ कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) मुकेश यादव ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर उप–प्रधानाचार्य डॉ. उमेश वर्मा, मानसिक रोग विभागाध्यक्ष डॉ. अमित गुप्ता, मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. बृजेश, ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज गुप्ता, फार्माकोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. संजय सिंह, दंत रोग विभागाध्यक्ष डॉ. अभिषेक पाण्डेय, एनाटोमी विभागाध्यक्ष डॉ. संदीप कुमार शर्मा, बी.एससी. नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ. भास्करन, उप–प्राचार्य डॉ. सुमित शर्मा सहित अन्य संकाय सदस्य, छात्र–छात्राएँ और कर्मचारी उपस्थित रहे। रैली में प्रतिभागियों ने आत्महत्या रोकथाम, मानसिक स्वास्थ्य और सकारात्मक जीवन दृष्टिकोण पर आधारित स्लोगन और बैनरों के माध्यम से जागरूकता फैलाई। वक्ताओं ने मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के लक्षण, समय पर परामर्श की आवश्यकता और सहायता के उपायों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन मानसिक रोग विभाग ने किया। अंत में सभी को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और समाज में सकारात्मक सोच बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। यह आयोजन न केवल जागरूकता बढ़ाने में सफल रहा, बल्कि समाज में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित करने में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा।

### शराब के नशे में धुत बाइक सवार युवक अनियंत्रित होकर गिरा, मौत

हजपुरा अंबेडकर नगर। बीती रात्रि समय लगभग 10 :30 बजे पुलिस को सूचना मिली, कि ग्राम सतरही को जाने वाली सड़क पर एक बाइक पड़ी हुई है, तथा सड़क किनारे नाली में एक युवक अचेत अवस्था में पड़ा हुआ है , जानकारी मिलते ही सम्मनपुर थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह मय फोर्स के साथ पहुंचे तो देखा कि एक लड़का जिसकी उम्र लगभग 25 वर्ष बताई गई, सड़क किनारे नाली में औंधे मुह गिरा हुआ था, जो लगभग मरणासन्न अवस्था में मिला ,तलाशी लेने पर कोई भी वस्तु बरामद नहीं हुई। मृतक व्यक्ति का गाड़ी नंबर यूपी 45 एच एम 5942 जो कि सड़क पर पडी हुई मिली , मृतक व्यक्ति के पते के बारे में जानकारी की गयी तो उसका नाम अतुल उर्फ अभिषेक यादव पुत्र त्रिवेणी यादव निवासी मोतिगरपुर थाना टांडा जनपद अंबेडकर नगर के रूप में पहचान हुई, जो कि शराब पीने का आदी हैं। उसके घुटना तथा सिर पर रगड़ के चोट पाएं गए ,ऐसा प्रतीत होता है की शराब के नशे में मोटरसाइकिल से गिरने के बाद बगल में नाली में गिर गया ! पुलिस द्वारा युवक को मरणासन्न अवस्था में जिला अस्पताल 108 के माध्यम से भेजा गया है।



# काशी से उत्तराखंड तक प्रधानमंत्री मोदी का दौरा

## विकास, कूटनीति और मानवीय सरोकार का अद्वितीय संदेश

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 11 सितम्बर का दिन भारत की राजनीति, कूटनीति और जनजीवन तीनों दृष्टियों से ऐतिहासिक महत्व रखने वाला साबित होगा। यह दिन इसलिए खास होगा क्योंकि सुबह वह अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम की मेजबानी करेंगे और शाम होते-होते उत्तराखंड के बाढ़ प्रभावित इलाकों का जायजा लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह दौरा काशी की धरती से शुरू होकर हिमालय की गोद तक जाएगा और भारत की आत्मा को जोड़ने वाला, वैश्विक दृष्टि को आगे बढ़ाने वाला तथा मानवीय पीड़ा को समझने वाला एक विराट संदेश देगा।

वाराणसी का कार्यक्रम इस दृष्टि से सबसे महत्वपूर्ण है कि यहां भारत और मॉरीशस के बीच द्विपक्षीय सहयोग की नई इबारत लिखी जाएगी। यह केवल दो प्रधानमंत्रियों की बैठक नहीं है बल्कि दो सभ्यताओं, दो सांस्कृतिक धरोहरों और दो समुद्री पड़ोसियों का गहरा संवाद है। भारत और मॉरीशस के रिश्तों की जड़ें सदियों पुरानी हैं। प्रवासी भारतीयों ने मॉरीशस की माटी में भारतीय संस्कृति, परंपरा और भाषा को संजोया है। इसीलिए जब दोनों देशों के नेता वाराणसी जैसे आध्यात्मिक और सांस्कृतिक नगर में मिलते हैं तो यह केवल कूटनीतिक वार्ता नहीं बल्कि संस्कृतियों का उत्सव भी होता है।

प्रधानमंत्री मोदी और प्रधानमंत्री रामगुलाम के बीच वार्ता में जिन विषयों पर चर्चा होगी, वे भारत के भविष्य के साथ-साथ वैश्विक दक्षिण की दिशा तय करने वाले होंगे। विकास साझेदारी, क्षमता निर्माण, स्वास्थ्य, शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, अवसंरचना, नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर और नीली अर्थव्यवस्था – ये सभी क्षेत्र ऐसे हैं जिनमें भारत और मॉरीशस का सहयोग आने वाले वर्षों में एक आदर्श मॉडल बन सकता है। यह वार्ता केवल दस्तावेजों तक सीमित नहीं रहेगी बल्कि धरातल पर दोनों देशों की जनता को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

काशी की मिट्टी से निकलने वाला यह संदेश भी अनूठा है कि भारत अपने साझेदारों को बराबरी का दर्जा देता है। प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा यह रेखांकित किया है कि पड़ोसियों और समुद्री पड़ोसियों के साथ संबंध केवल राजनीतिक या आर्थिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और मानवीय होते हैं। 'सागर' यानी क्षेत्रीय सुरक्षा और विकास की नीति तथा 'पड़ोसी प्रथम' दृष्टिकोण भारत की विदेश नीति के केंद्र में हैं। मॉरीशस इसका सशक्त उदाहरण है। हिंद महासागर में उसकी सामरिक स्थिति और भारत से उसका सांस्कृतिक जुड़ाव दोनों मिलकर उसे एक प्राकृतिक साझेदार बनाते हैं।



मार्च 2025 में जब प्रधानमंत्री मोदी मॉरीशस गए थे, तब दोनों देशों ने संबंधों को 'संवर्धित रणनीतिक साझेदारी' के स्तर तक ले जाने का निर्णय लिया था। वाराणसी का यह सम्मेलन उस यात्रा की स्वाभाविक कड़ी है। इसके जरिए न केवल द्विपक्षीय संबंध गहरे होंगे बल्कि हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की भूमिका और भी सशक्त होगी।

काशी का आध्यात्मिक वातावरण इस बैठक को और भी ऐतिहासिक बनाता है। यहां गंगा की धारा और मंदिरों की घंटियां उस आत्मिक जुड़ाव की गवाही देती हैं जो भारत और मॉरीशस के बीच हमेशा से रहा है। प्रवासी भारतीयों की बड़ी आबादी मॉरीशस में रहती है और वे काशी और भारत से अपनी जड़ों को जोड़कर देखते हैं। ऐसे में वाराणसी में यह सम्मेलन दोनों देशों के लिए भावनात्मक स्तर पर भी विशेष महत्व रखता है।

वार्ता के बाद प्रधानमंत्री मोदी सीधे उत्तराखंड के लिए रवाना होंगे। वहां उनका कार्यक्रम पूरी तरह अलग प्रकृति का होगा। काशी में जहां उन्होंने कूटनीति और वैश्विक सहयोग की नई धारा बहाई, वहीं उत्तराखंड में वह मानवीय सरोकार और आपदा प्रबंधन का उदाहरण प्रस्तुत करेंगे। देहरादून पहुंचकर वह बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण करेंगे और शाम पांच बजे उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह दर्शाता है कि प्रधानमंत्री मोदी एक ओर वैश्विक मंच पर भारत की आवाज बुलंद कर रहे हैं और दूसरी ओर देश के पीड़ित नागरिकों की सुध भी ले रहे हैं।

उत्तराखंड की बाढ़ ने वहां की जनता को गहरी चोट पहुंचाई है। पहाड़ी इलाकों में आपदा राहत कार्य आसान नहीं होता। संचार के साधन, सड़कें और अन्य अवसंरचना अक्सर बुरी तरह प्रभावित हो जाती हैं। ऐसे समय में प्रधानमंत्री का सीधे मौके पर जाना प्रशासनिक मशीनरी को न केवल सक्रिय करता है बल्कि पीड़ित जनता में विश्वास भी जगाता है। यह संदेश जाता है कि केंद्र सरकार उनके साथ खड़ी है और राहत व पुनर्वास कार्य में कोई कोताही नहीं होगी।

प्रधानमंत्री मोदी का यह दौरा भारत की राजनीति का अनोखा संगम भी है। एक ओर वह अपने संसदीय क्षेत्र काशी में वैश्विक कूटनीति का केंद्र बनते हैं और दूसरी ओर उत्तराखंड में आपदा पीड़ित जनता के बीच संवेदनशील नेतृत्व का परिचय देते हैं। यह दिखाता है कि उनके लिए विदेश नीति और घरेलू जिम्मेदारी दोनों समान रूप से महत्वपूर्ण हैं।

यह भी उल्लेखनीय है कि काशी से उत्तराखंड तक का यह सफर भारत की भौगोलिक और सांस्कृतिक विविधता का प्रतीक है। एक तरफ गंगा की अविरल धारा और दूसरी तरफ हिमालय की ऊंची चोटियां। एक तरफ अंतरराष्ट्रीय साझेदारी की गूंज और दूसरी तरफ पीड़ित जनता की आह। प्रधानमंत्री मोदी ने इस यात्रा के जरिए यह संदेश दिया है कि भारत का विकास केवल कागजों पर नहीं बल्कि जन-जन के जीवन में बदलाव लाने का संकल्प है।

काशी में मॉरीशस के प्रधानमंत्री के साथ हुई वार्ता से निकलने वाला संदेश आने वाले वर्षों में भारत की विदेश नीति का आधार बनेगा। वहीं उत्तराखंड में हुई समीक्षा बैठक और राहत कार्य की गति यह दिखाएगी कि भारत की सरकार संवेदनशीलता और तत्परता दोनों में अग्रणी है।

यह दौरा एक व्यापक दृष्टि का परिचायक है। प्रधानमंत्री मोदी की राजनीति केवल विकास या चुनाव तक सीमित नहीं रहती। वह कूटनीति, संस्कृति, आपदा प्रबंधन और मानवीय सरोकारों को एक साथ जोड़ती है। यही कारण है कि उनका हर कदम भारत की नई पहचान बनाता है।

11 सितम्बर का यह दिन इतिहास के पन्नों में दर्ज होगा। काशी की धरती पर भारत–मॉरीशस संबंधों का नया अध्याय और उत्तराखंड की घाटियों में राहत और पुनर्वास की नई उम्मीद, दोनों साथ-साथ लिखे जाएंगे। यह केवल प्रधानमंत्री मोदी का दौरा नहीं है बल्कि भारत की आत्मा का विस्तार है।

काशी से निकलकर उत्तराखंड तक पहुंचने वाला यह संदेश हमें याद दिलाता है कि भारत की शक्ति उसके विकास में है, उसकी संस्कृति में है और उसकी संवेदनशीलता में है। जब काशी और हिमालय की आत्माएं एक साथ बोलती हैं तो दुनिया को सुनना पड़ता है। प्रधानमंत्री मोदी का यह दौरा उसी आवाज को और बुलंद करता है।

## कसया में साप्ताहिक बंदी को लेकर श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने किया निरीक्षण

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** श्रम प्रवर्तन अधिकारी कुशीनगर अलंकृता उपाध्याय ने कसया नगर में साप्ताहिक बंदी के अनुपालन को सुनिश्चित करने को लेकर निरीक्षण किया और श्रम कानूनों के कड़ाई से पालन के निर्देश व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और दुकानदारों को दिए।

बुधवार को नगर के गोलाबाजार सहित अन्य मार्गों की सड़कों किनारे स्थित विभिन्न प्रतिष्ठानों एवं दुकानों का श्रम प्रवर्तन अधिकारी कुशीनगर अलंकृता उपाध्याय ने भौतिक सत्यापन किया गया। निरीक्षण में श्रम प्रवर्तन अधिकारी अलंकृता उपाध्याय ने पाया कि अधिकांश प्रतिष्ठानों ने नियमानुसार साप्ताहिक बंदी का पालन किया है। बताया कि जिन प्रतिष्ठानों में अनियमितता पाई गई, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने नगर के सभी प्रतिष्ठान मालिकों एवं संचालकों से अपील की है कि वे श्रम कानूनों के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करें एवं अपने श्रमिकों को नियमानुसार साप्ताहिक अवकाश प्रदान करें। ऐसा न करने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी। अभियान में अभिषेक कुमार श्रीवास्तव कनिष्ठ सहायक, रामेश्वर सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष एवम अन्य उपस्थित रहे।



» व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को दिए श्रम कानूनों के कड़ाई से पालन के निर्देश

## पुलिसिया मुठभेड़ में तीन पशु तस्कर घायल व गिरफ्तार, 26 गौवंशीय मवेशी बरामद

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कुशीनगर।** इस जिले के पटहेरवा थाना क्षेत्र में आज सबेरे पुलिस और पशु तस्करों के बीच हुई मुठभेड़ के दौरान तीन पशु तस्कर घायल हो गए , जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस की ओर से चलाई गई गोली पशु तस्करों के पैर में लगी है। तीनों को इलाज के लिए पुलिस की हिरासत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इन पशु तस्करों के कब्जे से 26 गौवंशीय मवेशियों के साथ ही तीन तमन्चों व लकड़ी का ठीहा आदि की भी बरामदगी हुई है।

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा की ओर से इस बावत दी गयी जानकारी के अनुसार जिले भर में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज पटहेरवा थाना क्षेत्र में कुछ पशु तस्कर की मौजूदगी की सूचना प्राप्त मिली थी। इस सूचना के आधार पर तत्काल पुलिस टीम का गठन किया गया।

पटहेरवा, कसया, रामकोला, खड्डा, तरयासुजान एवं तमकुहीराज थानों तथा स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा पटहरेवा थाना क्षेत्र के पटहेरिया - समउर रोड स्थित बलुआ शमशेर शाही गांव के समीप घेराबंदी कर चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान एक कन्टेनर (बड़ा ट्रक) आता दिखा। उसे पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया, तो वाहन पर सवार रहे लोगों ने निशाना साधकर पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया गया। प्रतिरक्षा में पुलिस टीम द्वारा जवाबी फायरिंग की गयी, तो कन्टेनर चालक सहित तीन तीन लोग गन्ने के खेत में भागकर छिप गये और गन्ने की आड़ से पुलिस टीम पर फायरिंग करने लगे।

कांम्बिग के दौरान तीनों घायल पाए गये, जिनकी पहचान जब्बार पुत्र शरीफ लौहार (निवासी - भवन , थाना शमशाबाद , जिला आगरा) , फैजान पुत्र बाबू कुरैसी (निवासी - घेर मर्दान खाँ , थाना कोतवाली , जनपद रामपुर) तथा नईम पुत्र रईस अहमद बंजारा (निवासी - काशीपुर, थाना गंज, जनपद रामपुर) के रुप में हुई है। इनके कब्जे से मौके पर 26 गोवंशीय मवेशियों, एक कन्टेनर (ट्रक), तीन तमन्चों (315 बोर मय छः जिन्दा कारतूस), छः खोखा कारतूस, लकडी का एक ठीहा, एक बांका, एक एंड्रायड फोन, 2000/- रुपया की नगदी आदि की बरामदगी हुई है। घायल अभियुक्तों को पुलिस अभिरक्षा में इलाज हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस द्वारा की गयी पूछताछ के दौरान इन पशु तस्करों ने बताया है कि इन लोगों का एक संगठित गिरोह है , जो विभिन्न जनपदों से गोवंशीय पशुओं को वाहन पर क्रूरतापूर्वक लाद कर वध हेतु बिहार ले जाता है और गोकशी कर अवैध धन अर्जित करता है।



पुलिस ने बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर सुसंगत धाराओं अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों को जेल भेज दिया है। यह बरामदगी एवं गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष पटहेरवा विनय कुमार मिश्र मय टीम, प्रभारी निरीक्षक तमकुही राज सुशील कुमार शुक्ला मय टीम, प्रभारी निरीक्षक तरयासुजान धनबीर सिंह मय टीम, प्रभारी निरीक्षक रामकोला राजप्रकाश सिंह मय टीम, प्रभारी निरीक्षक कसया अमित शर्मा मय टीम, प्रभारी निरीक्षक खड्डा गिरिजेश उपाध्याय मय टीम, प्रभारी निरीक्षक स्वाट टीम आशुतोष सिंह स्वाट टीम, उप निरीक्षक शरद भारती (प्रभारी सर्विलांस सेल), उनि मनोज वर्मा चौकी प्रभारी व अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## जिलाधिकारी ने किया बांसी व हिरण्यवती नदियों की सफाई हेतु टास्क फोर्स का गठन

### संबंधित इलाकों के एसडीएम राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल के माध्यम से करेंगे सर्वेक्षण

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कुशीनगर।** पौराणिक एवं धार्मिक दृष्टि से बांसी नदी का बहुत महत्व है। जिसका वर्णन तुलसीदास द्वारा रचित रामचरित मानस में किया गया है। यह नदी जिले के जटहा बाजार के निकट बड़ी गंडक नदी से निकलती है और तमकुहीराज तहसील के पिपराघाट के पास बड़ी गण्डक नदी में ही मिल जाती है। इसका कुछ भाग पड़ोसी बिहार राज्य में भी पड़ता है। मान्यता है कि भगवान श्रीराम ने स्वयंवर के बाद जनकपुर से लौटते समय इस नदी के तट पर विश्राम किया गया था। उस स्थल पर प्रत्येक वर्ष कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर भव्य मेला जुड़ता है। आजकल इस नदी में बड़ी मात्रा में जलकुम्भी फैली हुई है और जगह-जगह लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। अब प्रशासन ने इस नदी को पुनरोद्धार हेतु इसके सिल्ट आदि की सफाई एवं नदी की धारा को अविरल बनाने के उद्देश्य से टास्क फोर्स का गठन किया है। इसके साथ ही बुद्धकालीन हिरण्यवती नदी के भी पुनरोद्धार हेतु अलग टास्क फोर्स गठित किया गया है। यह नदी भगवान बुद्ध के महा परिनिर्वाण स्थल से होकर बहती है।

जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने बाँसी नदी हेतु गठित टास्कफोर्स का अध्यक्ष मुख्य विकास अधिकारी को बनाया है। जब कि प्रभागीय वनाधिकारी, सामाजिक वानिकी वन प्रभाग, खड्डा, पड़रौना एवं तमकुहीराज के उप जिलाधिकारियों, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग, अधिशासी अभियंता बाढ़ खण्ड, उपायुक्त श्रम रोजगार, उप निदेशक कृषि सदस्य, जिला पंचायत राज अधिकारी तथा खड्डा, पड़रौना, तमकुहीराज के तहसीलदारों, खड्डा, छितौनी, पड़रौना, दुदही एवं सेवरही के नगरीय निकायों के अधिशासी अधिकारियों को सदस्य बनाया है। श्री तंवर ने स्पष्ट किया है कि टास्क फोर्स के कार्य एवं दायित्व बांसी नदी के जीर्णोद्धार हेतु सर्वप्रथम नदी की सीमा का चिन्हांकन अधिशासी अभियंता, सिंचाई विभाग कुशीनगर एवं अधिशासी अभियंता, बाढ़ खण्ड, कुशीनगर द्वारा कराया जायेगा। इस सर्वेक्षण में सम्बन्धित उपजिलाधिकारी अपने राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल के माध्यम से सर्वेक्षण में सहयोग करेगें। नदी के चिन्हांकन के बाद सफाई कार्य में आ रही बाधाओं को सूचीवद्ध करते हुए इनका निराकरण सक्षम स्तर से कराये जाने हेतु त्वरित कार्यवाही की जायेगी। सर्वेक्षण रिपोर्ट विषयक आंकड़ो का संग्रहण, एकत्रण अधिशासी अभियतां, बाढ खण्ड द्वारा किया जायेगा तथा इस सन्दर्भ में रंगभरी नक्शा प्रस्तुतीकरण बाढ़ खण्ड के अधिशासी अभियंता करेंगे। नदी में पानी की उपलब्धता बनाये रखने हेतु कार्ययोजना तैयार करने की जिम्मेदारी सिंचाई एवं बढ़ खंडों के अधिशासी अभियन्ताओं को सौंपी गई है। ये अधिकारी नदी में पानी की मात्रा को बढ़ाने एवं निरंतर उपलब्धता बनाये रखने हेतु किन नहरों को नदी से जोड़ा जाये, इससे सम्बन्धित कार्ययोजना तैयार कर जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। बांसी नदी की साफ-सफाई के संबंध में कार्ययोजना हेतु बाढ़ खंड के अधिशासी अभियन्ता व उपायुक्त ( श्रम रोजगार ) द्वारा तैयार की जाएगी। नदी के सेक्टर चैनजवार साफ-सफाई हेतु संसाधनों श्रमिक, जेसीबी, पोकलैन आदि की आवश्यकता, उपलब्धता, पता, वैकल्पिक व्यवस्था का आंकलन जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा किया जायेगा।

» बाँसी नदी की पौराणिक एवं धार्मिक महत्ता है, तो बौद्ध मतावलंबियों हेतु हिरण्यवती का है विशेष महत्व

इसी तरह हिरण्यवती नदी (बकिया नाला) के पुनरोद्धार के लिए गठित टास्क फोर्स का अध्यक्ष अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) को नामित किया गया है। कसया के उपजिलाधिकारी, सिंचाई एवं बाढ़ खंडों के अधिशासी अभियंताओं, मनरेगा उपायुक्त, जिला पंचायतीराज अधिकारी, तहसीलदार कसया, कुशीनगर नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी, क्षेत्रीय वनाधिकारी (रेंजर), रामकोला एवं कसया के खण्ड विकास अधिकारियों को सदस्य नामित किया गया है। जिलाधिकारी के अनुसार हिरण्यवती नदी से जुड़ें नहरों के कुलावों (विभिन्न गुलों) का चिन्हांकन एवं बाधाओं का निराकरण सिंचाई एवं बाढ़ खंडों के अधिशासी अभियंताओं द्वारा किया जायेगा। सर्वेक्षण में सहयोग हेतु सम्बन्धित हल्का लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक इनके साथ होंगे । गुलों के चिन्हांकन के बाद हिरण्यवती नदी से उन्हें जोड़ने में आ रही वाधाओं को सूचीवद्ध करते हुए इनका निराकरण सक्षम स्तर से कराये जाने हेतु त्वरित कार्यवाही की जायेगी। सर्वेक्षण रिपोर्ट विषयक आंकड़ो का संग्रहण - एकत्रण सिंचाई खंड के अधिशासी अभियंता द्वारा किया जायेगा तथा इस सन्दर्भ में रंगभरी नक्शा प्रस्तुतीकरण बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता द्वारा किया जायेगा। टास्क फोर्स एक सप्ताह के अन्दर विभिन्न गूलों का चिन्हांकन कराकर उनके नदी से जुड़ाव में आ रही बाधाओं के बारे में जिलाधिकारी को अवगत करायेगा। इसी तरह से हिरण्यवती नदी की साफ-सफाई की कार्य योजना जिला पंचायतीराज अधिकारी व कुशीनगर नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी द्वारा तैयार की जायेगी। श्रम लागत घटक के अन्तर्गत नदी तट की साफ-सफाई हेतु श्रमिकों की आवश्यकता, उपलब्धता एवं वैकल्पिक व्यवस्था की गणना की जानी है। नदी चैनल की साफ-सफाई हेतु संसाधनों को उनकी आवश्यकता, उपलब्धता, वैकल्पिक व्यवस्था के आधार पर आकलित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि नदी तट पर वृक्षारोपड़ के संबंध में निर्देशित किया गया है कि वर्तमान में बुद्धाघाट से कुशीनगर-देवरिया रोड की तरफ नदी के दाहिनें तट पर लगभग 500 मीटर में मियांवाकी पद्धति से वनीकरण हुआ है। नदी तट के दोनो ओर वृक्षा रोपड़ की कार्य योजना क्षेत्रीय वनाधिकारी, कसया द्वारा तैयार की जायेगी एवं इस हेतु आवश्यक संसाधनों को आवश्यकता, उपलब्धता एवं वैकल्पिक व्यवस्था को सूचीवद्ध किया जायेगा।

### फाजिलनगर में शिक्षा महोत्सव 26 उत्कृष्ट शिक्षक सम्मानित

**फाजिलनगर (कुशीनगर)।** शिक्षा की रोशनी फैलाने वाले गुरुओं को सलाम करते हुए बुधवार को एक निजी मैरेज हाल में ब्लॉक स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी विजयपाल नारायण त्रिपाठी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राम जियावन मौर्य ने उत्कृष्ट शिक्षकों को प्रमाण पत्र और सम्मान देकर गौरवान्वित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गीत से हुआ। इस मौके पर शिक्षा जगत की कलमदानी सिंह, रामेश्वर सिंह, फरहाद अली, अविनाश शुक्ला, जितेंद्र सिंह, रीना रिकी, सुनील वर्मा सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

**सम्मानित उत्कृष्ट शिक्षक :** प्राथमिक विद्यालय, रामानुज शुक्ला, अमरजीत कुमार, शशक कुमार गुप्ता, प्रियंका राय, धर्मेंद्र कुमार गौतम, ऊषा सिंह, वेदब्यास पांडेय, पंकज कुमार गौड़, प्रहलाद प्रसाद, मोहन कुमार। उच्चतर प्राथमिक विद्यालय रवि कुमार राय, संजय कुमार शुक्ला, हरिनारायण प्रसाद, प्रियंका चतुर्वेदी, रविकेश मणि त्रिपाठी, सुनील कुमार, सुरेंद्र कुमार मिश्रा, दिग्विजय सिंह, प्रियंका यादव, रीना सिंह, रिंकी यादव, राकेश प्रसाद, संतोष प्रसाद, मुहम्मद तस्लीम अंसारी, इंदू गौड़, प्रवीण कुमार।

**प्रतियोगिता** बुद्ध पीजी कॉलेज, कुशीनगर में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर हुई पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

## आत्महत्या का विचार स्वयं से युद्ध करने के समान : प्रो. विनोद मोहन मिश्रा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कसया (कुशीनगर)।** बुद्ध पीजी कॉलेज, कुशीनगर के मनोविज्ञान विभाग द्वारा बुधवार सुबह 10 सितंबर 2025 को 'विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस' की थीम 'चेंजिंग द नैरेटिव ऑन सुसाइड' विषय पर आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में मनोविज्ञान के विद्यार्थियों ने पोस्टर बनाए, प्रदर्शित करते हुए बढ़ते आत्म हत्याओं के रोकथाम पर चर्चा की और इस विषय पर जागरूकता को लेकर सामूहिक प्रयास पर जोर दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विनोद मोहन मिश्र ने कहा कि आत्महत्या का विचार स्वयं से युद्ध करने के समान है। इस युद्ध में हम स्वयं से जीतते और हारते हैं। जीत हमें आगे बढाती है, हार ही आत्म हत्या का कारण बनती है। मुख्य अतिथि महाविद्यालय की सेवानिवृत प्रो. उर्मिला यादव ने कहा कि आज के आधुनिक दौर में मानसिक स्वास्थ्य पर मीडिया का बहुत ही गहरा नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है, जिससे कि आत्महत्या की भावना हर आयु वर्ग में देखी जा सकती है। विभागाध्यक्ष प्रो. राम भूषण मिश्र ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य जागरूकता फैलाना, रोकथाम के तरीकों को अपनाना, आत्महत्या विचार से ग्रसित व्यक्ति में आशा की किरण जगाना है। प्रो. सीमा त्रिपाठी ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों के प्रति आभार ज्ञापित किया।

इस दौरान डॉ. रीना मालवीय, डॉ. वीरेंद्र कुमार साहू एवं डॉ. विशेषता मिश्र उपस्थित रहे। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अंजली कुशवाहा प्रथम, मुनज़्ज़ह समीम खान द्वितीय एवं शशि सिंह तृतीय स्थान प्राप्त किए एवं अंशिका राव, मानसी सिंह, आलिया खान, निधि पांडेय, श्रेया त्रिपाठी, शालू मद्धेशिया को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। विजेताओं को प्राचार्य प्रो. मिश्रा एवं उर्मिला यादव ने पुरस्कृत किया। एमए तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थी अमरेन्द्र कुमार तिवारी, शमसुद्दीन अंसारी तथा शैलेश कुमार साहनी का कार्यक्रम में सक्रिय रूप से योगदान रहा।




## जोकवा बाजार में गंदगी का साम्राज्य !

### बदबू से हलकान लोग, व्यापारियों का मास्क पहनकर प्रदर्शन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फाजिलनगर (कुशीनगर)।** विकासखंड फाजिलनगर के जोकवा बुज़ुर्ग ग्राम पंचायत अंतर्गत कस्बा जोकवा बाजार का रिहायशी इलाका इन दिनों गंदगी और बदबू की चपेट में है। जगह-जगह कूड़े का अंबार और बरसात का जमा पानी स्थानीय लोगों के लिए अभिशाप बन गया है। चारों ओर फैल रही दुर्गंध ने सांस लेना दूभर कर दिया है। लोगों को आशंका है कि प्रशासन की यह लापरवाही कभी भी संक्रामक रोग का बड़ा विस्फोट कर सकती है।जिम्मेदारों की चुप्पी और उदासीन रवैये से नाराज़ व्यापारियों ने बुधवार को सड़क पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया। खास बात यह रही कि सभी व्यापारी सामाजिक कार्यकर्ता नंदलाल विद्रोही के नेतृत्व में मास्क लगाकर विरोध जताए। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन को चेताया कि अगर जल्द गंदगी की सफाई नहीं कराई गई तो बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

व्यापारियों को संबोधित करते हुए नंदलाल विद्रोही ने कहा कि जनहित के इस गंभीर मुद्दे पर प्रशासन की चुप्पी जानलेवा साबित होगी। अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों को जगाना ही होगा।प्रदर्शन में उमेश दुबे, मोहनलाल गुप्ता, कृपा शंकर वर्मा, आंचल अंचल, शतीश गुप्ता, जीतन प्रसाद, अखिलेश गुप्ता, गुलाब गुप्ता, प्रमोद मद्धेशिया, दिनेश जायसवाल, शहादत अंसारी, संतोष गुप्ता, राजू रौनियार, यासिन अंसारी, गुमानी, सलमान अंसारी, नेबूलाल गोंड सहित दर्जनों व्यापारी और स्थानीय नागरिक शामिल रहे।



लोगों का कहना है कि अगर यही हाल रहा तो गंदगी और जलभराव से कभी भी महामारी फैल सकती है। अब देखना होगा कि प्रशासन कब नींद से जागता है और कस्बे को राहत दिलाता है।

## एक नजर

### सांप ने डँसा एक परिवार के दो बच्चों की दर्दनाक मौत



**तुलसीपुर, बलरामपुर।** विधानसभा क्षेत्र तुलसीपुर के ग्राम पंचायत कोडरी में बहुत ही दुखद घटना घटित हो गई, कोडरी के राम वृक्ष गौतम के अबोध पौत्री तथा नाती को विषैले सर्प ने डस लिया जिसके कारण दोनों बच्चों की मौत हो गई। सर्प डसने से एक परिवार के दो बच्चों की खबर क्षेत्र में आग की तरह फैल गई क्षेत्र में तरह तरह की चर्चाएं हो रही है समाचार सुनकर मौके पर पहुंचे तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने दु:खी परिजनों को सांत्वना दिया। तथा पुलिस कर्मियों को तत्काल बच्चों के पोस्टमार्टम कराने का निर्देश दिया।

### एसएसबी ने 50 बोरी यूरिया खाद एक पिकअप के साथ पकड़ी, तीन तस्कर गिरफ्तार



**बहराइच।** 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल नानपारा के सहायक उप निरीक्षक जडेजा सुर सिंह के नेतृत्व में लौकाही से गश्ती दल ने एक पिकअप को रोक लिया। जिस पर 50 बोरी यूरिया उर्वरक लदा था इसके साथ ही तीन तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। बताते चलें कि इन दोनों नेपाल सीमा के माध्यम से उर्वरक की तस्करी बड़े पैमाने पर की जा रही है दर्जनों तस्कर हीरो पूरा का पूरा दिन और रात भारतीय क्षेत्र से तस्कर यूरिया उर्वरक खरीदने और तस्कर नेपाल पहुंचाने में लगे हुए है जबकि तस्करी की वजह से भारतीय क्षेत्र में उर्वरक की काफी किल्लत है वह तस्करी रोकने के लिए पुलिस और एसएसबी की टीम लगातार सीमा पर गश्त कर रही है। सीमा पर तस्करी की गतिविधियों पर कड़ी नजर बनाए रखने और उन्हें रोकने की दिशा में 59 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है।

### शिक्षकों की नौकरी पर नहीं आने दी जाएगी आंच: अरविन्द वर्मा



**बाबागंज,बहराइच।** शिक्षकों के टेट अनिवार्यता के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद देश के शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों की सेवाओं में बने रहने हेतु टेट की अनिवार्यता के जजमेंट से सभी को हिला दिया है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश प्राथमिक संवर्ग की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि 12 सितम्बर 2025 शुक्रवार को विशाल संख्या समूह के साथ राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बहराइच जिलाध्यक्ष आनंद मोहन मिश्र के नेतृत्व में प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिला अधिकारी को सौंपकर टीईटी की अनिवार्यता सम्बन्धी आरटीई एक्ट में संशोधन ज्ञापन देकर आग्रह करेंगी इसके आलावा यदि आवश्यकता पड़ी तो 15 सितम्बर से 25 सितम्बर के बीच उत्तर प्रदेश के सभी सांसदों से मिलकर केंद्र सरकार के माध्यम से आरटीई एक्ट में संशोधन कराने का आग्रह किया जायेगा। जिलाध्यक्ष अध्यक्ष आनंद मोहन मिश्र ने इस बावत जानकारी दी है कि प्रदेश के शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बहराइच हर सम्भव प्रयास करेगा इस बावत राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ नवाबगंज ब्लॉक अध्यक्ष अरविन्द कुमार वर्मा व जिला पदाधिकारी सजल मिश्रा तथा विनोद कुमार गिरि ने ब्लॉक पदाधिकारियों को दायित्व निर्धारण कर आगामी तैयारियों के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए इस मौके पर प्रदीप त्रिपाठी,वैभव सिंह, जीतेन्द्र शर्मा, आशीष पाण्डेय, अनीश चौधरी, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, नफीस अहमद, निगार सुल्ताना,नवनीत प्रेमी,सुशील मौर्य, प्रदीप सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### पारिवारिक कलह से क्षुब्ध व्यक्ति ने फांसी लगाकर दी जान

**बहराइच।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने फांसी लगाकर जान दे दी। वह पारिवारिक कलह से काफी परेशान था। पुलिस ने उसके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के सिसई हैदर गांव निवासी मंगरे पुत्र तीरथ राम 30 वर्ष के परिवार में आए दिन किसी न किसी बात को लेकर विवाद होता रहता था। कई बार पारिवारिक विवाद लेकर ग्रामीणों ने समझाया और शांत कराया। लेकिन विवाद बढ़ता गया। आखिरकार बीती रात मंगरे अपने घर की बडेर में फंदा लगाकर फांसी लगा ली।

### नेपाल में जेन-जेड की आनलाइन मीटिंग शामिल हुए 78 सौ लोग



**रूपईडीहा, बहराइच।** नेपाल में जेन जेड के हिंसक आंदोलन के बाद प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को इस्तीफा देकर देश छोड़ना पड़ा। पुलिस हालत को काबू नही कर सकी। जगह जगह प्रदर्शन होने लगे। इसके बाद मंगलवार की रात से नेपाली सेना सड़कों पर आ गयी। अब नेपाल की बागडोर सेना के हाथ में है। बुधवार की शाम जेन-जेड के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की दो घंटे की आनलाइन बैठक में 78 सौ लोग शामिल हुए। बैठक में तय किया गया कि संसद भंग कर सुशील कार्की अथवा बालेन शाह को प्रधानमंत्री बनाया जाए। बैठक में यह भी मांग उठी कि तत्कालीन प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और नरसंहार में शामिल सभी लोगों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। 6 महीने के भीतर संघीय संसदीय चुनावों की घोषणा की जाए, जिसमें जेन-जेड पीढ़ी भी शामिल है। पहले चरण में पिछले 46 वर्षों से सार्वजनिक पद पर आसीन सभी लोगों की संपत्ति की जांच की जाएगी। दो महीने के भीतर एक नया संविधान जारी किया जाएगा, जिसमें हिंदू राष्ट्र हो, प्रत्यक्ष रूप से निर्वाचित कार्यकारी प्रमुख, प्रावधान है कि सांसद मंत्री नहीं बन सकते। प्रांतीय ढांचे को पूरी तरह से समाप्त कर दिया जाएगा, केवल स्थानीय और संघीय ढांचे को छोड़ दिया जाएगा। प्रावधान किया जाएगा कि प्रधानमंत्री दो कार्यकाल से अधिक पद पर नहीं रह सकेंगे। प्राधिकरण, न्यायपालिका और अन्य संवैधानिक परिषदों में पार्टी-आधारित नियुक्तियों को तुरंत समाप्त किया जाए और योग्यता के आधार पर नियुक्तियां की जाएं। राष्ट्रीय असेंबली को गैर-पक्षपाती बनाया जाए। स्थानीय स्तर को गैर-पक्षपातपूर्ण, पत्रकारों, डॉक्टरों, शिक्षकों, छात्रों या कर्मचारियों के किसी भी पार्टी संगठन पर प्रतिबंध लगाया जाए।

### नहर में उतराता मिला किशोरी का शव

**बहराइच।** थाना हरदी क्षेत्र में बुधवार सुबह तहसील मुख्यालय महसी के पास स्थित कपूरपुर रजवाहा बहोरिकपुर नहर के रेगुलेटर पर एक 12 वर्षीय किशोरी का शव पानी में उतराता हुआ मिला। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। प्राथमिक जांच में यह शव कहीं और से बहकर यहां आया है। अभी तक बालिका की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और स्थानीय लोगों से भी पूछताछ कर रही है।

# भारत-नेपाल सीमा पर बढ़ी चौकसी, आयुक्त व आईजी ने किया रूपईडीहा का निरीक्षण

- एसएसबी मुख्यालय में अधिकारियों संग बैठक, कानून-व्यवस्था पर कड़ी नजर रखने के निर्देश
- सीमा पर आने वाले नागरिकों को न हो असुविधा, आयुक्त व आईजी ने दिए सख्त निर्देश



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**गोण्डा/** पड़ोसी राष्ट्र नेपाल में उत्पन्न परिस्थितियों के दृष्टिगत आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील व आईजी अमित पाठक ने भारत-नेपाल सीमा स्थित रूपईडीहा का निरीक्षण कर मौक़े पर मौजूद पुलिस व सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिये कि सीमा पर चौकसी व सतर्कता बनाये रखें। आयुक्त व आईजी ने सुरक्षा एजेन्सियों को यह भी निर्देश दिया कि संयुक्त रूप से पेट्रोलिंग की जाय। सीमा पर आने वाले किसी भी नागरिक को कोई असुविधा न होने पाये।

आयुक्त व आईजी ने एसएसबी मुख्यालय अगैय्या में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए सुरक्षा एजेन्सियों को निर्देश दिया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में आने वाली सभी चौकियों एवं चेकपोस्ट के साथ-साथ सभी संवेदनशील स्थानों पर निरन्तरता के साथ पेट्रोलिंग की जाये। आयुक्त व आईजी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी स्तर पर संवादहीनता की स्थिति उत्पन्न न होने पाये।

कानून एवं शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत यदि कोई सूचना प्राप्त होती है तो उसे नज़रअंदाज़ न करते हुए त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करें। भारतीय सीमावर्ती क्षेत्रों में पूरी तरह से स्थिति सामान्य होने पर आयुक्त व आईजी ने संतोष व्यक्त करते हुए सुरक्षा एजेन्सियों के अधिकारियों को पूरी सतर्कता व चौकसी बरतने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह, कमाण्डेण्ट एसएसबी 42वीं बटालियन गंगा सिंह उदावत, अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा चौहरी, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राम दयाल, पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युम्न सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## माता-पिता के सामने बच्ची को जबड़े में दबाकर उठा ले गया भेड़िया

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बहराइच।** जिले की महसी क्षेत्र में भेड़िए की दहशत से लोग अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित है। बीती रात माता पिता के सामने से भेड़िया 5 साल की मासूम बच्ची को उठा ले गया। बच्ची का 100 सुबह घर से थोड़ी दूर पर पाया गया ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस विभाग की टीम मौके पर पहुंची है और गश्त कर रही है।

ग्रामीणों के मुताबिक रात 10 बजे भेड़िया चुपके से घर में घुसा। उस वक्त मासूम खाना खा रही थी। बच्ची को जबड़े में दबोचकर भागने लगा। बेटी की चीख सुनकर पास में ही लेटे पिता और चाचा लाठी लेकर दौड़े, लेकिन अंधेरे के चलते भेड़िया भाग गया। परिजनों ने चिल्लाकर गांव वालों को बुलाया। इसके बाद पूरी रात गांव वाले लाठी लेकर बच्ची को तलाशते रहे, लेकिन नहीं मिली।

बुधवार सुबह घर से थोड़ी दूर पर खेत में बच्ची का शव मिला। बेटी की मौत की सूचना मिलने पर मां रो-रोकर बेसुध हो गई। घटना कैसरगंज थाना के परागपुरवा गांव निवासी रामजीत की 5 साल की बेटी ज्योति जिसको उसकी मां खाना खिला रही थी। इसी बीच वह मोबाइल लेने के लिए घर में चली गई। इतनी ही देर में खूंखार भेड़िया आया और बच्ची को दबोच ले गया। हम लोग लाठी-डंडा लेकर पीछे दौड़े, लेकिन वो भाग गया।

सुबह घर से थोड़ी दूर पर खेत में ज्योति का शव मिला। शव देखते ही होश उड़ गए। कुछ ही पलों में सब खत्म हो गया। उसकी पीठ और चेहरे पर गहरे जख्म के निशान थे। भेड़िए के हमले की सूचना पर एसडीएम अखिलेश सिंह और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। प्रभागीय वनाधिकारी राम सिंह यादव ने बताया- प्राथमिक जांच में साफ है कि बच्ची की मौत जंगली जानवर के हमले में हुई है। घटना की गहन जांच की जाएगी।

# नेपाली सेना ने शांति और सुरक्षा के लिए पूरे नेपाल में लगाया कर्फ्यू

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**रूपईडीहा, बहराइच।** नेपाली सेना ने पूरे देश में कर्फ़्यू का आदेश जारी कर दिया है। सेना ने कहा है कि देश में शांति और सुरक्षा की स्थिति को ध्यान में रखते हुए कर्फ़्यू का आदेश जारी किया गया है। सेना की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, कर्फ़्यू बुधवार शाम 5 बजे से जारी होगा और फिर गुरूवार की सुबह 6 बजे तक कर्फ़्यू रहेगा।

सेना ने कहा है कि विभिन्न अराजक व्यक्ति और समूह अभी भी आंदोलन के नाम पर घुसपैठ कर रहे हैं, तोड़फोड़, आगजनी और निजी एवं सार्वजनिक संपत्ति लूट रहे हैं। सेना ने कहा है कि ऐसी संभावना है कि वे व्यक्तियों पर हिंसक हमले और बलात्कार के प्रयास जैसी गतिविधियाँ कर रहे हैं और कर सकते हैं। नेपाल सेना ने भी आपराधिक गतिविधियों को नियंत्रित करने के प्रयासों में सभी से सहयोग करने का आह्वान किया है। नेपाली सेना ने चेतावनी दी है कि आंदोलन के नाम पर किसी भी तरह के प्रदर्शन, तोड़फोड़, लूटपाट, आगजनी और व्यक्तियों तथा संपत्ति पर हमले को दंडनीय अपराध माना जाएगा और सुरक्षा कर्मियों द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रतिबंध और कर्फ़्यू के दौरान, आवश्यक सेवा वाहन(एम्बुलेंस, शव वाहन, दमकल, स्वास्थ्यकर्मी और सुरक्षाकर्मी) चलते रहेंगे। सेना ने सभी से अनुरोध किया है कि आवश्यक सुविधा के लिए आस-पास के सुरक्षाकर्मियों से समन्वय बनाए रखें।

इस संबंध में, नेपाल सेना ने सभी सेवानिवृत्त सैनिकों, सुरक्षाकर्मियों, सभी सेवाओं के सिविल सेवकों, मीडियाकर्मियों और आम नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक जानकारी ही प्रसारित करें तथा केवल आधिकारिक स्रोतों पर ही भरोसा करें। सेना ने राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने तथा सामान्य जनजीवन को बनाए रखने की भी जिम्मेदारी ली है।

## ब्रह्मालीन महंत अवैद्यनाथ के पुण्य तिथि पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**तुलसीपुर, बलरामपुर।** ब्रह्मलीन महंत दिग्विजय नाथ महाराज एवं ब्रह्मलीन महंत श्रद्धेय अवैद्य नाथ महाराज की पुण्य तिथि कार्यक्रम आदि शक्ति मां पाटेश्वरी इण्टर कॉलेज तुलसीपुर में मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हो कर दोनों महापुरुषों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता मां पाटेश्वरी विश्व विद्यालय के कुलपति डॉ रवि शंकर सिंह ने की।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने श्रद्धेय दिग्विजय नाथ महाराज तथा अवैद्य नाथ जी महाराज के चित्रों पर पुष्पार्चन किया। इस अवसर वरिष्ठ व्यापारी राम जी आर्य, कॉलेज के प्रधानाचार्य डी पी सिंह, राजेन्द्र ओझा जी आदि उपस्थित रहे।

## केन्द्रीय पेंशनर्स एसोसिएशन की कई मुद्दों पर चर्चा

**फतेहपुर।** केन्द्रीय पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक में कई मुद्दों पर जहां चर्चा की गई वहीं पितृ पक्ष में पितरों को सम्मान देकर सुखमय जीवन की कामना की गई। बैठक का आयोजन तांबेश्वर नगर स्थित एसोसिएशन के अध्यक्ष शिवसागर साहू के आवास में किया गया। अध्यक्षता हर प्रसाद गुप्ता व संचालन मंत्री केपी सिंह कछवाह ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ नागरिक वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष कालीशंकर श्रीवास्तव ने शिरकत की।

बैठक की शुरूआत केपी सिंह कछवाह की सरस्वती वंदना से हुई। अध्यक्ष शिवसागर साहू ने पेंशनरों की समस्याओं पर प्रकाश डाला। निराकरण के लिए संकल्प दोहराया। साथ ही रेलवे कर्मियों को हवाई यात्रा की एलटीसी सुविधा देने, भारत के उपराष्ट्रपति के पद पर निर्वाचित सीपी राधाकृष्णन को बधाई दी गई।

# अखिल भारतीय कमलापुरी वैश्य महासभा की बैठक सम्पन्न, एकजुटता पर दिया जोर

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** अखिल भारतीय कमलापुरी वैश्य महासभा की महत्वपूर्ण बैठक सादुल्लानगर में सम्पन्न हुई। बैठक की शुरुआत मां कमला देवी की पूजा-अर्चना व आरती से की गई। तत्पश्चात प्रदेश भर से आए सम्मानित अतिथियों का माल्यार्पण व अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया।

बैठक का संचालन पत्रकार राधेश्याम गुप्ता ने अपने ओजस्वी भाषण, कविताओं और हास्य-परिहास के साथ उत्साहपूर्ण ढंग से किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष जग प्रसाद गुप्ता कमलापुरी ने की। उन्होंने कहा कि महासभा का मुख्य उद्देश्य समाज को राष्ट्रीय स्तर पर संगठित करना, शोषित-वंचितों की सहायता, राजनीतिक भागीदारी, आर्थिक एवं शैक्षिक विकास को गति देना है।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तरुण गुप्ता कमलापुरी ने बताया कि आगामी दिसंबर माह में समाज का एक भव्य महा-सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री एवं रक्षा मंत्री को आमंत्रित करने का प्रयास जारी है। इस ऐतिहासिक आयोजन में लगभग दस हजार स्वजातीय बंधुओं की उपस्थिति का लक्ष्य रखा गया है। नगर अध्यक्ष जे.पी.गुप्ता 'गुरुजी' ने कहा कि अखिल भारतीय कमलापुरी वैश्य महासभा 110 वर्ष पुराना संगठन है। समाजहित सर्वोपरि है, इसलिए सभी गुटों को एकजुट होकर मुख्यधारा में जुड़ना चाहिए। आपसी मतभेद भूलकर संगठन को मजबूत बनाना ही समय की मांग है। महिला संघ की प्रदेश महामंत्री किरण गुप्ता कमलापुरी और प्रदेश कोषाध्यक्ष पुष्पा गुप्ता कमलापुरी का भी गर्मजोशी से स्वागत किया गया। बैठक में बलरामपुर, गोण्डा, बस्ती, सिद्धार्थनगर, लखनऊ, कानपुर, जौनपुर सहित विभिन्न जनपदों से भारी संख्या में स्वजातीय बंधु शामिल हुए।

अंत में प्रदेश अध्यक्ष जग प्रसाद गुप्ता ने सादुल्लानगर इकाई के नगर अध्यक्ष जे.पी. गुप्ता 'गुरुजी', महामंत्री विष्णु प्रताप गुप्ता, कोषाध्यक्ष रामलौटन, संगठन मंत्री एवं मंच संचालक राधेश्याम गुप्ता पत्रकार, महिला संघ व युवा संघ सहित पूरी टीम को भव्य आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## जर्जर खंभे और लटकते तार बने खतरा, बिजली विभाग बेखबर

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** अचलपुर चौधरी विद्युत उपकेंद्र से जुड़े ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था पूरी तरह अव्यवस्थित हो चुकी है। जर्जर खंभे और लटकते तार हादसों को न्यौता दे रहे हैं, लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं।

क्षेत्र के पतकरपुर गांव में तो स्थिति और भी खतरनाक है। यहां सागौन के पेड़ पर ही एलटी लाइन बाँध दी गई है। बरसात में पेड़ गीला होने पर कभी भी करंट उतर सकता है और बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने इस समस्या की शिकायत कई बार की, लेकिन विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई।

ग्रामीण राजवीर वर्मा, संजय, विजय और सलमान ने बताया कि रोजाना घंटों बिजली कटौती झेलनी पड़ती है, वहीं जर्जर पोल और झूलते तारों के कारण जान-माल का खतरा हमेशा बना रहता है। ग्रामीणों का आरोप है कि अचलपुर पावर हाउस पर तैनात एसडीओ की सीधी अनदेखी ही इस बदहाल व्यवस्था की सबसे बड़ी वजह है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

## प्रदेश सरकार के तोहफों से गदगद शिक्षामित्र

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**बहराइच।** शिक्षक दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शिक्षामित्रों के मानदेय में वृद्धि तथा शिक्षामित्र व अनुदेशक परिवार को कैशलेस इलाज योजना से जोड़ने की घोषणा से प्रदेश भर के शिक्षामित्रों में खुशी और उम्मीद की नई लहर दौड़ गई है।

इसी क्रम में उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के प्रांतीय प्रवक्ता एवं जिलाध्यक्ष शिवश्याम मिश्रा के नेतृत्व में महसी विधायक सुरेश्वर सिंह और सदर विधायक अनुपमा जायसवाल को माल्यार्पण कर व प्रतीक चिन्ह भेंटकर धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

शिक्षामित्रों ने इस अवसर पर अपनी पुरानी लंबित समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग दोहराई। प्रांतीय प्रवक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री की हाल में शिक्षामित्रो के मानदेय वृद्धि कैशलेश योजना से जोड़ने की घोषणाओं ने वर्षों से संघर्षरत शिक्षामित्रों के मनोबल को ऊँचा किया है और उनके भीतर एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है। प्रवक्ता ने विधायकों के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आभार और अभिनंदन संदेश भी प्रेषित किया।

कार्यक्रम का संयोजन जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह, एवं जिला महिला प्रभारी तृप्ति सिंह ने किया इस अवसर पर अध्यक्ष शिवपुर जीत कुमार यादव, अध्यक्ष तेजवापुर प्रदीप अवस्थी, अध्यक्ष हुजूरपुर गिरीश जायसवाल, पुष्पा श्रीवास्तव, सतीश यादव, ममता मिश्रा अंजू मौर्य नीतू पांडे सहित सैकड़ों शिक्षामित्र मौजूद रहे।

## सौर ऊर्जा संयत्र से बैट्री चोरी करने वाले अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**उतरौला (बलरामपुर)।** थाना रेहरा बाजार क्षेत्रांतर्गत टी पी रिन्यूएबल माइक्रोरिड लिमिटेड टाटा पावर प्लांट द्वारा संचालित सौर ऊर्जा संयत्र से बैट्री चोरी करने वाले 6 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त स्कूल बस व बैट्री बिक्री कर प्राप्त 15,220 रु0/ नगद अभि.गण के कब्जे से किया गया बरामद।

वादी महेन्द्र कुमार पुत्र दिनेश कुमार निवासी ग्राम दत्तौली मनकापुर जनपद गोण्डा द्वारा थाना रेहरा बाजार में दिनांक 29.08.25 को तहरीरी सूचना दिया कि अज्ञात चोर द्वारा दिनांक 27/28-08-2025 की रात्रि ग्राम रेहरा में स्थित टी पी रिन्यूएबल माइक्रोरिड लिमिटेड टाटा पावर द्वारा संचालित सौर्य ऊर्जा संयंत्र की 24 बैटरी 48v की चुरा लेने के संबंध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना रेहरा बाजार पर मु.अ.सं.-158/25 धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही की गयी।

पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार द्वारा थाना रेहरा बाजार क्षेत्रांतर्गत सोलर प्लांट में लगी हुई बैटरी चोरी की घटना का सफल अनावरण व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित कर दिए गए।

निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय व क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेन्द्र सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश सिंह के नेतृत्व में थाना रेहरा बाजार पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु.अ.सं.-158/25 धारा 303(2) बीएनएस (तरमीम धारा 305ए, 331(4) बी.न.एस) के सफल अनावरण हेतु आस पास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज देखे गये तथा गठित टीमों द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु संदिग्धों से पूछताछ की गयी तो अभियुक्त राजू गुप्ता उर्फ राज कपूर गुप्ता पुत्र हरीराम गुप्ता नि0 खरगूपुर बाजार थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा राम विलास मौर्या उर्फ बब्लू पुत्र राजेन्द्र मौर्या सन्तोष मौर्या पुत्र हरिशचन्द्र मौर्या नि.गण ग्राम मुरावन का पुरवा मल्लापुर बाजार थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा उदयराज यादव पुत्र राधिका यादव नि. ग्राम हरभजन का पुरवा रूपईडीह थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा मनीष वर्मा उर्फ लल्लू पुत्र गुरूवचन वर्मा नि. ग्राम राधानगर रूपईडीह थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा का नाम प्रकाश में आया। जिनकों दिनांक 09.09.25 को मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र खरगूपुर जनपद गोण्डा से गिरफ्तार किया गया।

उक्त अभि.गण से पूछताछ की गयी तो अभियुक्त खुशीराम गौतम पुत्र छबीले नि. मैनिहवा सुहरियांवा थाना पयागपुर जनपद बहराइच को थाना क्षेत्र पयागपुर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त गण के कब्जे से चोरी गयी बैट्री को बेचकर मिले रुपये में से 15220 रुपये नगद व घटना में प्रयुक्त वाहन स्कूल बस बरामद की गयी। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317 बी.एन.एस. तथा उसके विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तगण को न्यायालय रवाना किया जा रहा है।

### गिरफ्तार किए गए अभियुक्त

राजू गुप्ता उर्फ राज कपूर गुप्ता पुत्र हरीराम गुप्ता नि. खरगूपुर बाजार थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा।
राम विलास मौर्या उर्फ बब्लू पुत्र राजेन्द्र मौर्या नि. ग्राम मुरावन का पुरवा मल्लापुर बाजार थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा।
सन्तोष मौर्या पुत्र हरिशचन्द्र मौर्या नि. ग्राम मुरावन का पुरवा मल्लापुर बाजार थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा। उदयराज यादव पुत्र राधिका यादव नि. ग्राम हरभजन का पुरवा रूपईडीह थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा। मनीष वर्मा उर्फ लल्लू पुत्र गुरूवचन वर्मा नि. गा्रम राधानगर रूपईडीह थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा। खुशीराम गौतम पुत्र छबीले नि. मैनिहवा सुहरियांवा थाना पयागपुर जनपद बहराइच के निवासी हैं

**प्रमाण पत्र** | जन्म प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया जाए

# जन्म प्रमाण पत्र बनाने में हो रही देरी से आमजन परेशान

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**उतरौला (बलरामपुर)।** नगर पालिका परिषद उतरौला की कार्यप्रणाली को लेकर स्थानीय नागरिकों ने गहरी नाराजगी व्यक्त की है। इसी क्रम में सपा नेता व समाजसेवी आदिल हुसैन ने जिला अधिकारी बलरामपुर को संबोधित एक ज्ञापन, उपजिलाधिकारी उतरौला को सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि नगर क्षेत्र के आम नागरिकों को जन्म प्रमाण पत्र बनाने हेतु अब लंबी और जटिल प्रक्रिया से गुजरना पड़ रहा है। पहले जहां जन्म प्रमाण पत्र 3-4 दिनों या सप्ताह भर में आसानी से बन जाया करता था, वहीं अब आवेदकों को महीनों तक तहसील और नगर पालिका कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

नागरिकों का आरोप है कि जन्म प्रमाण पत्र से संबंधित फाइलें नगर पालिका परिषद और तहसील कार्यालय में 2-3 महीने तक लंबित पड़ी रहती हैं। इतना ही नहीं, प्रक्रिया में नए-नए औपचारिकताएं जैसे अखबार में गजट प्रकाशन आदि जोड़ दिए गए हैं, जिससे नागरिकों को अनावश्यक आर्थिक व मानसिक परेशानी झेलनी पड़ रही है।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि नगर पालिका परिषद उतरौला में पहले से ही परिवार रजिस्टर, गृहकर रजिस्टर और पानी टैक्स का रिकार्ड मौजूद है। ऐसे में नगर क्षेत्र में रह रहे परिवारों का ब्योरा उपलब्ध होने के बावजूद जन्म प्रमाण पत्र जारी करने में टालमटोल की जा रही है।

शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी से मांग की है कि जन्म प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया जाए। नागरिकों को कई महीनों तक तहसील व नगर पालिका कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएं।

आदिल हुसैन ने कहा कि यदि जन्म प्रमाण पत्र जैसी बुनियादी सुविधा में इतनी देरी होती रही तो नगर के नागरिकों को शासन-प्रशासन पर भरोसा करना कठिन हो जाएगा। उन्होंने मांग की कि जिला प्रशासन इस गंभीर समस्या पर तत्काल संज्ञान लेकर आमजन की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करे।

## पयागपुर बीडीओ पर अभद्रता का आरोप

**पयागपुर,बहराइच।** ग्राम पंचायत एवं ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति ने खंड विकास अधिकारी दीपेंद्र पाण्डेय पर अभद्र व्यवहार का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को लिखित शिकायत सौंपी है। आरोप है कि 8 सितंबर को ग्राम विकास अधिकारी हर्ष दीक्षित के साथ कार्यालय में हुई बातचीत के दौरान बीडीओ ने मर्यादा के विपरीत भाषा का प्रयोग किया। समिति के जिला अध्यक्ष भीम सिंह कुशवाहा और मंत्री विकास श्रीवास्तव ने पत्र में कहा कि ऐसे व्यवहार से कर्मचारियों का मनोबल टूटता है। जिससे सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर असर पड़ सकता है। इसी क्रम में ग्राम विकास अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष विनोद सिंह व मंत्री कुमार आशुतोष ने भी अलग से डीएम और पयागपुर एसएचओ को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है।

## एक नजर

### आवेदक की फ्राड हुई 25000 रुपये उसके मूल खाते मे कराया गया वापस

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया कस्बा निवासी अख्तर रजा द्वारा 14 जून को आन लाइन फ्राड हुआ था जिसके सम्बन्ध मे थाना हलिया की साइबर टीम द्वारा आवेदक से फ्राड के सम्बन्ध मे पूछताछ कर एंव ट्रांजेक्शन से सम्बन्धित आवश्यक कागजात लेकर तत्काल साइबर पुलिस पोर्टल पर शिकायत दर्ज की गयी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मिर्जापुर सोमेन बर्मा द्वारा साइबर अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष हलिया राजीव कुमार श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व मे थाना हलिया की साइबर टीम द्वारा पोर्टल का अवलोकन करके आवेदक की फ्राड हुई धनराशि को सम्बन्धित खाते मे होल्ड कराया गया तथा छब्ब्ब पोर्टल से ट्रांजेक्शन से सम्बन्धित आवश्यक साक्ष्य एकत्रित कर सम्बन्धित बैंक को ईमेल/पत्राचार करके आवेदक की फ्राड हुई धनराशि 25000/- रुपये को आवेदक के मूल बैंक खाते में सफलतापूर्वक वापस कराया गया। आवेदक द्वारा थाना हलिया की साइबर टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी। धनराशि वापस कराने वाली टीम में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव थाना हलिया,उ.नि. अच्छे लाल यादव थाना हलिया,का. आनंद पटेल, प्रदीप पाल थाना हलिया।

### हादसा में बाइक सवार छात्र की मौत

**विजयीपुर, फतेहपुर।** किशनपुर थाना क्षेत्र के गुरुवल बिकौरा गांव के मजरे नेवाजपुर गांव के अमित कुमार निषाद (18) पुत्र केशनपाल निषाद की सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने शव को बरामद कर पंचनामा पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार अमित कुमार 11 वीं का छात्र था। अपनी माता के साथ बाइक से रिश्तेदारी जा रहा था। तभी तेज रफ्तार असोथर थाना क्षेत्र के मनावा गांव गांव समीप अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल सवार मां बेटे को टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर घायल हो गए आसपास मौजूद लोगों ने 112 हेल्पलाइन पहुंचकर पुलिस को सूचना दी घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जहां रास्ते में अमित ने दम तोड़ दिया। वहीं घायल महिला रूपवती को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। हादसे के बाद मृतक के परिवारीजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा।

### बाइक खंभे से टकराई, किसान की मौत

**फतेहपुर।** तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक सड़क के नीचे खंती में गड़े रिलायंस के खंभे से टकरा गई, जिससे बाइक में पीछे बैठे किसान का सिर खंभे से टकरा गया। सिर के चोट लगने से किसान की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ललौली थाना क्षेत्र के बनरसी गांव निवासी शेरा सिंह अपनी बाइक से शाह कस्बे जा रहा था। तभी गांव किनारे मिले किसान लवकुश सिंह (48) पुत्र वीर सिंह मिल गया। लवकुश सिंह भी शाह कस्बे जाने के लिए शेरा सिंह की बाइक में बैठ गया जैसे ही बाइक गोपालपुर गांव के समीप पहुंची तो अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे चली गई और खंती में गड़े रिलायंस के खंभे में जा टकराई। जिससे पीछे बैठे किसान लवकुश सिंह का सिर खंभे से टकरा गया। गंभीर चोट आने से उसकी मौके पर मौत हो गई। वहीं बाइक सवार शेरा सिंह भी घायल हो गया। पति की मौत से पत्नी केशकली का रो-रोकर हाल बेहाल है। मृतक के तीन पुत्र गोविंद सिंह, विकास सिंह, धीरेन्द्र सिंह और पुत्री शिवानी है। घटना के बाद घायल बाइक सवार शेरा सिंह बाइक मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही की जाएगी।

### दो बाइकों की भिड़ंत में एक बाइक सवार युवक की मौत



**हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमडगंज थाना क्षेत्र के चंद्रगढ़ मुड़ेल मार्ग स्थित मुड़ेल गांव में मंगलवार शाम छह बजे के करीब दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरा बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। मुड़ेल गांव निवासी रमाशंकर कोरी की सूचना पर पहुंचे 108 एंबुलेंस के पायलट दिलीप यादव व ईएमटी आशीष कुमार ने दोनों घायलों को एंबुलेंस से पीएचसी हलिया पहुंचाया। जहां प्रभारी चिकित्साधिकारी डा० अवधेश कुमार ने गंभीर रूप से घायल प्रयागराज जिला निवासी 40 वर्षीय बाइक सवार संतोष कुमार मौर्य को देखते ही मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल दूसरे बाइक सवार चंद्रगढ़ मुड़ेल गांव निवासी 20 वर्षीय अशोक की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार करने के बाद मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया मुड़ेल गांव निवासी अशोक शाम को बाइक से रतेह की ओर जा रहा था जैसे ही मुड़ेल नाले की पुलिया से पचास मीटर पहले पहुंचा तो सामने से बाइक से आ रहे प्रयागराज जिले के कोरांव थाना क्षेत्र के बहियारी गांव निवासी संतोष कुमार मौर्य से आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल होकर अचेत हो गए। जहां गंभीर रूप से घायल बाइक सवार संतोष कुमार मौर्य को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतक संतोष कुमार कहां जा रहे थे इसकी जानकारी परिजनों को भी नही है। घटना की सूचना पाकर मृतक संतोष के भाई विजय शंकर मौर्य पीएचसी हलिया पहुंच गए। विजय शंकर ने बताया कि भाई संतोष कुमार मौर्य प्रयागराज के कोरांव ब्लाक में सफाई कर्मी के पद पर कार्यरत थे मुड़ेल गांव की ओर किस काम से जा रहे थे उन्हें इसकी जानकारी नही है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा० अवधेश कुमार ने बताया कि दो बाइकों की टक्कर में गंभीर रूप से घायल प्रयागराज जिला निवासी बाइक सवार युवक की मौत हो गई है। वहीं दूसरे बाइक सवार युवक का प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर देखते हुए मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है।

### आर्टिगा कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग मझियार गांव में मंगलवार की शाम आर्टिगा कार की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घायल बाइक सवार युवक को एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है। लालगंज थाना क्षेत्र के कोलकम गांव निवासी 50 वर्षीय गणेश बाइक से कही जा रहे थे की जैसे ही मझियार गांव में पहुंचे की सामने से आ रहे आर्टिगा कार चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार घायल हो गया। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घटना की सूचना एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 पर दिया मौके पर पहुँचे एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 कर्मी दीपक पाल ने घायल बाइक सवार युवक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है। आर्टिगा कार मालिक द्वारा बाइक सवार को उपचार के लिए लेकर चले गए है।

### मिट्टी का टीला धंसा, बहू की मौत

**फतेहपुर।** घरेलू काम के लिए चिकनी मिट्टी खोद रही सास बहू टीला धंसने से दब गई। जिसमें बहू की मौके पर मौत हो गई और सास गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ग्रामीणों की मदद से घायल सास को एंबुलेंस से सदर अस्पताल भिजवाया है और बहू के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ललौली थाना क्षेत्र के कोंडार के लोहरगढ़वा गांव निवासी भगवान दीन की पत्नी ननकीवा (52) अपनी बहू रामप्यारी (24) और बेटी अनुसुइया (17) के साथ बुधवार सुबह साथ बजे घरेलू कामों के लिए गांव किनारे चिकनी मिट्टी (पोतनी मिट्टी) खोदने गई थी। कुछ मिट्टी खोदकर बेटी अनुसुइया से घर भेज दिया था और मिट्टी खोदने समय करीब 10 फीट ऊंचाई का टीला धंसकर सास बहू के ऊपर गिर गया। जिससे दोनों मिट्टी के ढेर में दब गई। जब घर से बेटी अनुसुइया पहुंची तो दोनों को मिट्टी के ढेर में दबा देखकर शोर मचाया। आनन फानन ग्रामीणों ने फावड़े से मिट्टी हटाकर दोनों को बाहर निकाला, तब तक बहू रामप्यारी की मौत हो चुकी थी। वहीं सास ननकीवा का पैर टूट गया और गंभीर रूप से घायल हो गई। मृतका रामप्यारी के सिर और चेहरे में गंभीर चोटें आने से मौत का कारण बनी। मृतका के एक बेटी अर्पिता (01) है। मृतका का पति दिलीप निषाद मुंबई में रहकर मजदूरी करता है। मृतका का मायका सेमरई के मजरे पोतनाही डोली गांव है। मौत की सूचना पर मौके पर पहुंचे मायके से पिता रामशरण निषाद, मां देवरती, बहने खुशबू, लक्ष्मी भाई सभाजीत, जगदीश का रो-रोकर हाल बेहाल है। थाना प्रभारी शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि मिट्टी खोदते समय टीला धंसने से सास बहू दब गई थी जिसमें बहू की मौत हो गई है और सास घायल है।

# बाबा साहेब का मिशन अधूरा, अखिलेश यादव करेंगे पूरा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**हलिया (मिर्जापुर)।** समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती का भव्य स्वागत किया गया। लालगंज पहुंचने में रास्ते में उन्हें जगह-जगह फूलमालाएं पहनाई गईं। समाजवादी पार्टी छानबे विधानसभा पीडीए सम्मेलन में मुख्य अतिथि मिठाई लाल भारती ने कहा कि पीडीए समाज की एकजुटता से 2027 में अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि इससे भाजपा की तानाशाही और सांप्रदायिक सोच से प्रदेश को मुक्ति मिलेगी। भारती ने आरोप लगाया कि भाजपा के पास विकास का कोई एजेंडा नहीं है। उन्होंने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का जो मिशन अधूरा रह गया था उसे अब सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पूरा करेंगे। यह बात उन्होंने आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कही। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मिठाई लाल भारती ने कहा कि बाबा साहेब ने संविधान और लोकतंत्र को देश की सबसे बड़ी ताकत बताया था मगर आज यह दोनों ही खतरे में हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर हम संविधान और लोकतंत्र की रक्षा न कर सके तो आने वाली पीढ़ियां हमें माफ नहीं करेंगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी पंचायत और विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया। कहा कि 2024 की तरह ही 2027 में भी सपा प्रदेश में शानदार प्रदर्शन कर सरकार बनाएगी।




सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि पार्टी को मजबूत करने के लिए घर-घर पीडीए का संदेश पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने 37 सीटें जीतकर इतिहास रचा है। कहा कि भाजपा सरकार विकास नहीं कर पा रही है। बढ़े हुए टैक्स से आम जनता परेशान है। समाजवादी पार्टी इस मुद्दे पर संघर्ष कर रही है।

पूर्व जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने कहा कि अखिलेश यादव के निर्देश पर बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत बनाने का काम हो रहा है। तैयारी को लेकर के आज यहां सम्मेलन कर रहे है।.बूथ स्तर से लेकर के राष्ट्रीय स्तर तक संगठन में हर जाति और बिरादरी के लोगों को स्थान दिया जा रहा है। इसमें महिलाओं को भी सम्मान दिया जाएगा। 2027 का चुनाव हमारे लिए चुनाव नहीं बल्कि चुनौती है। यह चुनौती इस बात के लिए है क्योंकि संविधान खतरे में है। संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। भारतीय जनता पार्टी की सरकार में संविधान को निष्क्रिय किया जा रहा है और आरक्षण को निष्क्रिय किया जा रहा है और इसलिए हम बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के माध्यम से संविधान को बचाने के लिए किसी हद तक जा सकते हैं। 2027 के चुनाव में बीजेपी का कोई मंत्र काम नहीं करेगा चाहे वह अमित शाह का मंत्र हो या मोदी का मंत्र।

भाजपा ने केवल जनता की आंख में धूल झोंकने का काम किया है। हमारे पास बहुत सारे मुद्दे हैं। बीजेपी के खिलाफ इसको लेकर इस बार चुनाव में हम उतरेंगे। हमारी लड़ाई किसी से है तो वह भारतीय जनता पार्टी है, क्योंकि बीजेपी संविधान विरोधी है और गरीब विरोधी है। इस मौके पर पूर्व सांसद रमेश बिन्द, अशोक यादव, मुन्नी यादव, कीर्ति कोल, सुरेन्द्र सिंह पटेल, आशीष यादव, राजेश भारती, आदर्श यादव, झल्लू यादव, सत्यप्रकाश सोनकर, निराला, संजय यादव, शिव देवी, अशोक मिश्रा, सोकिम अहमद, हरिशंकर यादव, बब्बू चमार, अरशद अली, जुम्मन खान, आयुष यादव, कौशिक कनौजिया, प्रिन्स राव आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### महिला की संदिग्ध मौत पिता का आरोप

**फतेहपुर।** राधानगर थाना क्षेत्र के ग्राम मदनपुर में मंगलवार की शाम संदिग्ध अवस्था में 35 वर्षीय महिला की मौत हो गयी। वहीं मृतका के पिता ने दामाद पर मारने पीटने का लगाया आरोप।

जानकारी के अनुसार मदनपुर गांव निवासी श्याम बाबू पासवान की पत्नी सुनीला की मंगलवार की दोपहर अचानक तबियत खराब हो गयी और कुछ देर बाद उसकी मौत हो गयी। इसकी सूचना किसी ने पुलिस को दी। मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतका का पति श्याम बाबू पासवान ने बताया कि कल दोपहर खेत में चारा काटने गयी। कुछ देर बाद वापस आ गयी उसने बताया कि पत्नी को बहुत तेज बुखार था जिसे गांव के ही डाक्टर द्वारा दो इंजेक्शन लगाये करीब 2 घन्टे बाद उसकी मौत हो गयी।

## स्कूली बच्चों को बचाने में बाइक अनियंत्रित, युवक की मौत

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**असोथर, फतेहपुर।** थाना क्षेत्र के मनावा गांव के पास बुधवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। स्कूली बच्चों को बचाने के चक्कर में तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल एंबुलेंस की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र असोथर लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार किशनपुर थाना क्षेत्र के नेवाजपुर मजरे गुरुवल निवासी कृष्णपाल का 18 वर्षीय पुत्र अमित बुधवार की सुबह अपने घर से निकला था। वह अपनी बहन के घर गाजीपुर जा रहा था। रास्ते में जब वह मनावा गांव के पास पहुंचा तो सड़क पर स्कूली बच्चे साइकिलों से गुजर रहे थे। बच्चों को बचाने के प्रयास में उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में अमित को गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई और तत्काल एंबुलेंस बुलाकर युवक को पीएचसी असोथर भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

डॉक्टरों ने मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी अभिलाष तिवारी ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के लिए समझाने का प्रयास किया, लेकिन गमगीन परिजनों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने से इंकार कर दिया और उसे घर ले गए।

## प्राथमिक शिक्षक संघ ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 में संशोधन कर अधिनियम लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी उत्तीर्ण होने की अनिवार्यता से मुक्त किए जाने की मांग को लेकर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया तत्पश्चात पीएम समेत केन्द्रीय शिक्षा मंत्री, मुख्यमंत्री व बेसिक शिक्षामंत्री को ज्ञापन भेजे।




संघ के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह व जिला महामंत्री मान सिंह यादव की अगुवई में पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया तत्पश्चात डीएम के माध्यम से पीएम, केन्द्रीय शिक्षा मंत्री, सीएम व बेसिक शिक्षा मंत्री को भेजे गए ज्ञापन में कहा गया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम में शिक्षक नियुक्त होने अथवा प्रोन्नति हेतु टीईटी उत्तीर्णता की अनिवार्य किया गया था। जिसमें अधिनियम लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को भी टीईटी उत्तीर्ण होना अनिवार्य होने से संबंधित कोई आदेश दिशा-निर्देश नहीं था न ही भारत सरकार अथवा किसी राज्य सरकार द्वारा इस दिशा में कोई कार्रवाई की गई। परन्तु हाल में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गलत तथ्यों के आधार पर यह आदेश जारी किया गया है कि देश में शिक्षक बने रहने के लिए टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा, जिसमें मात्र पांच साल की सेवा बचे लोगों को छूट दी गई है परन्तु प्रोन्नति में उन्हें भी छूट नहीं दी गई है जिससे प्रदेश के लाखों शिक्षक व शिक्षिकाओं की नौकरी/प्रोन्नति पर खतरा उत्पन्न हो गया है।

उन्होने मांग किया कि इस मामले में हस्तक्षेप करके अधिनियम में आवश्यक संशोधन कर शिक्षक व शिक्षकों को टीईटी उत्तीर्ण की अनिवार्यता से मुक्त किया जाए। इस मौके पर राजेन्द्र कुमार सैनी, इन्द्रसेन यादव, राजीव उमराव, अशोक कुमार, विश्वनाथ कुमार वर्मा, शिवम सचान, दिनेश सिंह, अनामिका देवी, योगेन्द्र प्रसाद सहित तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

## व्यापारियों की समस्याओं का ज्ञापन मुख्यमंत्री को सौंपा

» प्रांतीय अधिवेशन में प्रदेश अध्यक्ष का किया सम्मान

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**खागा, फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय अधिवेशन में बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष मुकुंद विहारी मिश्र को फतेहपुर जनपद के व्यापारियों की समस्याओं का ज्ञापन सौंपा।

जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद मिश्र, बिंदा प्रसाद अग्रहरि व कुंवारे सिंह ने बताया कि जिले में श्रम विभाग, जीएसटी, खाद्य, विद्युत व पीडब्ल्यूडी विभाग अपने-अपने स्तर पर व्यापारियों का उत्पीड़न कर रहे हैं। किशनपुर यमुना नदी पर दादों घाट पुल में भारी अनियमितताओं के कारण आए दिन आवागमन बंद रहता है। जिससे व्यापारियों के साथ छात्र-छात्राओं व मरीजों को परेशानी उठानी पड़ती है। किशनपुर कस्बे में थाना से सौ कदम दूरी पर स्थित बाला जी ज्वैलर्स की दुकान में पिछले दो हफ्ते में दो बार चोरी हो चुकी है। चोर सीसीटीवी में कैद हुए लेकिन पुलिस पकड़ने में नाकाम रही।

इसके अलावा चंद्रा ट्रेडर्स गल्ला मंडी किशनपुर से ट्रांसपोर्टर द्वारा फर्जी नंबर प्लेट लगी ट्रक से एक मोटर गेहूं गायब कर दिया गया। पीड़ित की ओर से थाना किशनपुर में प्राथमिकी दर्ज कराने के बावजूद दोषी पुलिस की पकड़ से बाहर है। व्यापारियों ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि विभागीय उत्पीड़न और पुलिस की लापरवाही पर रोक लगाई जाए, पुल निर्माण में अनियमितताओं की जांच हो और व्यापारियों को सुरक्षित रास्ता उपलब्ध कराया जाए।

## शिक्षक समाजिक संस्कार, नैतिकता एवं राष्ट्र निर्माता होते हैं : एस डीएम अंकित तिवारी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**शाहाबाद हरदोई।** बुधवार को स्थानीय बिल्कीस गर्ल्स इंटर कॉलेज में शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि एसडीएम अंकित तिवारी रहे। शिक्षकों को संबोधित करते हुए एस डी एम अंकित तिवारी ने कहा शिक्षक राष्ट्र निर्माण के सच्चे ध्वज वाहक होते हैं। एक अच्छा शिक्षक न सिर्फ बच्चों को ज्ञान देता है बल्कि समाज में मूल संस्कार और नैतिकता की नींव भी रखता है। सेवानिवृत होने के बाद भी शिक्षकों की भूमिका समाज में प्रेरणा स्रोत बनी रहती है। उन्होंने कहा कि आज भी शिक्षकों का स्थान सर्वोपरि है। शिक्षकों के मार्गदर्शन से ही नई पीढ़ी सही दिशा प्राप्त करती है। शिक्षक हमारे जीवन के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। माता-पिता जीवन देते हैं परंतु जीवन को सही दिशा देने का कार्य शिक्षक करते हैं, साथ ही अच्छे संस्कार अनुशासन और चरित्र निर्माण की भी शिक्षा देते हैं।




शिक्षक दिवस पर छात्रा कुमारी रुशदा खान के शब्दों को सुनकर अतिथि गणों ने उन्हें बधाई दी। कॉलेज के प्रबंधक शाहिद खान ने कहा कि आज शिक्षक सम्मान समारोह में जो आप लोगों ने सम्मान दिया है उसके लिए कॉलेज परिवार ऋणी है।रिज़वान अली एडवोकेट ने कहा कि शिक्षक समाज का दर्पण है। शिक्षक ही हमारे जीवन के सबसे अच्छे गुरु होते हैं जो हमें भविष्य में सही रास्ता दिखाने और मार्गदर्शन करने व जीवन में कुछ बड़ा हासिल करने के लिए हमेशा प्रेरित करते है।

### प्रवेश सेवंचित छात्रों नेरास्ता जाम कर किया प्रदर्शन

**मिर्जापुर।** जिले में स्नातक कक्षाओं में प्रवेश से वंचित छात्रों ने जीडी बिनानी और केबीपीजी कॉलेज में सीट वृद्धि की मांग को लेकर कलक्ट्रेट के सामने प्रदर्शन किया। छात्रों का कहना हैकि सैकड़ों छात्र के सामने गंभीर स्थिति पैदा हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस नेछात्रों को समझाबुझा कर कलक्ट्रेट परिसर में पहुंचाया। इस दौरान छात्रों ने कहा कि सैकड़ो की संख्या में बीए,बी-कॉम, बीएससी प्रथम वर्ष में प्रवेश से वंचित हैं। कॉलेज प्राचार्य से लेकर विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय के कुलपति स्तर तक पंचायत हो चुकी है लेकिन अभी तक आश्वासन के सिवाय कुछ नहीं मिला। छात्रों का आरोप हैकि निर्धारित सीटों पर प्रवेश हुए एक माह का समय बीत गया। जो छात्र प्रवेश ले चुके हैं उनकी कक्षाएं भी शुरू हो चुकीं हैं लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन अभी तक यह स्पष्ट नहीं कर पाया कि प्रवेश से वंचित छात्रों का प्रवेश होगा या नहीं।

### जहानाबाद विधानसभा की मासिक बैठक सम्पन्न

**अमौली, फतेहपुर।** भाजपा कार्यालय में अपना दल की मासिक बैठक बिंदकी विधानसभा विधायक जय कुमार सिंह जैकी के मुख्य अतिथि के रूप में सम्पन्न हुई। बैठक में अपना दल से अनुसूचित जन जाति के विधानसभा प्रभारी सत्यप्रकाश कुरील ने अपना दल एस विधानसभा पदाधिकारियो की घोषणा की और बताया कि भारत सरकार की योजनाओं को कार्यकर्ता घर घर जाकर आम जनता को बताए इससे पार्टी की उपलब्धि आम जनता तक पहुँचे । बूथ को मजबूत करके अधिक से अधिक मतदाताओं को जोड़े और पार्टी को मजबूत बनाये। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष राजकुमार उमराव ने की। बैठक के दौरान पार्टी के नए पदाधिकारियों में धर्मेंद्र वर्मा को विधानसभा अध्यक्ष शिक्षक संघ, मीडीया प्रभारी प्रकाश वीर आर्य, शैलेन्द्र पटेल को विधानसभा महा सचिव, प्रांजुल पटेल को विधानसभा छात्र मंच का दायित्व सौपा गया।

## खेलकूद मैदान के सौंदर्यीकरण में अजब खेल

» ग्रामीणों ने की सफाई, प्रधान ने बजट दिखाकर डकारे पैसे

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अमौली, फतेहपुर।** ब्लॉक मुख्यालय स्थित खेलकूद मैदान में सौंदर्यीकरण के नाम पर ग्राम प्रधान और सचिव ने अजब गजब खेल कर हजारों रुपए डकार लिए। कस्बे में स्थित खेलकूद मैदान में बड़ी-बड़ी घास और गंदगी को देखते हुए ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान से साफ सफाई कराने के लिए कहा था लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद साफ सफाई न होता देख ग्रामीणों ने खुद ही चंदा लेकर खेलकूद मैदान को साफ कराया था।

ग्राम प्रधान ने कुछ दिनों बाद खेल मैदान में साफ सफाई देख सौंदर्यीकरण का बजट डालकर चार सितंबर को बाउचर से लगभग 72 हजार आठ सौ पंचानवे रुपए निकाल कर पैसे डकार लिए, जबकि खेलकूद मैदान साफ सफाई की सूचना ग्रामीणों ने खुद ही सफाई कराकर बीडीओ को देकर कोई बजट से पैसा न निकलने को कहा था। इसके बावजूद सचिव और प्रधान ने सरकारी धन का दुरुप्रयोग कर डकारने की सूचना जैसे ही ग्रामीणों को हुई तो मंगलवार को ग्रामीणों ने इसका विरोध जताया।

ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम प्रधान द्वारा साफ-सफाई में एक भी पैसा खर्च नहीं किया गया है। सभी लोगों ने चंदा करके खेलकूद मैदान की सफाई कराई है फिर कैसे बजट में डालकर पैसे निकाले गए। ग्रामीण रोष जताते हुए इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से कर कार्यवाही करने की मांग की है। इस बाबत खंड विकास अधिकारी सुरेश शिवहरे ने बताया कि जांच कराई जाएगी।

## श्रीमद भागवत कथा के छठवें दिन शामिल हुए कैबिनेट मंत्री

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर।** जमालपुर स्थित पराग साहू इंटर कालेज के प्रांगण में स्मृति शेष गंगा प्रसाद साहू की तृतीय पुण्यतिथि पर चल रही श्रीमद भागवत कथा के छठवें दिन कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने शिरकत कर आचार्य से आशीर्वाद लिया। साथ ही उन्होने स्मृति शेष गंगा प्रसाद साहू जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला।

आचार्य शिवम त्रिपाठी ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए पूतन वध, बांकासुर वध, अधासुर वध, माखन चोरी, गोवर्धन लीलाओं की कथा का वर्णन सुनाया। कैबिनेट मंत्री श्री सचान ने गंगा प्रसाद साहू के स्मृति स्थल पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होने स्व. गंगा प्रसाद साहू के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए भागवत कथा का रसास्वादन किया। भागवत कथा में परीक्षित के रूप में पूर्व जिला पंचायत सदस्य बबली साहू पत्नी राजकुमार साहू ने प्रतिभाग किया। पूर्व ब्लाक प्रमुख तेलियानी अनीता साहू पत्नी राजू साहू ने मुख्य अतिथि को प्रतीक चिन्ह देकर व अवधेश साहू जिला महामंत्री भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा ने माला पहनाकर स्वागत किया।



आयोजकों ने बताया कि कल (आज) भागवत कथा का समापन होगा तत्पश्चात 12 सितंबर को प्रतिभा सम्मान समारोह के साथ ही प्रसाद वितरण का कार्यक्रम होगा। इस मौके पर देवरती साहू, डा. राकेश साहू, डा. आयुषी साहू, डा. धीरेन्द्र साहू, डा. अजय तनूजा, सौरभ साहू सुभी, राजकुमारी साहू, विजय साहू, नीतू साहू, रामचन्द्र साहू, महेश साहू, राजू गुप्ता, बिन्देश प्रजापति, अभिलाष बाजपेई, अनुपम मिश्रा, अमन पाण्डेय, हर्षित श्रीवास्तव, छोटू लोधी, मुन्ना पटेल, कमलेश प्रजापति, चित्रांश, सूरजदीन पासवान, गुलाब साहू, मो. साबिर सभासद भी मौजूद रहे।

**खनन** रात में अवैध मिट्टी खनन में लगी जेसीबी, जिम्मेदार सो रहे गहरी नींद

# औंग में मिट्टी खनन माफिया बेलगाम

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बिंदकी, फतेहपुर।** औंग थाना क्षेत्र के कौड़ियां गांव में मंगलवार की रात मिट्टी खनन माफियाओं का दुस्साहस खुलकर सामने आया। सरकारी जमीन से चकमार्ग को काटकर मिट्टी निकाली जा रही थी। गांव के पास जेसीबी मशीन से हो रहे खनन कार्य की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और जेसीबी को पकड़कर खड़ा करा दिया। धीरे-धीरे करीब पांच सैकड़ा ग्रामीण इकट्ठा हो गए।

ग्रामीणों ने तत्काल औंग थाना प्रभारी को फोन कर सूचना दी, लेकिन थाना प्रभारी ने मामले को राजस्व टीम के जिम्मे डालते हुए कहा कि ये मेरा काम नहीं है। जब ग्रामीणों ने राजस्व टीम से संपर्क करना चाहा तो फोन तक नहीं उठाये गये। इसके बाद ग्रामीणों ने 112 नंबर पीआरवी को फोन किया। इसके बावजूद पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। आखिरकार ग्रामीण थक-हारकर वापस लौट आए और खनन माफिया का खेल बिना रोक-टोक चलता रहा। ग्रामीणों का कहना है कि यह हालात प्रशासन की लापरवाही और खनन माफियाओं की ताकत का नतीजा हैं। लोगों का सवाल है कि जब सूचना देने के बावजूद पुलिस और राजस्व विभाग मौके पर नहीं पहुंचे, तो आखिर उनकी चुप्पी का कारण क्या है? क्या खनन माफियाओं को प्रशासनिक संरक्षण प्राप्त है?




गांव के सैकड़ों लोग मौके पर मौजूद थे, तब जिम्मेदार अधिकारी कहां थे? ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यह खेल लंबे समय से जारी है। पुलिस, राजस्व व खनिज विभाग की मिलीभगत के बिना इतना बड़ा अवैध खनन संभव नहीं है। अब सवाल यह उठ रहा है कि जब जनता अपनी सुरक्षा और हक के लिए खुद खड़ी हो रही है, तब भी प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है, तो न्याय और कानून का सहारा आखिर कौन देगा?'

## किसान हत्याकाण्ड के आरोपी की पुलिस मुठभेड़

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**असोथर, फतेहपुर।** असोथर थाना क्षेत्र में हुए किसान हत्याकांड के अभियुक्त से असोथर पुलिस, एसओजी व सर्विलांस टीम की मुठभेड़ हो गई। जिसमें अभियुक्त के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जिसे पुलिस ने हिरासत में लेकर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार हेतु भर्ती कराया। उधर पुलिस ने मौके से तमंचा, कारतूस, मोबाइल व किसान की चोरी गई मोपेड भी बरामद कर ली है।

असोथर कस्बा निवासी सत्तार कुरैशी अपने खेतों की रखवाली कर रहे थे। तभी अज्ञात बदमाश ने उनकी हत्या करके पैसे व मोपेड बाइक लूट ली थी। एसपी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर टीमों का गठन कर हत्याकाण्ड से पर्दा उठाने के निर्देश दिए थे। असोथर पुलिस, एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीम हत्याकाण्ड के खुलासे के लिए लग गई और चौबीस घंटे के भीतर अभियुक्त को सरकंडी रोड नहर पुलिया के निकट घेर लिया। पुलिस टीम से अपने आपको घिराता देख अभियुक्त ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में अभियुक्त विजय तिवारी उर्फ पुत्तू पुत्र राम किशोर तिवारी निवासी गढ़ी मोहल्ला कस्बा असोथर के पैर में गोली लगने से घायल हो गया।

घायल को हिरासत में लेकर नजदीकी अस्पताल उपचार हेतु भेजा गया। पुलिस ने मौके से एक तमंचा 315 बोर, दो खोखा कारतूस 315 बोर, एक मोबाइल, मृतक की गाड़ी मोपेट के अलावा 4270 रूपए नगद बरामद किए हैं। अभियुक्त ने बताया कि उसे पता था कि सत्तार के पास हमेशा पैसे रहते हैं। इसी रकम के लालच में उसने घटना को अंजाम दे डाला था।

## एक नजर

### उमरजई सबसे तेज फिफ्टी लगाने वाले अफगानी बैटर

एशिया कप 2025 के पहले मैच में अफगानिस्तान ने हॉन्ग कॉन्ग चाइना को 94 रन से हरा दिया। अबु धाबी क्रिकेट स्टेडियम में अफगानी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट खोकर 188 रन बनाए। जवाब में हॉन्ग कॉन्ग 20 ओवर में 9 विकेट गंवाकर 94 रन ही बना सकी। मंगलवार को अजमतुल्लाह उमरजई सबसे तेज फिफ्टी लगाने वाले अफगानी बैटर बने। एशिया कप की पहली बॉल पर सेदिकुल्लाह अटल ने चौका लगा दिया। उन्हें 3 जीवनदान भी मिले। हॉन्ग कॉन्ग चाइना ने कुल 5 कैच ड्रॉप किए।

### अय्यर बोले- एक पैर से पैरालाइज हो गया था

स्टार क्रिकेटर श्रेयस अय्यर ने हाल ही में GQ इंडिया को दिए एक इंटरव्यू में अपनी चोट के बारे में बताया। उन्होंने बताया, 'जब मेरी स्पाइन सर्जरी हुई थी तो मेरा एक पैर पैरालाइज हो गया था।' अय्यर की दो साल पहले 2023 में इंग्लैंड के एक अस्पताल में स्पाइन की सर्जरी हुई थी। इस वजह से वे IPL 2023 सीजन में भी शामिल नहीं हो सके थे। इस चोट के कारण अय्यर लंबे समय तक मैदान से दूर रहे और डोमेस्टिक क्रिकेट में भी मैदान पर नहीं उतरे थे, जिसके कारण BCCI से उनका सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट भी खत्म हो गया। हालांकि उन्हें इस साल के कॉन्ट्रैक्ट में वापस जगह मिल गई है।

### विमेंस वनडे वर्ल्ड कप के लिए न्यूजीलैंड टीम का ऐलान

न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने विमेंस वनडे वर्ल्ड कप के लिए अपने स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। टूर्नामेंट 30 सितंबर से भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। टीम की कप्तानी सोफी डिवाइन को सौंपी गई है। न्यूजीलैंड टीम ने साल 2024 में हुए विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता था। टीम में 22 साल की बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाज फ्लोरा डेवोनशायर को शामिल किया गया है। फ्लोरा ने अब तक वनडे डेब्यू नहीं किया है। कीवी टीम की टी-20 वर्ल्ड कप विजेता स्क्वॉड का हिस्सा रहीं फ्रेन जोंस को टीम में जगह नहीं मिली है। इसके अलावा पॉली इंग्लिस, बेला जेम्स और ब्री इलिंग तीन ऐसी खिलाड़ी हैं जिनको अभी वनडे फॉर्मेट में खेलने का ज्यादा अनुभव हासिल नहीं है।

### भारतीय महिला क्रिकेट टीम का ऑस्ट्रेलिया दौरा

अगले साल फरवरी-मार्च में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान खेला जाने वाला तीसरा वनडे मैच अब मेलबर्न के जंक्शन ओवल की जगह होबार्ट में आयोजित किया जाएगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने यह निर्णय स्टेडियम में फ्लडलाइट लगाने में देरी होने के कारण लिया है। भारत और ऑस्ट्रेलिया की महिला टीमों के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज का आखिरी मुकाबला 1 मार्च को मेलबर्न में होना था। यह मैच जंक्शन ओवल के फ्लडलाइट्स के तहत खेला जाने वाला पहला अंतरराष्ट्रीय मैच होता। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के क्रिकेट संचालन और शेड्यूलिंग प्रमुख पीटर रोच ने कहा,'हमें जंक्शन ओवल से यह मैच स्थानांतरित करने और इस सीजन में मेलबर्न में कोई महिला अंतरराष्ट्रीय मैच न होने की निराशा है। हम उम्मीद कर रहे थे कि जंक्शन ओवल में फ्लडलाइट्स समय पर लग जाएंगी और वहां पहला अंतरराष्ट्रीय डे-नाइट मैच आयोजित होगा।' जंक्शन ओवल महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) के मेलबर्न स्टार्स और मेलबर्न रेनेगेड्स के मैचों की मेजबानी करता रहेगा, लेकिन ये सभी मुकाबले दिन में खेले जाएंगे। इसके अलावा अन्य घरेलू क्रिकेट मैच भी तय कार्यक्रम के अनुसार वहीं होंगे।

# भारतीय महिला हॉकी टीम ने सुपर-4 में पहला मैच जीता

## एशिया कप में कोरिया को 4–2 से हराया





**एजेंसी**

**हांगझोउ।** 2025 विमेंस हॉकी एशिया कप में भारत ने सुपर-4 में साउथ कोरिया को हरा दिया। टीम ने बुधवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए 4-2 से जीत दर्ज की। विमेंस हॉकी एशिया कप चीन के हांगझोउ शहर में खेला जा रहा है।

भारत की ओर से वैष्णवी विट्ठल, संगीता कुमारी, लालरेम्सियामी और रुतुजा पिसल ने एक-एक गोल दागे। वहीं कोरिया से किम यूजिन ने दोनों गोल किए। भारत का अगला मुकाबला चीन के खिलाफ कल शाम 4:30 बजे से खेला जाएगा। 2025 विमेंस हॉकी एशिया कप में भारत ने सुपर-4 में साउथ कोरिया को हरा दिया। टीम ने बुधवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए 4-2 से जीत दर्ज की। विमेंस हॉकी एशिया कप चीन के हांगझोउ शहर में खेला जा रहा है।

भारत की ओर से वैष्णवी विट्ठल, संगीता कुमारी, लालरेम्सियामी और रुतुजा पिसल ने एक-एक गोल दागे। वहीं कोरिया से किम यूजिन ने दोनों गोल किए। भारत का अगला मुकाबला चीन के खिलाफ कल शाम 4:30 बजे से खेला जाएगा। पहले क्वार्टर के पहले ही मिनट में भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला। यहां उदिता ने दाई ओर लो शॉट लिया, जिसे गोलकीपर ने रोक तो लिया, लेकिन गेंद, पोस्ट पर खड़ी वैष्णवी के पास गई। वैष्णवी ने तुरंत गेंद को गोल में डाल दिया।

**हाफ टाइम तक भारत 1-0 से आगे रहा**

पहले और दूसरे क्वार्टर को मिलकर भारत को कुल 6 पेनल्टी कॉर्नर मिले। इसमें टीम एक ही गोल कर सकी। बीच-बीच में कोरियाई टीम ने भी अटैक किया। लेकिन हाफ टाइम तक टीम का कोई भी प्लेयर गोल नहीं कर पाया।

तीसरे क्वार्टर में भारत ने बढ़त बनाई

तीसरे क्वार्टर के शुरुआत से ही भारत ने अटैक किया। मैच के 32वें मिनट में संगीता कुमारी ने बढ़त दोगुनी कर दी। सलिमा ने मिडफील्ड में गेंद डाली, जो डिफ्लेक्ट होकर रुतुजा के पास पहुंची। रुतुजा ने शानदार पास दिया और सामने खड़ी संगीता ने आसानी से गेंद को उठाकर गोल में डाल दिया।

**कोरिया की वापसी**

संगीता के गोल करने के बाद कोरिया ने तुरंत वापसी की। 33वें मिनट में किम यूजिन ने पेनल्टी कॉर्नर पर तेज लो शॉट मारा जो भारतीय रशर सुनलीता को पार करता हुआ सीधे गोल में चला गया। यहां स्कोर 2-1 हो गया था।

**39वें मिनट में भारत से लालरेम्सियामी ने गोल किया**

मैच के 39वें मिनट में भारत ने दोबारा दो गोल की बढ़त बना ली। यहां भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसमें टीम गोल नहीं कर सकी। इसके बाद ही भारत को लॉन्ग कॉर्नर मिला। उदिता ने सर्कल में शानदार पास दिया, जहां सियामी ने डिफेंडर को रोकते हुए पीछे मुड़कर शॉट लगाया। कोरियाई गोलकीपर गेंद को साफ से नहीं देख पाई और गेंद उनके नीचे से निकलकर गोल में चली गई।

**किम यूजिन ने दूसरा गोल किया**

मैच के 53वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर साउथ कोरिया की किम यूजिन ने दूसरा गोल करके रोमांच ला दिया।

## वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप : निखत जरीन 5–0 से जीतकर क्वार्टर फाइनल में

### मीनाक्षी, जदुमणि और अभिनाश भी टॉप-8 में पहुंचे



**एजेंसी**

लिवरपूल में चल रही वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में दो बार की वर्ल्ड चैंपियन निखत जरीन ने मंगलवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं के 51 किग्रा वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल में जापान की युमा निशिनाका को 5:0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। निखत के अलावा मीनाक्षी, जदुमणि और अभिनाश जामवाल भी क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। निखत का इस साल का पहला इवेंट

29 साल निखत के लिए यह इस साल का पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट है। पहले राउंड में जापानी खिलाड़ी ने कड़ा मुकाबला किया, लेकिन निखत ने अपनी लय बनाए रखी और जीत हासिल की। मैच के दौरान युमा ने निखत के रिदम को तोड़ने के लिए अत्यधिक क्लिंचिंग (गले लगाकर रुकने) की कोशिश की, जिसके कारण उन्हें दो पेनल्टी पॉइंट्स का नुकसान हुआ। निखत ने जापानी खिलाड़ी को कोई मौका नहीं दिया और सर्वसम्मति से जीत हासिल की।

निखत के अलावा अन्य भारतीय बॉक्सरों ने भी क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मीनाक्षी (48 किग्रा) ने चीन की वांग क्यूपिंग को 5-0 से हराया।



## टेक्नो पोवा स्मार्टफोन – स्लिम 5 जी की सेल शुरू

### दुनिया का सबसे अधिक स्लिम 3डी कर्व्ड स्मार्टफोन है। मात्र 19999 में



**नई दिल्ली,** लगातार विकसित हो रहे ब्रांड, टेक्नो मोबाईल इंडिया के नए स्मार्टफोन टेक्नो पोवा स्लिम 5जी की सेल शुरू हो गई है। यह दुनिया का सबसे अधिक स्लिम 3डी कर्व्ड स्मार्टफोन है। यह उन यूज़र्स के लिए बनाया गया है, जो अल्ट्रा स्लिम स्मार्टफोन में स्टाईल, स्पीड और स्मार्ट टेक्नोलॉजी पाना चाहते हैं। टेक्नो की 3बी फिलॉसफी पर आधारित यह डिवाईस भारत की नई डिजिटल पीढ़ी के लिए बनाई गई है और उन्हें लगातार कनेक्टिविटी और समावेशी एवं व्यवहारिक टेक्नोलॉजी प्रदान करती है। यह कई डिज़ाईन में उपलब्ध है, जिसकी कमी भारत के अधिकांश स्मार्टफोन में होती है। इस डिवाईस की सेल 8 सितंबर से पूरे भारत के रिटेल स्टोर्स पर शुरू हो गई है।

सबसे अच्छा डिज़ाईनः अल्ट्रा-स्लिम होने के साथ ड्यूरेबल

केवल 5.95 मिमी मोटाई का और 156 ग्राम का पोवा स्लिम 5जी दुनिया का सबसे अधिक स्लिम 3डी कर्व्ड 5जी स्मार्टफोन है। इसमें दुनिया का पहला डायनामिक मूड लाईट डिज़ाईन दिया गया है, जो कॉल्स और नोटिफिकेशन के साथ जगमगाता है। यह स्मार्टफोन आपका एक स्मार्ट साथी होगा।

इसमें 6.78 इंच का 1.5के 3डी कर्व्ड एमोलेड डिस्प्ले है, जो 144हर्ट्ज़ का रिफ्रेश रेट, 240 हर्ट्ज़ का टच सैंपलिंग रेट और 450 निट्स की पीक ब्राईटनेस प्रदान करता है, जिससे गेमिंग, स्ट्रीमिंग आदि के लिए बहुत ही स्मूथ, जीवंत और इमर्सिव विज़्युअल मिलते हैं।

यह स्मार्टफोन स्लिम फॉर्म और ड्यूरेबिलिटी के साथ कोर्निंग गोरिल्ला ग्लास 7आई, मिलिटरी ग्रेड एमआईएल-एसटीडी 810एच प्रोटेक्टशन और आईपी64 रेटिंग भी प्रदान करता है।

इसमें टेक्नो का स्मार्ट असिस्टैंट, एला एआई दिया गया है। यह स्मार्टफोन भारतीय भाषाओं को सपोर्ट करता है। इसमें एआई कॉल असिस्टैंट, एआई राईटिंग, एआई इमेज एडिटिंग, सर्किल टू सर्च, और प्राईवेसी ब्लरिंग जैसे फीचर्स हैं। इसलिए यह डिवाईस ज्यादा स्मार्ट, ज्यादा इन्ट्यूटिव, और भारतीय यूज़र्स के लिए ज्यादा पर्सनालाईज़्ड है।

## सबसे पतला आईफोन लॉन्च, कीमत 1.20 लाख :आईफोन-17

**नई दिल्ली,** एपल ने अपने सालाना इवेंट 'ऑव ड्रॉपिंग' में अपना सबसे पतला आईफोन लॉन्च किया। आईफोन एयर 5.6mm पतला है। इसकी शुरुआती कीमत 1.20 लाख रुपए है।

इवेंट में आईफोन 17, आईफोन 17 प्रो और आईफोन 17 प्रो मैक्स भी लॉन्च किया गया है। प्रो वैरिएंट में अब तक की सबसे बड़ी आईफोन बैटरी मिलेगी।

17 सीरीज की शुरुआती कीमत 82,900 रुपए है। लेकिन इस बार 128 GB के स्टोरेज ऑप्शन को हटा दिया गया है। शुरुआत 256 GB के स्टोरेज से की गई है।

इसके अलावा एयरपॉड 3 प्रो पेश किया जिसमें रियल-टाइम ट्रांसलेशन फीचर मिलेगा। ये हार्ट रेट सेंसर वाला पहला वायरलेस इयरबड भी है। इसमें दुनिया का सबसे बेहतरीन इन-ईयर एक्टिव नॉइज कैंसिलेशन मिलेगा।




इसकी कीमत 25,900 रुपए है।

एपल वॉच लाइनअप में वॉच SE 3, वॉच सीरीज 11 और वॉच अल्ट्रा 3 भी लॉन्च की गई है। इनकी शुरुआती कीमत 25,900, 46,900 और 89,900 रुपए है। अल्ट्रा 3 में ऑफ-ग्रिड कम्युनिकेशन के लिए सैटेलाइट कनेक्टिविटी है। सीरीज 11 में 24 घंटे की बैटरी लाइफ है। SE 3 में ऑलवेज-ऑन डिस्प्ले है।

सभी डिवाइस अपडेटेड OS26 के साथ आएंगे।

## फिच ने भारत का GDP ग्रोथ अनुमान बढ़ाया

### अमेरिकी टैरिफ का अर्थव्यवस्था पर मामूली असर होगा

**नई दिल्ली,** ग्लोबल रेटिंग एजेंसी फिच ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की GDP ग्रोथ अनुमान 6.5% से बढ़ाकर 6.9% कर दिया है। यह बदलाव घरेलू मांग और मजबूत आर्थिक गतिविधियों की वजह से हुआ है।

9 सितंबर को जारी रिपोर्ट में फिच ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था प्राइवेट कंजप्शन और इन्वेस्टमेंट की वजह मजबूत है। हालांकि, ग्लोबल इकॉनमी में सुस्ती और तेल कीमतों में उतार-चढ़ाव की चुनौतियां हैं, लेकिन भारत ने इनका सामना किया है।

फिच ने कहा कि मजबूत घरेलू नीतियां और निवेश की बढ़ती रफ्तार ने भारत को सही दिशा में रखा है। FY26 में औद्योगिक उत्पादन और सर्विस सेक्टर में भी सुधार की उम्मीद है।

अमेरिकी टैरिफ का भारत की अर्थव्यवस्था पर मामूली असर होगा




इससे पहले फिच ने कहा था कि अमेरिकी टैरिफ का भारत की अर्थव्यवस्था पर मामूली असर होगा। रिपोर्ट के मुताबिक इसे आखिर में कम भी किया जा सकता है। फिच ने भारत की क्रेडिट रेटिंग को BBB- पर बरकरार रखा है।

रेटिंग एजेंसी ने कहा है कि अमेरिका को होने वाले निर्यात का भारत की GDP में केवल 2% हिस्सा है, इसलिए इन टैरिफ का सीधा प्रभाव मामूली होगा। हालांकि, टैरिफ को लेकर अनिश्चितता का निवेश पर नकारात्मक असर पड़ेगा।

BBB- क्या है : सबसे निचली ₹इन्वेस्टमेंट ग्रेड₹ रेटिंग। इसका मतलब है कि कर्ज चुकाने की क्षमता ठीक है, लेकिन आर्थिक दिक्कतों में थोड़ा जोखिम हो सकता है। निवेश सुरक्षित, पर सीमित भरोसा।

## करिश्मा कपूर के बच्चों की याचिका पर सुनवाई

### संजय कपूर की संपत्ति से बेदखल किया था, आरोप- प्रिया ने नकली वसीयत बनवाई



करिश्मा कपूर के बच्चों समायरा और कियान ने मंगलवार को पिता संजय कपूर की 30 हजार करोड़ की संपत्ति में हिस्सा मांगने की याचिका दायर की थी। आज दिल्ली हाईकोर्ट में इस याचिका की सुनवाई हुई। करिश्मा के बच्चों का आरोप है कि उनकी सौतेली मां प्रिया कपूर ने नकली वसीयत तैयार की है, जिससे वह पूरी संपत्ति पर पूरा कंट्रोल पाना चाहती हैं। इस नकली वसीयत में कियान और समायरा का कहीं जिक्र नहीं है। मामले में कोर्ट ने प्रिया कपूर से पूरी संपत्ति का ब्योरा मांगा है। इसकी अगली सुनवाई 2 हफ्तों बाद होगी। समायरा और कियान की तरफ से पेश हुए सीनियर एडवोकेट महेश जेठमलानी ने कोर्ट में कहा कि संजय कपूर के निधन के बाद उनकी वसीयत कभी परिवार को नहीं दिखाई गई और यहां तक कि वसीयत के एक्जीक्यूटर ने भी माना कि उन्होंने वसीयत पढ़ने के एक दिन पहले ही इसकी जानकारी मिली थी। वसीयत को ताज होटल में जल्दबाजी में पढ़ा गया था और इससे जुड़ी कई जरूरी जानकारियां जैसे कि ट्रस्ट डीड, छिपाई गईं। यह जानकारी दिनेश अग्रवाल नाम के व्यक्ति ने दी, जो परिवार का ही कर्मचारी है। इससे शक और गहरा हो गया।जेठमलानी ने यह भी कहा कि वसीयत के सामने आने की परिस्थितियां बहुत संदिग्ध हैं, जिससे धोखाधड़ी की आशंका और बढ़ जाती है। संजय कपूर की पत्नी यानी समायरा-कियान की सौतेली मां प्रिया कपूर की तरफ से आए सीनियर एडवोकेट राजीव नायर ने अदालत को बताया कि यह मुकदमा कानूनी रूप से टिकाऊ नहीं है और इसे आगे बढ़ाने का कोई आधार नहीं है।

**2 हफ्तों बाद होगी अगली सुनवाई, सभी पक्षों को मिला नोटिस**

मामला बेहद गंभीर और बड़े वित्तीय हितों से जुड़ा होने के कारण अदालत ने सभी पक्षों को नोटिस जारी कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि इस मामले की अगली सुनवाई 2 हफ्तों बाद होगी। अगली सुनवाई में यह स्पष्ट होगा कि वसीयत असली है या फर्जी और करिश्मा कपूर के बच्चों को उनके पिता की संपत्ति में कानूनी अधिकार मिल पाएंगे या नहीं। दो हफ्तों में लिखित बयान दाखिल किए जाएं।उसके एक हफ्ते बाद रिप्लिकेशन फाइल हो।अंतरिम राहत के लिए नोटिस जारी किया गया है।दो हफ्तों में जवाब फाइल किया जाए और उसके एक हफ्ते बाद रिजॉइंडर।



## ऐश्वर्या के बाद अब अभिषेक बच्चन पहुंचे दिल्ली हाईकोर्ट

### पर्सनैलिटी राइट्स और AI जनरेटेड तस्वीरों के इस्तेमाल पर रोक लगाने की अपील की



ऐश्वर्या राय ने पर्सनैलिटी राइट्स के लिए दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। उनके बाद अब बॉलीवुड एक्टर अभिषेक बच्चन ने बुधवार को दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। उन्होंने अदालत से अनुरोध किया कि उनके पब्लिसिटी और पर्सनैलिटी राइट्स (जनता में छवि और व्यक्तित्व अधिकार) की सुरक्षा की जाए। साथ ही, वेबसाइट्स और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स को उनकी इमेज, पर्सोना और नकली वीडियो, खासतौर पर सेक्शुअल कंटेंट का उपयोग करने से रोका जाए। इस मामले की सुनवाई दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस तेजस कारिया ने की। इस मामले को आज दोपहर 2 बजकर 30 मिनट पर दोबारा सुना जाएगा। पहली सुनवाई में अभिषेक बच्चन की तरफ से पेश हुए एडवोकेट प्रवीन आनंद ने कोर्ट को बताया कि कई डिफेंडेंट्स AI (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) तकनीक का इस्तेमाल कर नकली वीडियो और तस्वीरें बना रहे हैं। इन फर्जी कंटेंट में अभिषेक बच्चन का नाम, फोटो और नकली हस्ताक्षर तक शामिल हैं। वकील ने यह भी कहा कि कुछ कंटेंट यौन रूप से आपत्तिजनक हैं, जो न केवल एक्टर की छवि को नुकसान पहुंचाते हैं बल्कि यह कानून का गंभीर उल्लंघन भी है।ऐश्वर्या राय ने मंगलवार को पर्सनैलिटी राइट्स के लिए दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। एक्ट्रेस के वकील संदीप सेठी ने उन वेबसाइटों के बारे में बताया जो खुद को ऑफिशियल प्लेटफॉर्म बताकर ऐश्वर्या के नाम और उनकी तस्वीर वाले मग, टी-शर्ट और ड्रिंक प्रोडक्ट्स सहित कई अन-ऑथोराइज्ड सामान बेच रहे हैं। लाइव लॉ के अनुसार, मामले की सुनवाई कर रहे जस्टिस तेजस करिया ने कहा कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और वे लोग, जो ऐश्वर्या की तस्वीरें बदलकर या उनकी पर्सनैलिटी बिना इजाजत इस्तेमाल कर रहे हैं।

## 'बिग बॉस' में सलमान की सुरक्षा और सख्त:भाईजान की मौजूदगी में ऑडियंस को एंट्री नहीं



बिग बॉस के मेकर्स ने एक्टर सलमान खान को मिली धमकियों के चलते सिक्योरिटी को लेकर सेट पर कई सख्त कदम उठाए गए हैं। एंडेमोल शाइन इंडिया के सीईओ और बिग बॉस के प्रोड्यूसर ऋषि नेगी ने स्क्रीन से बातचीत में बताया कि अब सेट पर लाइव ऑडियंस की एंट्री बंद कर दी गई है। उन्होंने कहा कि हमारे पास करीब 600 लोग वर्कफोर्स में हैं। यह लोग 3 शिफ्ट में 24 घंटे काम करते हैं। इनमें महिलाओं की भी अच्छी हिस्सेदारी है। कंटेंट सुरक्षा और ग्राउंड लॉजिस्टिक पर कोई समझौता नहीं किया जाता। दोनों ही हमारी पहली प्राथमिकता हैं। उन्होंने आगे कहा कि पिछले ढाई साल से हमने सलमान खान की सुरक्षा और भी मजबूत की है। अब शो में जब वह मौजूद होते हैं तो लाइव ऑडियंस की अनुमति नहीं होती। इसके अलावा जो भी लोग शो से जुड़े हैं, चाहे स्थायी हों, अस्थायी हों या वेंडर, सबके बैकग्राउंड की जांच की जाती है। ऋषि नेगी ने साफ किया कि शो की पूरी टीम के लिए सख्त प्रोटोकॉल तय हैं और हर स्तर पर सुरक्षा को सबसे ऊपर रखा गया है। बताते चलें कि सलमान खान को पिछले कुछ समय से लॉरेंस गैंग की धमकियां मिल रही हैं, यही वजह है कि वो कड़ी सिक्योरिटी में रहते हैं।

## द बंगाल फाइल्स के सपोर्ट में उतरा प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन

### PM नरेंद्र मोदी को लेटर लिखकर प.बंगाल में लगा बैन हटाने की मांग की, कहा



5 सितंबर को रिलीज हुई विवेक रंजन अग्निहोत्री की फिल्म द बंगाल फाइल्स को सेंसर बोर्ड की तरफ से मंजूरी मिलने के बावजूद पश्चिम बंगाल में रिलीज नहीं होने दिया जा रहा है। इस पर अब IMPPA (इंडियन मोशन पिक्चर्स प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन) के प्रेसिडेंट अभय सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक लेटर लिखकर इस मामले में दखल देने की अपील की है। विवेक रंजन अग्निहोत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से इसकी जानकारी देते हुए लिखा है कि इंडियन मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन (IMMPA) ने द बंगाल फाइल्स का जोरदार समर्थन करते हुए पीएमओ और नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है,ताकि पश्चिम बंगाल सरकार (ममता बनर्जी) द्वारा फिल्म पर लगाए गए अवैध और असंवैधानिक बैन के खिलाफ हस्तक्षेप किया जा सके। हम आपसे अनुरोध करते हैं कि आप हमारे सदस्य IAMBUD-DHA एंटरटेनमेंट एंड मीडिया लिमिटेड द्वारा निर्मित फिल्म "द बंगाल फाइल्स" की रिलीज में आ रही बाधाओं के संबंध में तत्काल हस्तक्षेप करें। इस फिल्म को सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन (CBFC) द्वारा सार्वजनिक प्रदर्शन हेतु विधिवत प्रमाणित किया गया है और इसलिए इसे देशभर में प्रदर्शित करने का पूरा कानूनी अधिकार है। फिर भी, यह फिल्म पश्चिम बंगाल राज्य में रिलीज नहीं हो पा रही है। आधिकारिक रूप से प्रतिबंधित न होने के बावजूद, फिल्म पर अप्रत्यक्ष प्रतिबंध लगाए गए हैं, जिसके कारण जनता को इसे देखने का उचित अवसर नहीं मिल पा रहा है।आगे लिखा गया है, प्रोड्यूसर और डिस्ट्रीब्यूटर्स को धमकी और बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है, जबकि राज्य सरकार फिल्म की स्वतंत्र और निष्पक्ष रिलीज के लिए आवश्यक सुरक्षा, कानून और उचित वातावरण सुनिश्चित करने में विफल रही है। हम आपका ध्यान इस ओर दिलाना चाहते हैं कि इस फिल्म के निर्माण में भारी निवेश किया गया है और इसकी लागत की वसूली केवल इसके सार्वजनिक प्रदर्शन के माध्यम से ही संभव है। यदि इसकी रिलीज पर प्रतिबंध लगाया जाता है, तो इससे निर्माताओं, वितरकों और पूरी फिल्म इंडस्ट्री को भारी आर्थिक नुकसान होगा।

## एक नजर

### सहकारिता सदस्यता अभियान,45 हजार नए सदस्य बनाए जाने का लक्ष्य



**सुलतानपुर।** सहकारिता विभाग का सदस्यता अभियान 12 सितंबर से 12 अक्तूबर तक चलाया जाएगा। इस दौरान अमेठी में 20 हजार और सुल्तानपुर में 25 हजार नए सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। दोनों जिलों को मिलाकर 45 हजार सदस्य बनाए जाएंगे। सहकारी बैंक में आयोजित बैठक में सहकारी समितियों के पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ सदस्यता अभियान की रूपरेखा तय की गई। सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक रामचंद्र मिश्र ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार सहकारिता को बढ़ावा दे रही है। भविष्य में सहकारिता से जुड़े सदस्यों को अनेक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। बैंक के चेयरमैन योगेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मात्र 21 रुपये में सदस्यता ली जा सकती है। उन्होंने कहा कि इस अभियान से जुड़े सदस्यों को सहकारिता क्षेत्र के सभी लाभ, बैंकों से ऋण सुविधा समेत अन्य योजनाओं का फायदा मिलेगा। महाप्रबंधक अजय कुमार ने जानकारी दी कि समितियों के माध्यम से विभिन्न सामानों की बिक्री की योजना बनाई जा रही है, जिससे समितियों को आर्थिक मजबूती मिलेगी।इस मौके पर सहायक निबंधक सहकारिता अंजनी कुमार, अमेठी के चेयरमैन व महाप्रबंधक समेत बैंक के निदेशक भी उपस्थित रहे।

### अलीगंज के लोगों की बड़ी मांग हुई पूरी, परिवहन मंत्री ने दिया भरोसा



**सुलतानपुर।** इसौली विधानसभा क्षेत्र के अलीगंज के युवा भाजपा नेता राजेश दुबे 'निर्माण' ने बुधवार को लखनऊ में उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह से शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात में अलीगंज क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग उठाई गई कि सुल्तानपुर से लखनऊ जाने वाली रोडवेज बसें अलीगंज बाजार होकर नहीं गुजरतीं, जिससे स्थानीय ग्रामीणों व बाजारवासियों को सुल्तानपुर, लखनऊ, बनारस और दिल्ली आने-जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।इस पर परिवहन मंत्री ने आश्वासन दिया कि अब सभी बसें अलीगंज बाजार होकर आएंगी और जाएंगी,जिससे यात्रियों को राहत मिलेगी। भाजपा नेता राजेश दुबे 'निर्माण' ने कहा कि उनका उद्देश्य पार्टी कार्यकर्ताओं और आम जनता की सहभागिता से क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना है। वहीं, मंत्री दया शंकर सिंह ने भरोसा दिलाया कि सरकार जनता की समस्याओं के समाधान और विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करेगी।

### शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता के खिलाफ प्राशिसं करेगा राष्ट्रव्यापी विरोध

**सुलतानपुर।** भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 1 सितंबर 2025 को दिए गए उस फैसले के खिलाफ अब शिक्षक समुदाय एकजुट होकर विरोध दर्ज कराने जा रहा है, जिसमें सभी शिक्षकों को सेवा में बने रहने और पदोन्नति के लिए टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया गया है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, सुलतानपुर के जिला उपाध्यक्ष रमेश तिवारी ने बताया कि यह निर्णय शिक्षकों के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला है। इसी कारण अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक महासंघ ने 19 सितंबर को राष्ट्रव्यापी विरोध का आह्वान किया है। इस दौरान सभी शिक्षक स्थानीय अधिकारियों के माध्यम से प्रधानमंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपेंगे। उन्होंने कहा कि यह फैसला किसी एक शिक्षक का नहीं बल्कि पूरे शिक्षक समाज का मुद्दा है, क्योंकि इससे लाखों शिक्षकों का भविष्य प्रभावित होगा। 3 से 10 अक्टूबर 2025 तक सांसदों के माध्यम से भी संसद में इस मुद्दे को उठाने के लिए ज्ञापन दिए जाएंगे। जिला उपाध्यक्ष रमेश तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर कानूनी विशेषज्ञों से परामर्श कर समीक्षा याचिका दाखिल करने और फैसले पर रोक लगाने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने सभी शिक्षकों से अपील की कि वे एकजुट होकर इस आंदोलन को सफल बनाएं, ताकि न्यायालय का यह फैसला बदला जा सके।

### जमीन पर कब्जे का विरोध करने पर महिलाओं की पिटाई, मुकदमा दर्ज

**कुड़वार-सुलतानपुर।** पुश्तैनी आबादी की जमीन पर जबरन सीमेंट का खंभा गाड़ने से मना करना एक परिवार को भारी पड़ गया। आरोप है कि विरोध करने पर लगभग दर्जन भर लोगों ने घर में घुसकर महिला समेत तीन लोगों की पिटाई कर दी। मामला थाना क्षेत्र के पूरे शीतलदास महंथ मजरे बहरमपुर गांव का है। पीड़ित उदयराज ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसकी पुश्तैनी जमीन पर बुधवार सुबह गांव के अवधेश, राजेश, दिनेश, शैलेन्द्र, विवेक, हेमराज, शुभम सहित कई लोग कब्जा करने लगे और खंभा गाड़ने की कोशिश की। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से घर में घुसकर उदयराज की पत्नी उर्मिला देवी को पीट दिया। बीच-बचाव करने पहुंचीं बगल की दो अन्य महिलाओं को भी पीटा गया। हमले में उर्मिला देवी गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गईं। उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार मिश्रा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर चार महिलाओं सहित ग्यारह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### कोर्ट ने पासपोर्ट नवीनीकरण का आदेश दिया

**सुलतानपुर।** मर्चेंट नेवी में कार्यरत मारपीट के आरोपी के पासपोर्ट नवीनीकरण के लिए न्यायिक मजिस्ट्रेट ऋतिका श्रीवास्तव ने अधिकारियों को आदेश दिया है। वकील सन्तोष पाण्डेय ने अर्जी पेश कर कहा कि मेनका गांधी बनाम भारत संघ के केस में पारित विधि व्यवस्था और अन्य न्यायिक सिद्धांतों के तहत आरोपी अंजनी उर्फ लवकुश तिवारी का पासपोर्ट नवीनीकरण होना आवश्यक है। आरोपी पर थाना करौंदीकला में साल 2022 में दर्ज मारपीट का मुकदमा विचाराधीन होने के आधार पर विभाग पासपोर्ट का नवीनीकरण नहीं कर रहा था। कोर्ट ने साक्ष्यों और तर्कों के आधार पर अर्जी सशर्त मंजूर कर ली है।

### राज्यसभा सांसद के मामले में दरोगा का बयान दर्ज

**सुलतानपुर।** बिजली व्यवस्था को लेकर रोड जाम, सरकारी काम में बाधा, पुलिसकर्मियों से अभद्रता और अन्य आरोपों में राज्यसभा सांसद संजय सिंह, पूर्व विधायक अनूप सण्डा समेत 34 के खिलाफ जारी मामले में बुधवार को अभियोजन के गवाह रिटायर्ड दारोगा स्वयंबर सिंह का बयान एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में दर्ज किया गया। बचाव पक्ष के वकील रुद्र प्रताप सिंह के मुताबिक खराब विद्युत व्यवस्था के खिलाफ दो सितंबर 2008 को शहर के ख्वाजा कांप्लेक्स के सामने हाईवे जाम कर प्रदर्शन करने के आरोप में ये मुकदमा विचाराधीन है। पुलिस ने इस मामले में पूर्व विधायक अनूप सण्डा, उनके सहयोगी और अब राज्यसभा सांसद संजय सिंह, पूर्व सपा जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव, रवींद्र तिवारी, रिजवान व सबलू समेत 34 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी।

### अंतर्जनपदीय गिरोह ने ही चोरी की थी जफरापुर से भैंस

**लंभुआ-सुलतानपुर।** शुक्रवार की देर रात पुलिस मुठभेड़ में पकड़े गए अंतर्जनपदीय गिरोह के सदस्यों ने ही जफरापुर गांव में भैंस चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। करीब एक माह पूर्व जफरापुर गांव में खराब मौसम के दौरान खेत में मवेशियों के साथ बंधी कीमती भैंस चोरी हो गई थी। पुलिस का दावा है कि गिरोह के छः सदस्यों ने इसे 42 हजार रुपये में बेंच लिया था। दरअसल, बीती सात अगस्त की रात स्थानीय कोतवाली के मकसूदन गांव के जफरापुर पुरवा में अवनीश कुमार शुक्ल की एक कीमती भैंस चोर उठा ले गए थे। घर से करीब 100 मीटर दूर मौजूद खेत मे अवनीश के परिजनों ने रोजाना की भांति 20 - 25 भैंस व पड़िया बांध रखी थी। रात में बरसात के दौरान किसी ने उनकी कीमती भैंस खोल ली और गायब कर दी। मुठभेड़ में पकड़े गए बदमाशों के खिलाफ प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार राय ने मुकदमा दर्ज कराया है। जिसमें भैंस चोरी के भी प्रकरण का राजफाश किया गया है। दावा किया गया है कि छः बदमाशों सरपतहा (जौनपुर) थाना के अतरडीहा गांव निवासी अजय नोना उर्फ सनी, जलालपुर (अम्बेडकनगर) थाना के कन्नूपुर शाहपुर फिरोजपुर निवासी मोनू, खुटहन (जौनपुर) के मकदूमपुर पटेल बाजार निवासी रवीन्द्र वर्मा, अहरौला (आजमगढ़) के माहौल निवासी सोनू व राजू तथा आसपुर देवसरा (प्रतापगढ़) के तेलियानी निवासी सन्तोष यादव इस वारदात में शामिल थे।

# बीजेपी दमखम से लड़ेगी पंचायत व शिक्षक एमएलसी चुनाव : मीना चौबे

## पीएम के जन्मदिन से गांधी जयंती तक चलेगा सेवा पखवाड़ा

**विश्ववार्ता संवाददाता**



सुलतानपुर। भारतीय जनता पार्टी ने आगामी सेवा पखवाड़ा, त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव व शिक्षक एमएलसी चुनाव को लेकर बुधवार को पार्टी कार्यालय पर कार्यशाला आयोजित की।

मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी मीना चौबे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाने के लिए पार्टी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा शुरू करेगी। इस दौरान विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम आयोजित कर जनता से जुड़ाव बढ़ाया जाएगा।उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि लोगों की सेवा कर उन्हें पार्टी की विचारधारा से जोड़ें और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करें। पंचायत व शिक्षक एमएलसी चुनाव को लेकर उन्होंने हुंकार भरते हुए कहा कि चुनाव पूरे दमखम से लड़कर जीतना होगा। कार्यकर्ता अभी से चुनावी तैयारी में जुट जाएं।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की असली पूंजी हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सुझाव अनुसार अब प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ताओं की समस्याओं का निस्तारण और विकास प्राथमिकता पर होगा।मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी ने जानकारी दी कि 11 से 13 सितंबर के बीच मंडलों में कार्यशालाएं आयोजित होंगी। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने किया।

इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा,जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह त्रिलोक चंदी,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष संतबख्श सिंह चुन्नू, पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ. एमपी सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष गिरीश नारायण सिंह, एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ. सीताशरण त्रिपाठी समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अफवाहों पर लगा विराम, भाजपा में ही रहेंगी जिपं अध्यक्ष उषा सिंह

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**सुलतानपुर।** जिले की राजनीति में बीते कुछ दिनों से चल रही अटकलों और सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही अफवाहों पर आखिरकार विराम लग गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष उषा सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर साफ शब्दों में कहा कि उनकी आस्था और निष्ठा भारतीय जनता पार्टी में थी, है और हमेशा रहेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नीतियों पर पूर्ण विश्वास जताते हुए कहा कि वह भाजपा संगठन के प्रति समर्पित होकर कार्य करती रहेंगी।जिला पंचायत अध्यक्ष उषा सिंह ने कहा कि कुछ लोग भ्रामक प्रचार कर यह संदेश फैलाने की कोशिश कर रहे थे कि वह किसी अन्य दल से जुड़ने जा रही हैं,जबकि सच्चाई इसके बिल्कुल विपरीत है। उन्होंने इन खबरों को पूरी तरह निराधार, असत्य और भ्रामक करार देते हुए स्पष्ट किया कि वह भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर ही राजनीति में सक्रिय हुई हैं और भाजपा के साथ ही आगे का सफर तय करेंगी।उन्होंने कार्यकर्ताओं और समर्थकों से अपील की कि किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और पार्टी की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करें। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ-सबका विकास की नीति पर कार्य कर रही है और वह जनसेवा के लिए सदैव प्रयासरत रहेंगी। जिला पंचायत अध्यक्ष का यह बयान सामने आने के बाद सियासी हलकों में चल रही चर्चाओं पर पूरी तरह विराम लग गया है। इससे भाजपा कार्यकर्ताओं में जहां राहत की लहर दौड़ गई है,वहीं विपक्ष की कोशिशें नाकाम होती दिख रही हैं।

## डॉ . समीर सुमन की सेवाओं से मरीजों को मिल रही राहत

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** शहर के अमहट स्थित ट्रॉमा सेंटर में प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. समीर सुमन की सेवाएं इन दिनों मरीजों के लिए बड़ी राहत साबित हो रही हैं। सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक बैठकर वे मरीजों का इलाज कर रहे हैं।

डॉ. सुमन के पास ऐसे मरीज बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं जो लंबे समय से कंधे का दर्द व जकड़न, सायटिका, कमर दर्द, गर्दन का दर्द, घुटनों की सूजन (गठिया), सर्वाइकल, पैरों में झुनझुनी, जोड़ों व नसों से जुड़ी बीमारियां, कोहनी और कलाई का दर्द व सूजन जैसी समस्याओं से परेशान हैं।

बेहतर उपचार और मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार के कारण उनका परामर्श लोगों को भरोसा और राहत दे रहा है। यही वजह है कि न केवल शहर



» सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक देते हैं परामर्श

बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में मरीज अमहट ट्रॉमा सेंटर पहुंच रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अब उन्हें छोटे-छोटे दर्द या जोड़ों की गंभीर तकलीफों के लिए बाहर भटकने की जरूरत नहीं पड़ रही, क्योंकि अमहट में ही उन्हें विशेषज्ञ परामर्श और इलाज उपलब्ध हो रहा है।

## लंभुआ के ऑटो चालक की मुंबई में हत्या

**लंभुआ-सुलतानपुर।** मुंबई के वसई क्षेत्र में एक ऑटो चालक की निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई। लंभुआ निवासी ऑटो चालक की हत्या से आक्रोश व्याप्त है। वारदात की जानकारी मिलने के बाद परिजन मुंबई पहुँच गए हैं। इलाज के दौरान हुई मौत से मुंबई में पत्नी व तीन बच्चे बेसुध हैं।

लंभुआ नगर पंचायत के रामनगर निवासी सतीश बरनवाल (48) काफी समय से मुंबई के वसई क्षेत्र में रह रहे थे। मुंबई में ही उनकी पत्नी मीना (46) व तीन बच्चे नैंसी (20), नीतेश (17) तथा आभा (10) भी साथ रहते हैं। जानकारी के मुताबिक रविवार की रात करीब साढ़े 10 बजे एक अन्य ऑटो चालक ने मामूली विवाद पर सतीश पर जानलेवा हमला कर दिया। गम्भीर रूप से जख्मी सतीश को इलाज के लिए मुंबई के अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां इलाज के दौरान सतीश की मौत हो गई।

## परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद को दी गई श्रद्धांजलि

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद के 60वें शहादत दिवस पर बुधवार को श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर उन्हें नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के पुलिस उप महानिरीक्षक मदन कुमार ने कहा कि जिस देश में वीरों और शहीदों का सम्मान आम जनता करती है, वह देश कभी गुलाम नहीं हो सकता।

उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद यदि इरादा दृढ़ हो तो किसी भी ताक़तवर दुश्मन को हराया जा सकता है।विदित हो कि 1965 के भारत-पाक युद्ध में अब्दुल हमीद ने पाकिस्तान के पैटन टैंकों को अपनी 106 मि.मी. रीकॉइललेस गन से ध्वस्त कर दिया था। 10 सितंबर 1965 को पंजाब के खेमकरण सेक्टर में लड़ते हुए वे शहीद



हो गए। उनकी वीरता के लिए उन्हें मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। श्रद्धांजलि सभा में मेधावी छात्रों, चिकित्सकों, समाजसेवियों, अधिवक्ताओं और पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पुलिस उप महानिरीक्षक मदन कुमार एवं कमांडेंट सुरेन्द्र यादव ने आयोजक मंडल के अध्यक्ष मकबूल अहमद नूरी को सम्मानित किया।

कार्यक्रम में समाजसेवी करतार केशव यादव ने जरूरतमंदों एवं तलाकशुदा, विधवा 10 महिलाओं को रोजगार हेतु सिलाई मशीनें वितरित कीं। जिले भर के बौद्धिक वर्ग के लोग बड़ी संख्या में इस कार्यक्रम में शामिल हुए।इस मौके पूर्व लोकसभा प्रत्याशी शकील अहमद,पूर्व जिलाध्यक्ष मकसूद आलम, कांग्रेस जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा,वरुण मिश्रा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## विभिन्न मुद्दों को लेकर सपा युवजन सभा का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** बढ़ती महंगाई, भ्रष्टाचार और बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ समाजवादी युवजन सभा ने बुधवार को जोरदार प्रदर्शन किया।

संगठन के जिलाध्यक्ष शिवमंगल तिवारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि डीजल, पेट्रोल और खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों से किसान, मजदूर और गरीब वर्ग त्रस्त है। स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हैं, वहीं अपराधियों पर सत्ता का संरक्षण होने से कानून व्यवस्था ध्वस्त होती जा रही है।युवजन सभा ने पाँच प्रमुख माँगें उठाईं जिसमें,किसानों को उचित दर पर खाद उपलब्ध कराई जाए और कालाबाजारी पर रोक लगे।

किसानों के लिए बिजली की समुचित व्यवस्था हो और जर्जर लाइनें दुरुस्त कराई जाएं।ग्रामीण क्षेत्रों की टूटी-फूटी



सड़कों की मरम्मत कराई जाए। पत्रकारों को स्वतंत्र रूप से कार्य करने का अधिकार मिले और उन पर दबाव न बनाया जाए। कुड़वार थाना क्षेत्र में छात्रा के साथ हुई घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

ज्ञापन सौंपने वालों में जिला महासचिव मोहम्मद आसिफ खान, जिला उपाध्यक्ष सुल्तान खान, मैसाद अहमद, अब्बास, जितेंद्र यादव, अफसर अहमद, प्रशांत मिश्रा, सुनील यादव, हनुमान यादव, अनुभव पांडेय, विवेक निषाद, अजय यादव समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## परिवार पर कहर ढा रहे भू माफिया, न्याय की गुहार

**सुलतानपुर।** कोतवाली नगर के बस स्टेशन इलाके के अनजान अग्रवाल ने जिलाधिकारी से गुहार लगाई है कि वह और उनका परिवार लगभग 70 वर्षों से अपने पैतृक मकान में निवास कर रहे हैं। लेकिन बीते कुछ समय से दबंग किस्म के लोग उन्हें बेदखल करने का प्रयास कर रहे हैं।

प्रार्थी अनजान अग्रवाल का आरोप है कि संदीप सिंह पुत्र हीरा सिंह निवासी गोलघाट लगातार उनके मकान पर कब्ज़ा जमाने की कोशिश कर रहा है। आरोप है कि उक्त व्यक्ति ने प्रार्थी परिवार को मकान खाली करने की धमकी भी दी है। अनजान अग्रवाल ने बताया कि यह मकान उनकी पुश्तैनी संपत्ति है और परिवार पिछले सात दशकों से यहीं रह रहा है। ऐसे में जबरन कब्ज़े की कोशिश न केवल अवैध है बल्कि उनके जीवन व संपत्ति के लिए गंभीर खतरा है।

## विकसित भारत@2047 पर विचार गोष्ठी, उद्यमियों व कृषकों ने दिये सुझाव

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**सुलतानपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को विकसित भारत-समर्थ उत्तर प्रदेश@2047 की अवधारणा पर आधारित विचार गोष्ठी एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में अयोध्या मंडल के आयुक्त व जनपद नोडल अधिकारी श्री राजेश कुमार, जिलाधिकारी कुमार हर्ष व मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक सहित अनेक प्रबुद्धजन, उद्यमी, व्यापारी, कृषक व स्वयं सहायता समूह प्रतिनिधि मौजूद रहे। आयुक्त ने सभी से अपील की कि वे अपने बहुमूल्य सुझाव क्यूआर कोड स्कैन कर ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज करें। गोष्ठी में उद्योग-व्यापार क्षेत्र से भूमि उपलब्धता, जीएसटी सुधार, बैंक ऋण व बिजली आपूर्ति आसान करने जैसे सुझाव आये। कृषकों ने प्राकृतिक खेती, औषधीय खेती, फूड प्रोसेसिंग व आवारा पशुओं की समस्या समाधान पर जोर दिया। स्वयं सहायता समूहों ने भुगतान प्रणाली, पैकेजिंग और विपणन सुधार की बातें रखीं। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी सुझाव ऑनलाइन दर्ज कराए जाएंगे ताकि विकसित भारत@2047 की रूपरेखा में इनका लाभ लिया जा सके।

## एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह ने डिप्टी सीएम को लिखा पत्र

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** गोरखपुर- फैजाबाद स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के एमएलसी देवेन्द्र प्रताप सिंह ने डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाए जाने की मांग किया है। जिस पर उपमुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव स्वास्थ्य को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश निर्गत किए हैं। एमएलसी के इस पहल की क्षेत्रीय लोगों ने सराहना की है।

गौरतलब हो कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान अजय प्रताप सिंह पिंटू ने एमएलसी देवेन्द्र प्रताप सिंह को अवगत कराया की लंभुआ तहसील अंतर्गत गारवपुर प्राथमिक उच्च स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति अत्यंत दयनीय है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गारवपुर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की दूरी लगभग 20 किलोमीटर होने के कारण आमजन को इलाज के लिए दर दर भटकना पड़ता है। गारवपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की

» लंभुआ के गारवपुर पीएचसी को किया सीएचसी का दर्जा देने अनुरोध

बिल्डिंग अत्यन्त जर्जर होने के कारण यहां पर कोई चिकित्सक निवास नहीं करता है।जिससे क्षेत्र के लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। गारवपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में विकसित कर दिया जाए तो आम जन को बेहतर सुविधाएं मुहैया हो सकेगी।

प्रकरण का संज्ञान लेते हुए एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह ने उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गारवपुर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाए जाने का अनुरोध किया है। जिस पर डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने प्रमुख सचिव स्वास्थ्य को कार्यवाही करने का निर्देश दिया है।

## बहलोलपुर में छात्रा की मौत मामले का राजनीतिकरण

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कुड़वार-सुलतानपुर।** बहलोलपुर गांव में दस दिन पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में हुई छात्रा की मौत मामला धीरे धीरे राजनीतिक रूप लेता जा रहा है। पीड़ित परिवार न्याय के लिए जिले से लेकर राजधानी तक का चक्कर लगा रहा है।

30 अगस्त को गांव निवासी एक छात्रा घर से साइकिल द्वारा अंकपत्र की फोटो कॉपी कराने के लिए निकली थी लेकिन घर वापस नहीं लौटी।31 अगस्त को उसका शव घर से कुछ दूरी पर आम के पेड़ में दुपट्टे के सहारे लटका मिला था। पुलिस ने परिजनों की मांग पर मामले में अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। परिजन लगातार पुलिस कार्यशैली पर यकीन न करते हुए पीएम रिपोर्ट से लेकर पुलिस कार्यवाही पर संदेह व्यक्त करते हुए न्याय के लिए जिले से लेकर राजधानी लखनऊ तक का चक्कर लगा रहे हैं।

» सपा के प्रदेश प्रवक्ता ने ट्वीट कर कार्यवाही की उठाई मांग

» पुलिस कार्यशैली से नाखुश हैं परिजन और समर्थित नेता

सोमवार को अपने कार्यकर्ताओं व परिजनों के साथ थाना कुड़वार पहुंचे राष्ट्रीय पंच पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने पुलिस पर गांव के ही लोगों को जेल भेजने का दबाव बनाने लगे। जब पुलिस ने बिना सबूत के जेल भेजने से इन्कार कर दिया तो जिला कार्यालय पहुंच कर पीड़िता को न्याय दो की नारेबाजी करते प्रभारी निरीक्षक अमित मिश्रा को निलंबित करने की मांग करते हुए सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। मंगलवार को प्रदीप गुप्ता पीड़ित परिजनों को लेकर लखनऊ पहुंच गए जहां उन्होंने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात करने का प्रयास किया लेकिन दिल्ली में होने के कारण उनसे मुलाकात नहीं हो सकी तो सपा कार्यालय पर कुड़वार पुलिस पर आरोप लगाते हुए ज्ञापन दिया कि पीड़ित की बेटी की बलात्कार के बाद हत्या की गई है। जिसमें पुलिस ने अपनी मर्जी से एफआईआर लिख लिया है और अभी तक गिरफ्तारी नहीं की है।

आरोप है फोटोकॉपी कराते जाते समय उसे अगवा करके मृतका के साथ सामूहिक बलात्कार करने के बाद उसकी हत्या कर शव पेड़ से लटका दिया गया है।जिसकी जानकारी समाजवादी पार्टी के सोशल मीडिया पेज पर मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने दी है। उसके बाद प्रदीप गुप्ता पीड़ित परिजनों को लेकर अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन के पास शिकायत लेकर पहुंचे। जहां उन्होंने जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही का आश्वाशन दिया है। बुधवार को राष्ट्रीय भारतीय अखंड पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शिवनाथ गुप्ता की अगुवाई में लोगों पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया।अध्यक्ष ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर विधानसभा पर प्रदर्शन किया जायेगा।

### पीड़ित के घर पहुंचे इसौली विधायक मो.ताहिर खां

सपा प्रदेश प्रवक्ता के ट्वीट के बाद इसौली विधायक मो .ताहिर खां पीड़ित के घर पहुंचे। उन्होंने परिवार से बात कर पुलिस अधीक्षक से फोन कर मामले में कार्यवाही की मांग करते हुए मृतका की दादी से बात करवाया। मामले में पुलिस को दस दिन बीत जाने के बाद कोई अहम सुराग नहीं लगा पा रहा है। पुलिस सीडीआर में हुई बातचीत से लेकर गांव के कुछ युवकों को बुलाकर लगातार पूछताछ कर रही है लेकिन कोई ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच पा रही है। साइकिल का भी अभी तक कोई सुराग नहीं लग सका है।

**पदयात्रा** कुशभवनपुर नामकरण, गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा सहित चार मांगों को लेकर निकली है यात्रा

# भारतीय संस्कृति पद यात्रा में गूंजी सनातन की हुंकार

» अद्वैत फाउंडेशन ट्रस्ट ने किया भव्य स्वागत

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कूरेभार-सुलतानपुर।** अखिल भारतीय परशुराम एकता समिति द्वारा बुधवार को भारतीय संस्कृति पद यात्रा निकाली गई, जो अयोध्या जनपद से प्रारंभ होकर जिला मुख्यालय कुशभवनपुर की ओर अग्रसर हुई। इस दौरान समिति ने सनातन धर्म व भारतीय संस्कृति की रक्षा हेतु चार प्रमुख माँगें रखीं। जिसमें सुलतानपुर जिले का नाम पुनः कुशभवनपुर किया जाए। गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिया जाए। देवी-देवताओं के वेश में होने वाले अशोभनीय नृत्यों पर पूर्ण प्रतिबंध लगे। सनातन बोर्ड का गठन किया जाए।

पद यात्रा के दौरान अयोध्या-सुलतानपुर बॉर्डर पर स्थित अद्वैत फाउंडेशन ट्रस्ट के तत्वाधान में संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का भव्य स्वागत किया गया। फाउंडेशन प्रमुख राम किशोर पाण्डेय एवं ट्रस्टी आनन्द सावरण ने पद यात्रा में शामिल अतिथियों का अभिनंदन किया। ट्रस्ट मैनेजर अनूप मिश्र ने माल्यार्पण कर स्वागत किया, तथा फाउंडेशन के सदस्यों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा को ऐतिहासिक बना दिया।



कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश गौतम ने कहा – "सुलतानपुर का प्राचीन नाम कुशभवनपुर हमारी पहचान है, इसे पुनः स्थापित करना समय की माँग है व प्रदेश अध्यक्ष ऋषभ देव शुक्ल ने कहा – "गौ माता केवल हमारी आस्था नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की जीवन रेखा हैं, इन्हें राष्ट्र माता का दर्जा अवश्य मिलना चाहिए तथा प्रदेश महामंत्री अनूप कुमार मिश्र ने कहा – "सनातन संस्कृति पर कुठाराघात स्वीकार नहीं होगा, अशोभनीय नृत्य पर पूर्ण प्रतिबंध लगना चाहिए साथ ही स्वागत समारोह के पश्चात पदाधिकारियों ने प्रभु श्रीराम, भगवान परशुराम एवं गौ माता के स्मृति चिन्ह पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया। जिसमे संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री नरेंद्र द्विवेदी, सौरभ मिश्र ,प्रिंस व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे साथ ही अद्वैत फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा सभी को जलपान कराया गया।

संगठन पदाधिकारियों ने अद्वैत फाउंडेशन द्वारा किए गए स्वागत की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन न केवल सनातन संस्कृति के प्रति समर्पण को दर्शाता है, बल्कि समाज को जोड़ने और आने वाली पीढ़ियों को भारतीय परंपरा से जोड़ने की प्रेरणा भी देता है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में ट्रस्ट की ओर से ज्योति शर्मा,रविन्द्र तिवारी,विवेक वर्मा, मनोज गुप्ता, अभिषेक पाण्डेय, प्रियांशु ओझा, प्रणय चंद्र शुक्ल, विनय सिंह, दीप्ती साहू, शुशील चौधरी, दुर्गेश पाण्डेय,अनिल सिंह, अमर प्रताप सिंह, हर्ष मिश्र, सिद्धार्थ, अमित, अनूप व अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## एक नजर

### मनमोहन सिंह को मरणोपरांत पुरस्कार



**नयी दिल्ली।** दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री और प्रसिद्ध अर्थशास्त्री डॉ. मनमोहन सिंह को भारत के आर्थिक परिवर्तन और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान के लिए पीवी नरसिम्हा राव मेमोरियल अवॉर्ड से मरणोपरांत सम्मानित किया गया है। हैदराबाद स्थित पीवी नरसिम्हा राव मेमोरियल फाउंडेशन (पीवीएनएमएफ) ने बताया– यह पुरस्कार उनकी ओर से उनकी पत्नी गुरशरण कौर द्वारा राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में पिछले सप्ताह प्राप्त किया गया। योजना आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष और सेंटर फॉर सोशल एंड इकोनॉमिक प्रोग्रेस के विशिष्ट फेलो मोंटेक सिंह अहलूवालिया ने इसे प्रदान किया। यह पुरस्कार पीवीएनएमएफ द्वारा अर्थशास्त्र में उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देने के लिए स्थापित किया गया है।

### राहुल के खिलाफ सावरकर की परपोती की अर्जी

**पुणे।** वीर सावरकर की परपोती सत्यकी सावरकर ने पुणे की अदालत में अर्जी देकर कहा कि राहुल गांधी खुद कोर्ट आकर बताएं कि अगस्त में दायर की गई जान के खतरे वाली अर्जी उनकी अनुमति से दी गई थी या नहीं। यह अर्जी बाद में राहुल गांधी के वकील ने वापस ले ली थी और कहा था कि वह बिना राहुल गांधी से पूछे दाखिल की गई थी। सत्यकी सावरकर का कहना है कि उस अर्जी में नाथूराम गोडसे और महात्मा गांधी की हत्या का जिक्र कर सावरकर परिवार की छवि खराब की गई। उनका कहना है कि राहुल गांधी पहले भी ऐसे बयान देते रहे हैं, इसलिए वकील पर दोष डालना सही नहीं। राहुल गांधी के वकील ने कहा कि उन्हें पहले से स्थायी छूट मिली हुई है, इसलिए कोर्ट में बुलाना जरूरी नहीं।

### दिल्ली-एनसीआर, तमिलनाडु, कर्नाटक में ईडी के छापे

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को दिल्ली–एनसीआर, तमिलनाडु और कर्नाटक में छापेमारी की। यह कार्रवाई हरियाणा की एक पावर सेक्टर कंपनी और उसके प्रमोटर्स से जुड़े 346 करोड़ रुपये के कथित बैंक फ्रॉड मामले की जांच के तहत की गई। जांच गुरुग्राम स्थित हाइथ्रो पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड और इसके निदेशकों अमूल गबरानी व अजय कुमार बिश्नोई समेत अन्य के खिलाफ चल रही है। ईडी का मामला सीबीआई की फरवरी 2025 की एफआईआर पर आधारित है। आरोप है कि कंपनी ने बैंकों से लिए गए कर्ज को अपनी जुड़ी कंपनियों में घुमा कर भारी नुकसान पहुंचाया। ईडी ने एनसीआर में पांच, चेन्नई में तीन और बेंगलुरु में एक जगह छापे मारे। कंपनी पर 2009 से 2015 के बीच फर्जी लेन–देन के ज़रिये रकम घुमाकर गबन करने और बैंकों के हितों को नुकसान पहुंचाने के आरोप हैं।

### ट्रम्प के समक्ष मोदी का समर्पण अपमान: केजरीवाल

**नयी दिल्ली।** आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ट्रंप के सामने समर्पण भारतीयों का अपमान है। उन्होंने लिखा– ट्रंप को खुश करने के लिए देशभर के कपास किसानों को दांव पर लगाया जा रहा है। केजरीवाल ने ये पोस्ट पीएम मोदी की टिप्पणियां और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा दोनों देशों के बीच व्यापार बाधाओं को कम करने का आह्वान करने के बाद की। उन्होंने लिखा– दोनों देशों के बीच किस तरह की बातचीत चल रही है? केवल एकतरफा बातें? हमारे किसानों, व्यापारियों और युवाओं के रोजगार को दांव पर रखकर, भारतीय बाजार को पूरी तरह से अमेरिकियों के लिए खोल दिया जा रहा है। अगर पूरा भारतीय बाजार अमेरिकियों के नियंत्रण में आ गया तो हमारे लोग कहां जाएंगे? उन्होंने जोड़ा– ऐसी टिप्पणियां संयुक्त राज्य अमेरिका के सामने समर्पण के बराबर हैं।

### टिहरी गढ़वाल में बस पलटी, 2 की मौत

**देहरादून।** उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल से ऋषिकेश मार्ग पर खाड़ी के पास मंगलवार सुबह करीब 10 बजे पैसेंजर बस पलट गई। हादसे में 2 लोगों की मौत हुई है और 12 यात्री घायल हैं। मृतकों में बस ड्राइवर भी शामिल है। बस गुट्टू–घनसाली से हरिद्वार जा रही थी।

### हिजबुल आतंकी अमीन बाबा के लिए छापेमारी

**श्रीनगर।** जम्मू–कश्मीर पुलिस की स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने बुधवार को पुलवामा और अनंतनाग जिलों में छापेमारी की। यह कार्रवाई हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकी अमीन बाबा के फरार होने के मामले की जांच के तहत की गई। पुलिस ने बताया कि पुलवामा के अवंतीपोरा और अनंतनाग के बिजबेहरा इलाकों में तलाशी ली गई। अमीन बाबा साल 2005 में वाघा–अटारी बॉर्डर से पाकिस्तान भाग गया था। पिछले साल दिसंबर में सरकार ने उसे अपराधी घोषित कर दिया था।

### पूर्व बीजेपी विधायक गुंडप्पा ठगी के शिकार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के औरद से पूर्व बीजेपी विधायक गुंडप्पा वकील के साथ साइबर ठगी हुई। स्कैम में फंसकर पूर्व विधायक ने 30.99 लाख गंवा दिए। पुलिस के मुताबिक, ठगों ने खुद को सीबीआई, ईडी के अधिकारी और जज बताया था। उन्होंने वकील पर जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में शामिल होने का आरोप लगाते हुए उन्हें डिजिटल अरेस्ट में रखा। ठगों ने नकली ऑनलाइन कोर्ट सुनवाई भी की। भाजपा विधायक ने पहले 10 लाख, फिर 20 लाख रुपये और ट्रांसफर कर दिए। वकील की शिकायत पर सीसीबी साइबर क्राइम पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दो महीने पहले भी रमनगर जिले में इसी तरह के डिजिटल अरेस्ट में फंसाकर एक बीईएसकॉम कांट्रैक्ट कर्मचारी ने आत्महत्या की थी।

### ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग में विधायक को किया गिरफ्तार

बेंगलुरु। प्रवर्तन निदेशालय ने अवैध कच्चा लोहा एक्सपोर्ट मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में कर्नाटक के करवार से विधायक सतीश कृष्णा सेल को गिरफ्तार किया है। उन्हें कल देर रात ईडी के बेंगलुरु जोनल कार्यालय द्वारा हिरासत में लिया गया और आज अदालत में पेश किया गया। यह गिरफ्तारी 13 और 14 अगस्त, 2025 को करवार (उत्तर कन्नड़), गोवा, मुंबई और नई दिल्ली में कई स्थानों पर पीएमएलए, 2002 के तहत की गई तलाशी बाद हुई है। जांचकर्ताओं ने पाया कि सतीश सेल ने व्यावसायिक इकाइयों और बंदरगाह अधिकारियों के साथ मिलीभगत से 86.78 करोड़ रुपए के एक्सपोर्ट को सुविधाजनक बनाया जो अंकोला वन विभाग के जब्ती आदेशों के अधीन था। तलाशी के दौरान ईडी ने सेल के आवास से 1.41 करोड़ रुपये नकद, श्री लाल महल लिमिटेड के कार्यालय से 27 लाख रुपए नकद और सेल परिवार के बैंक लॉकर से 6.75 किलोग्राम सोने के आभूषण/बुलियन जब्त किए।

# नेपाल में फंसे दिल्ली और हरियाणा के लोग

## युवती बोली– डंडे लेकर पीछे दौड़े आंदोलनकारी, होटल जलाया , बचाने की गुहार, महिला आयोग का गृहमंत्री शाह को पत्र

एजेंसी

**पंचकूला।** नेपाल में सोशल मीडिया बैन और भ्रष्टाचार के खिलाफ जारी आंदोलन में दिल्ली की उपासना गिल अपनी टीम के साथ फंस गई हैं। उपासना गिल वॉलीबॉल इवेंट होस्ट करने के लिए वहां गई थीं। उनकी टीम में हरियाणा के फरीदाबाद की लड़कियां भी शामिल हैं। मदद की गुहार लगाते हुए उपासना गिल ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर किया है।

वीडियो सामने आने के बाद हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी को पत्र लिखकर तत्काल रेस्क्यू की मांग की है। उन्होंने कहा कि पोखरा के अलावा अन्य जगहों पर कई हरियाणवी नागरिक फंसे हुए हैं, जिन्हें सुरक्षित निकाला जाना जरूरी है। जानकारी के मुताबिक नेपाल की




वॉलीबॉल लीग का सीजन-2 चल रहा था। इसकी शुरुआत 5 सितंबर को हुई थी। 13 सितंबर तक मैच होने थे। उपासना सरोवर होटल में रुकी हुई थी।

पोखरा में फंसी उपासना गिल ने वीडियो में कहा- मैं यहां एक वॉलीबॉल लीग होस्ट करने के लिए आई थी। मैं जिस होटल में रुकी हुई थी, उसे पूरी तरह से जला दिया गया। उपासना ने कहा कि घटना के वक्त मैं स्पा में थी। लोग मेरे पीछे डंडे लेकर दौड़ रहे थे। मैं किसी तरह जान बचाकर वहां से निकली हूं। आप सबसे रिक्वेस्ट है कि यहां पर जो हेल्प कर सकता है, प्लीज करें। उपासना ने कहा कि यहां पर बुरे हालात हैं। जगह-जगह पर आग लगी हुई है। लोग टूरिस्ट को भी नहीं छोड़ रहे हैं। उनको कोई फर्क नहीं पड़ता कि यहां पर कोई टूरिस्ट है। यहां पर कोई काम करने आया है। वो बिना कुछ सोचे-समझे हर जगह आग लगा रहे हैं।

उपासना ने कहा कि हमें नहीं पता हम कितनी देर तक दूसरे होटल में रहेंगे। मैं ये रिक्वेस्ट करती हूं कि प्लीज ये मैसेज इंडियन एंबेसी तक पहुंचाया जाए। आयोग ने पत्र में लिखा- एक वीडियो मिला है, जिसमें एक भारतीय महिला मदद की गुहार लगाते हुए नजर आ रही है। जो बता रही है कि वहां पर भारतीय और हरियाणवी महिलाएं काफी संख्या में फंसी हुई हैं। सभी लोग सुरक्षित निकल नहीं पा रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, नेपाल के हिंसा प्रभावित इलाकों में कानून-व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ चुकी है। वहां आवाजाही पर कड़े प्रतिबंध लगाए गए हैं और जरूरी सेवाओं तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। इन हालात के कारण फंसे हुए लोगों की जान को गंभीर खतरा है।

आयोग ने गृह मंत्रालय से आग्रह किया है कि वह विदेश मंत्रालय और काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास के साथ मिलकर काम करे। इससे फंसे हुए भारतीय नागरिकों की सही पहचान हो सकेगी और उन्हें तुरंत राहत और सुरक्षित वापसी की व्यवस्था की जा सकेगी। पत्र में कहा गया है कि बचाव अभियान के दौरान महिलाओं और कमजोर वर्गों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए। आयोग ने केंद्र सरकार से यह भी अनुरोध किया है कि इस दिशा में तुरंत ठोस कदम उठाए जाएं ताकि किसी की जान जोखिम में न रहे।

# यूपी के विकास को सकारात्मक कदम उठाये पंडित पंत ने

### योगी ने दी यूपी के पहले सीएम पंत को श्रद्धांजलि

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री और देश के गृहमंत्री रहे भारत रत्न, पंडित गोविंद वल्लभ पंत की 138वीं जयंती के अवसर पर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। गोरखनाथ मंदिर के कार्यालय परिसर में पंडित पंत के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में पंडित पंत जी ने उत्तर प्रदेश के विकास के विकास के लिए सकारात्मक कदम उठाए।

सीएम योगी ने प्रदेश सरकार और प्रदेश की 25 करोड़ जनता की तरफ से पंडित गोविंद वल्लभ पंत की जयंती पर उनकी पावन स्मृतियों को नमन किया और उन्हें भारत मां का सच्चा सपूत बताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंत जी का जन्म उत्तराखंड के



अल्मोड़ा में हुआ था। देश की आजादी के आंदोलन में उन्होंने बढ़चढ़कर भाग लिया। वह महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। भारत के स्वतंत्र होने के बाद तत्कालीन संयुक्त प्रांत और प्रथम आम चुनाव के बाद यूपी के पहले मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया।

प्रथम मुख्यमंत्री होने के नाते उत्तर प्रदेश के विकास की कार्ययोजना बनाने में पंत जी की अविस्मरणीय भूमिका रही। सैकड़ों वर्ष की गुलामी के चलते उस समय काफी चुनौतियां थीं। व्यवस्था अस्त व्यस्त थी लेकिन उसे ठीक करने और यूपी को विकास के अग्रणी पायदान पर पहुंचाने के लिए पंडित गोविंद वल्लभ पंत ने सकारात्मक कदम उठाए थे। यूपी के मुख्यमंत्री के रूप में सेवा देने के बाद पंत जी को 1954 में देश के गृहमंत्री के रूप में सेवा करने का अवसर मिला। इस पद पर रहते हुए उन्होंने राजभाषा सूत्र देने के साथ ही सरदार वल्लभ भाई पटेल द्वारा देश की एकता और अखंडता के लिए किए गए प्रयासों को आगे बढ़ाया।

### नेपाल के लोग जल्द ही सब ठीक कर लेंगे : चीन



**बीजिंग।** चीन ने बुधवार को नेपाल के सभी वर्गों से घरेलू मुद्दों को उचित तरीके से संभालने और सामाजिक व्यवस्था एवं स्थिरता बहाल करने का आग्रह किया। नेपाल में हिंसक विरोध प्रदर्शनों के कारण तख्तापलट हुआ और प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली को इस्तीफा देना पड़ा। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने यहां एक प्रेस वार्ता में नेपाल के हालात पर पहली बार टिप्पणी करते हुए कहा, ''चीन और नेपाल पारंपरिक रूप से मित्रवत पड़ोसी हैं।'' उन्होंने एक सवाल पर कहा, ₹हमें उम्मीद है कि नेपाल के सभी वर्ग घरेलू मुद्दों को उचित ढंग से संभालेंगे, सामाजिक व्यवस्था और क्षेत्रीय स्थिरता को यथाशीघ्र बहाल करेंगे।₹

हालांकि, लिन ने ओली के इस्तीफे पर कोई टिप्पणी नहीं की, जिन्हें चीन समर्थक नेता माना जाता है। ओली ने चीन के साथ नेपाल के रणनीतिक संबंधों को गहरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। ओली हाल में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन और द्वितीय विश्व युद्ध में जापान पर विजय की याद में तीन सितंबर को आयोजित सैन्य परेड में हिस्सा लेने के लिए चीन आए थे। ओली ने नेपाल में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के बाद मंगलवार को इस्तीफा दे दिया। नेपाल में चीनी नागरिकों की सुरक्षा के बारे में लिन ने कहा कि अभी तक किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।

# मोकामा–मुंगेर नेशनल हाईवे होगा फोर लेन

## भागलपुर–दुमका–रामपुर रेल प्रोजेक्ट को भी कैबिनेट की मंजूरी

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** मोदी सरकार ने बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में भागलपुर-दुमका-रामपुरहाट सिंगल रेलवे लाइन सेक्शन (177 किलोमीटर) के दोहरीकरण को मंजूरी दी है। इसकी कुल लागत 3,169 करोड़ रुपये है। इसके अलावा, बिहार के मोकामा-मुंगेर नेशनल हाईवे को चार लेन करने की परियोजना को भी मंजूरी दी गई है। तीन साल में दोनों प्रोजेक्ट्स पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। बुधवार को पीएम मोदी के नेतृत्व में हुई कैबिनेट बैठक में यह फैसला लिया गया। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 82.4 किलोमीटर लंबे मोकामा-मुंगेर खंड का निर्माण हाइब्रिड एन्युइटी मोड



(एचएएम) पर किया जाएगा। यह खंड मोकामा, बड़हिया, लखीसराय, जमालपुर, मुंगेर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रीय शहरों से होकर गुजरता है या उन्हें कनेक्टिविटी प्रदान करता है, जो भागलपुर से जुड़ता है।

कैबिनेट बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, ₹इसमें 3,169 करोड़ रुपये का निवेश होगा। यह बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल को जोड़ने वाली एक बेहद महत्वपूर्ण परियोजना भी है। अगर हम इस परियोजना को मानचित्र पर देखें, तो यह बिहार से शुरू होकर रामपुरहाट में झारखंड और पश्चिम बंगाल को जोड़ती है। अभी चलने वाली ज्यादातर ट्रेनें भागलपुर से मालदा टाउन और रामपुरहाट होते हुए हावड़ा जाती हैं।"

उन्होंने आगे बताया कि इस दोहरीकरण के बाद, कई ट्रेनें भागलपुर से दुमका और वहां से सीधे रामपुरहाट जा सकेंगी। कई पैसेंजर ट्रेनें, मेल एक्सप्रेस ट्रेनें इससे होकर गुजर सकेंगी और यह देवघर तीर्थस्थल को भी जोड़ती है।

# हरियाणा–पंजाब के युवक यूक्रेन में फंसे

## परिवार को कॉल कर कहा–जबरदस्ती आर्मी में भर्ती किया

एजेंसी

**फतेहाबाद।** हरियाणा और पंजाब के कई युवक यूक्रेन में फंस गए हैं। उन्हें जबरदस्ती यूक्रेन सेना में भर्ती कर रूस के खिलाफ युद्ध में भेजा जा रहा है। इनमें शामिल हरियाणा के फतेहाबाद जिले के 2 युवकों ने अपने परिजनों को दो वीडियो भेजे हैं, जिनमें मदद की गुहार लगाई है। वीडियो में कहा- हमारे पास 2-3 दिन ही बचे हैं। फिर हमें युद्ध में धकेल दिया जाएगा। यहां से जो भी जा रहा है, वह वापस नहीं आ रहा। पहले 13-14 साथी गए थे, वे सभी मारे गए।

फतेहाबाद के अंकित जांगड़ा व विजय पूनिया ने वीडियो में बताया कि वे



रशियन आर्मी में नौकरी के लालच में यूक्रेन में फंस गए हैं। उन्होंने सोमवार शाम को परिवार को वॉट्सऐप कॉल कर वहां से निकालने की गुहार लगाई है। परिवार का कहना है कि 15 लोगों के बैच में उनके साथ यूपी, पंजाब, जम्मू-कश्मीर के भी युवक फंसे हैं। सभी को रूस के खिलाफ युद्ध में भेजने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

मंगलवार को परिवार सीएम नायब सिंह सैनी से भी मिला। सीएम ने मामले को विदेश मंत्रालय में भिजवाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही परिवार को आश्वासन दिया कि सरकार पूरी मदद करेगी। इसके बाद बुधवार को परिवार डीसी डॉ. विवेक भारती से मिलने पहुंचा। राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा और पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल से भी मदद की गुहार लगाई है।

अंकित ने जो वीडियो भेजा है, उसमें वह आर्मी की ड्रेस में दिखाई दे रहा है। उसके साथ कई युवा हैं जो आर्मी की ड्रेस में हैं और किसी जंगल या घने पेड़ों वाली जगह पर जमीन पर ही बैठे हैं।

# नेपाल में जेन जेड ने बहुत कुछ फूंक डाला

## ऐतिहासिक सिंह दरबार, लक्जरी होटल जैसे संस्थान तक आग के हवाले किये



विश्ववार्ता ब्यूरो/एजेंसी

**नयी दिल्ली। /काठमांडू।** नेपाल में युवाओं के विरोध प्रदर्शन ने ओली सरकार को उखाड़ फेंका है। सोमवार को नौजवानों ने सत्ता की नींव को हिलाकर रख दिया और संसद भवन, सुप्रीम कोर्ट, राजनीतिक दलों के कार्यालयों, प्रधानमंत्री और मंत्रियों के आवासों तथा काठमांडू के ऐतिहासिक सिंह दरबार को आग के हवाले कर दिया। अब प्रदर्शनकारियों ने देश के सबसे आलीशान हिल्टन होटल को भी आग के हवाले कर दिया है।

बता दें कि हिल्टन होटल को केवल एक शानदार होटल के रूप में नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक प्रतीक के रूप में भी देखा जाता है। इसके चमकते अग्रभाग पर बौद्ध प्रार्थना झंडियों से प्रेरित ऊर्ध्वाधर कांच के पैनल लगे थे, जो दिन के उजाले में रंग बदलते थे और सूर्यास्त के बाद जीवंत रंगों में निखर उठते थे।

**पूर्व पीएम प्रचंड की बेटी के जले घर से भी शव बरामद**

इस इमारत की वास्तुकला अपने परिवेश के साथ पूर्ण सामंजस्य में थी। एक ओर यह काठमांडू की व्यस्त शहरी सड़कों की ओर झुकी हुई थी, तो दूसरी ओर लांगटांग पर्वत श्रृंखला की ओर खुलती थी, जिससे नेपाल की प्राकृतिक सुंदरता मेहमानों के अनुभव का अभिन्न हिस्सा बनी रहती थी। इसकी वैकल्पिक रूप से बनी बालकनियां और बहती हुई अग्रभाग रेखाएँ बाहरी हिस्से को जीवंत बनाती थीं, जिससे यह इमारत क्षितिज पर एक गतिशील उपस्थिति दर्ज कराती थी।

इस बीच सीपीएन अध्यक्ष पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' की बेटी गंगा दहल के जले हुए घर से एक शव बरामद किया गया। ललितपुर के एसएसपी श्याम कृष्ण अधिकारी ने बताया कि शव ढोलाहिटी में स्थित गंगा के आवास से मिला। फिलहाल, शव की पहचान नहीं हो पाई है। वहीं, प्रदर्शनकारियों ने मंगलवार शाम को सुप्रीम कोर्ट में आग लगा दी थी, जिसके चलते 25 हजार से ज्यादा केस फाइलें राख में बदल गईं। यहां हिंसक प्रदर्शन में अब तक 24 लोगों की मौत हुई, जबकि 400 से ज्यादा लोग घायल हैं।

आंदोलनकारियों ने कल नेपाल के 3 प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा, झालानाथ खलान और पुष्प कमल दहल प्रचंड के घर में आग लगा दी। पूर्व पीएम झालानाथ खनाल के घर में आग लगाने से उनकी पत्नी राजलक्ष्मी चित्रकार गंभीर रूप से जल गईं। उन्हें तुरंत कीर्तिपुर बर्न अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। वहीं, पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा को उनके घर में घुसकर पीटा, जबकि वित्त मंत्री विष्णु पौडेल को काठमांडू में उनके घर के पास दौड़ा-दौड़ाकर मारा। नेपाल में तीन दिन से जारी हिंसा के बीच उपद्रवियों ने अरबपति बिजनेसमैन उपेंद्र महतो का घर लूट लिया। उपेंद्र रूस में रहते हैं और रूस-नेपाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष हैं।

# बिहार में कांग्रेस ने कहा– 'सीटों का अच्छा' संतुलन होना चाहिए

विश्ववार्ता ब्यूरो

**पटना।** बिहार में 2020 के विधानसभा चुनाव में महागठबंधन के तहत 70 विधानसभा लड़कर 19 सीट जीती कांग्रेस ने 2025 के चुनाव में सहयोगी पार्टियों के बीच 'अच्छी सीटों' और 'खराब सीटों' के संतुलित बंटवारे का सवाल उठा दिया है।



» 2020 में 70 विधानसभा लड़ी, 51 हार गयी थी

तेजस्वी यादव के लिए यह मांग चुनौतीपूर्ण है, क्योंकि 2020 में मात्र 12 सीट से सरकार बनाने से चूकने के लिए राष्ट्रीय जनता दल के नेता कांग्रेस के खराब प्रदर्शन को जिम्मेदार मानते हैं। लालू यादव और तेजस्वी ने इस बार कांग्रेस पर सीट कटौती का दबाव बना रखा है।

कांग्रेस के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरु ने कहा- 'गठबंधन में नए दल शामिल होंगे तो सबको अपने हिस्से (सीट) से योगदान देना होगा, तभी नए लोगों को जगह मिलेगी। हर प्रदेश में 'अच्छी' और 'खराब' सीटें होती हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए कि किसी को सब अच्छी सीट मिले और किसी को सभी खराब सीट।' अल्लावरु ने जोर देकर कहा है कि सीट बंटवारे में 'अच्छी' और 'खराब' सीट का संतुलन होना चाहिए।

# योग्या गुरु मिले तो कोई भी मनुष्य अयोग्य नहीं हो सकता: योगी

## महंत दिग्विजयनाथ की पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बोले गोरक्षपीठाधीश्वर

विश्ववार्ता ब्यूरो

**गोरखपुर।** गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मनुष्य ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृति है। अगर कोई मनुष्य अयोग्य है तो मानकर चलिए उसे योग्य योजक नहीं मिला। योग्य गुरु मिलने पर मनुष्य अयोग्य हो ही नहीं सकता। इस परिप्रेक्ष्य में युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज और राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की सर्वस्वीकार्य प्रतिष्ठा सुयोग्य योजक की रही है।

सीएम योगी को युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ महाराज की 56वीं तथा राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ महाराज की 11वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित साप्ताहिक श्रद्धांजलि समारोह के अंतर्गत बुधवार को महंत दिग्विजयनाथ की पुण्यतिथि पर अपनी भावाभिव्यक्ति कर रहे थे। 'अमन्त्रमक्षरं नास्ति, नास्ति मूलमनौषधम्, अयोग्यः पुरुषो नास्ति योजकस्तत्र दुर्लभः' का उद्धरण देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसा कोई अक्षर नहीं है जिसमें मंत्र बनने का सामर्थ्य न हो और ऐसी कोई वनस्पति नहीं है जिसमें औषधीय गुण न हो। ऐसे ही कोई व्यक्ति अयोग्य नहीं होता, जरूरत होती है व्यक्ति की योग्यता को पहचान कर उसे सही दिशा देने वाले गुरु की। गोरक्षपीठ के ब्रह्मलीन महंतद्वय ने सदैव योजक की भूमिका का निर्वहन कर समाज और राष्ट्र को दिशा दिखाई। पूर्ववर्ती दोनों पीठाधीश्वरों युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी



गोरखनाथ मंदिर ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ महाराज की 56वीं एवं राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ महाराज की 11वीं साप्ताहिक पुण्यतिथि समारोह पर आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान–यज्ञ कार्यक्रम में उपस्थित सीएम योगी आदित्यनाथ।

### ....तो राम मंदिर बनवा ही नहीं पाते

श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए वशिष्ठ आश्रम, अयोध्याधाम से आए पूर्व सांसद डॉ. रामविलास वेदांती ने कहा कि गोरक्षपीठ के महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज महंत अवेद्यनाथ जी महाराज न होते तो अयोध्या में राम मंदिर बनता ही नहीं। उन्होंने कहा कि राम मंदिर आंदोलन की अगुवाई करने के लिए जब अयोध्या का कोई संत तैयार नहीं हुआ तो महंत अवेद्यनाथ आगे आए। उन्होंने कहा था कि मुझे गोरक्षपीठ नहीं बल्कि श्रीराम जन्मभूमि की चिंता है। उनके नेतृत्व में श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति यज्ञ समिति ने जो आंदोलन शुर किया, उसी का परिणाम है कि मंदिर बन गया है। डॉ. वेदांती ने ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ और अवेद्यनाथ को सम सामयिक समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहने वाला महापुरुष बताया।

महाराज और राष्ट्र संत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ हाराज का पूरा जीवन देश और धर्म के लिए समर्पित था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि साधु अकेला होता है। समाज उसका परिवार, राष्ट्र उसका कुटुंब होता है और उसकी जाति सिर्फ सनातन होती है। उन्होंने कहा कि संतों के संकल्प में पवित्रता, दृढ़ता होती है, संकल्प में उसकी साधना के अंश होते हैं।

**जयेश मीडिया प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड** के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **रोहित बाजपेयी** द्वारा दि इंडियन एक्सप्रेस लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित और 33 कैंट रोड निकट ओडियन सिनेमा लखनऊ से प्रकाशित।
संपादक- **मनोरंजन सिंह***, **उत्तराखंड कार्यालय-** जे.एन. प्लाजा कॉम्पलेक्स, तृतीय तल, जिला जज न्यायालय के सामने, हरिद्वार रोड, देहरादून
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए उत्तरदायी। समस्त विवादों का निस्तारण लखनऊ न्यायालय में मान्य होगा।
RNI No. UPHIN/2008/28657 Phone No.: (BSNL) 0522-2619671, 2619672 Phone No.: (AIRTEL) 0522-4323301, 4323302, 4323303 E-Mail: vishwavarta.response@gmail.com, dailyvishwavarta@yahoo.com dailyvishwavarta@rediffmail.com